जबलपुर, गुरुवार 11 जून 2026 ■ ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष : 21, अंक : 42 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम अधि. 35 न्यून. 25
haribhoomi.com

ताली बजाकर पीएम का स्वागत करते मंत्री

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूजा करते हुए

एनडीए की इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मशहूर झालमुड़ी का स्टॉल भी नजर आया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी भारत मंडपम पहुंचे और पीएम को शुभकामनाएं प्रेषित कीं

पीएम मोदी @ 4399 डेज...पं. नेहरु का रिकॉर्ड तोड़ा

एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का नेताओं ने खड़े होकर किया 'अभिवादन'

इस तुलना के लिए नेहरु के 1952 के बाद के कार्यकाल को आधार माना गया है, क्योंकि देश में पहले आम चुनाव होने से पहले, 1947 से 1952 के बीच वे अंतरिम सरकार के प्रमुख थे। 2014 में पीएम मोदी ने अपने पहले शपथ ग्रहण समारोह से लेकर 2019 में लगातार दूसरी बार और 2024 में ऐतिहासिक रूप से लगातार तीसरी बार जनादेश हासिल करने तक सेवा की है

झालमुड़ी का स्वाद लेते पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस उपलब्धि को लेकर केंद्रीय कैबिनेट में सराहना प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधानमंत्री के नाम के साथ बुधवार को एक और कीर्तिमान जुड़ गया। पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्र में 12 साल पूरे होने के साथ ही भारत के सबसे लंबे वक्त तक लगातार 4399 दिनों तक चुने हुए सरकार के प्रमुख के तौर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

एनडीए सरकार के 12 साल पर भाजपा का मंथन

वहीं, इससे पहले केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भारत मंडपम में एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर पार्टी द्वारा आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

पीएम मोदी ने एनडीए कॉन्क्लेव को किया संबोधित

बोले- 12 सालों में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे इतने लंबे समय तक सेवा करने का सौभाग्य मिला। निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर सबसे लंबी अवधि तक सेवा करने का अवसर, इसे मैं अपना परम सौभाग्य मानता हूं। आपने इस अवसर पर मुझे सम्मानित किया, इतना मान दिया, इसके लिए मैं आप सभी का बहुत-बहुत आभारी हूं। मोदी ने कहा कि एनडीए के 12 वर्षों की एक बड़ी सफलता ये भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है।

पीएम के राष्ट्र सेवा के 12 वर्ष पूर्ण

सीएम ने गुफा मंदिर में पूजा की, सुखी जीवन की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीएम को हनुमान चालीसा और प्रार्थना कार्यक्रम में शामिल होकर दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की आजादी के बाद निर्वाचित रूप से सबसे अधिक अवधि तक देशसेवा करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वे दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता व सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक हैं।

खबर संक्षेप

श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में गबन, मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान राशि में कथित हेराफेरी और चोरी के आरोपों का

मामला अब प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह की शिकायत के बाद राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और पीएम के पूर्व प्रमुख सचिव नृपेंद्र मिश्र अचानक अयोध्या पहुंचे। उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक की।

ग्वालियर हाई कोर्ट: बेटियों की पढ़ाई नहीं रोक सकते पिता

ग्वालियर। हाई कोर्ट की ग्वालियर बेंच ने बेटियों की उच्च शिक्षा को लेकर अहम फैसला

सुनाया है। कोर्ट ने एक पिता को अपनी बेटियों की पढ़ाई के लिए 46.26 लाख रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है। महिला सशक्तिकरण केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि व्यवहार में भी दिखाई देना चाहिए।

शिक्षा मंत्री को हटाने की मांग आंदोलन की दी चेतावनी

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की

मांग को लेकर अपना आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। सीजेपी ने सरकार को 20 जून से दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। अब आंदोलन को देश के कई बड़े शहरों तक ले जाया जाएगा।

भोपाल से लेकर दिल्ली तक महा-संग्राम

कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द मामला

चुनाव आयोग में भी 'योग' नहीं! अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

भोपाल में राज्यसभा के रिटर्निंग ऑफिसर ने उम्मीदवारों की स्क्रूटनी के बाद फाइनल लिस्ट जारी कर दी है। इनमें भाजपा प्रत्याशी तरुण चुग, महेश केवट और रजनीश अग्रवाल के नाम शामिल

राज्यसभा की तीन सीटों के लिए 18 जून को मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ भोपाल

मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। कांग्रेस ने इस फैसले को संविधान और लोकतंत्र विरोधी बताते हुए केंद्रीय निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया है। चुनाव आयोग ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कानूनी सलाह लेनी शुरू कर दी है और इस पर जल्द ही कोई बड़ा फैसला आ सकता है।

बुधवार को कांग्रेस के एक हाई-प्रोफाइल प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और अन्य आयुक्तों से मुलाकात कर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। इस डेलिगेशन में खुद मीनाक्षी नटराजन के साथ संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, भूपेश बघेल, रणदीप सुरजेवाला, दीपा दासमुंशी और वरिष्ठ वकील व नेता विवेक तन्खा और अभिषेक मनु सिंघवी शामिल थे। मुलाकात के बाद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उन्होंने आयोग के सामने सारे तथ्य और आंकड़े मजबूती से रख दिए हैं। वहीं, भोपाल में राज्यसभा के रिटर्निंग ऑफिसर ने मध्य प्रदेश के राज्यसभा उम्मीदवारों की स्क्रूटनी के बाद फाइनल लिस्ट जारी कर दी है। इनमें भाजपा प्रत्याशी तरुण चुग, महेश केवट और रजनीश अग्रवाल के नाम शामिल हैं।

अभिषेक मनुसिंघवी व विवेक तन्खा ने रखी दलीलें

बाएं से मीनाक्षी नटराजन, तन्खा, वेणुगोपाल और सिंघवी

ये टू प्लस टू को 5 नहीं, टू प्लस टू को 7 करने का केस

कांग्रेस के वरिष्ठ अधिवक्ता और नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने निर्वाचन अधिकारी (आरओ) के फैसले पर तीखे सवाल उठाए। सिंघवी ने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर का यह फैसला कानूनी रूप से पूरी तरह गलत और विकृत है। मीनाक्षी के खिलाफ ऐसा कोई आपराधिक मामला नहीं है जिसे छिपाया गया हो।

अब कांग्रेस के पास क्या विकल्प?

कांग्रेस को चुनाव आयोग से राहत नहीं मिलती है तो कांग्रेस कोर्ट का रुख करेगी। मप्र हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर ली गई है। राज्यसभा सांसद और वकील विवेक तन्खा और उनकी टीम, मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन खारिज किए जाने के मामले में हाईकोर्ट का रुख करने की तैयारी कर रही है।

झारखंड में राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी का पर्चा वैध

रांची। इधर, झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र पर कांग्रेस की आपत्तियों को खारिज करते हुए रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने उसे वैध घोषित कर दिया है। इस फैसले के बाद कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए तीखी नाराजगी जताई है। कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के प्रस्तावक और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। कांग्रेस का आरोप था कि नाथवानी के दस्तावेजों में नाम के क्रम में गड़बड़ी है और हलफनामे के कुछ कॉलम खाली छोड़े गए हैं। विवाद बढ़ने पर निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से मार्गदर्शन लिया और लंबी सुनवाई के बाद नाथवानी का पर्चा सही पाया। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद विशेष विमान से रांची पहुंचे।

राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता

निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के दरवाजे पर संघ की गणवेश टांगी युकां कार्यकर्ताओं ने

इधर, भोपाल में कांग्रेस ने किया 'सामूहिक उपवास'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस ने किया हर स्तर पर लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ने का ऐलान

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के बाद कांग्रेस ने विरोध की लड़ाई सड़क से लेकर अदालत तक ले जाने का ऐलान कर दिया है। बुधवार को राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 3 घंटे का सामूहिक उपवास किया। धरना-उपवास में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, अरुण यादव, आरिफ मसूद, आतिफ अकील समेत बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

50 साल की राजनीति में ऐसा नहीं देखा: दिग्विजय

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि लालच, तोड़-फोड़ के सभी प्रयास जब विफल हो गए तो भाजपा ने आखिरी दांव एक दस्तावेज के आधार पर खेला। मंगलवार को लोकतंत्र की हत्या हुई। 50 साल सक्रिय राजनीति में हो गए मगर ऐसा नहीं देखा।

सभी विधायक राष्ट्रपति भवन तक मार्च करेंगे

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोषित किया कि वरिष्ठ नेताओं को एक-एक जिले में भेजा जाएगा। गुरुवार को सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर धरना होगा। आठ दिन के भीतर कलेक्टर या भाजपा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री निवास या मुख्य निर्वाचन कार्यालय का घेराव किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से समय मांगा है।

संयुक्त संचालक के यहां छापा

कंडवाल के ठिकानों से मिली 9.5 करोड़ की बेनामी संपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

अफसर के सुपर मार्केट और दो मंजिला जिम

लोकायुक्त पुलिस ने महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक लक्ष्मीनारायण कंडवाल के ठिकानों पर तड़के छापा मारकर काली कमाई का बड़ा खुलासा किया है। अधिकारी के पास उनके 30 साल के सेवाकाल के कुल वेतन की तुलना में 241 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली है। कंडवाल को अब तक वेतन से करीब ढाई करोड़ रुपए की आय हुई थी, जबकि छापे में साढ़े नौ करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति का पता चला है।

पंचायत सचिवों के लिए नई गाइडलाइन

गृहग्राम या अपनी ससुराल की पंचायत में नहीं रह सकेंगे सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रिश्तेदार के सरपंच बनते ही होगा तबादला

मप्र में तबादला सीजन के बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत सचिवों के स्थानांतरण को लेकर नई और सख्त गाइडलाइन जारी कर दी है। नई नीति के तहत अब प्रदेश का कोई भी पंचायत सचिव अपने गृहग्राम या ससुराल की पंचायत में पदस्थ नहीं रह सकेगा। इसके साथ ही, यदि किसी पंचायत में सचिव का कोई रिश्तेदार सरपंच या उपसरपंच चुना जाता है, तो वहां से भी सचिव का तबादला तुरंत प्रभाव से किया जाएगा।

मंत्री राकेश सिंह ने उज्जैन में हो रहे कामकाज में देरी के लिए माना था जिम्मेदार

मंत्री की नाराजगी ईएनसी राणा को पड़ी भारी पीडब्ल्यूडी से हटाकर एमपीआरडीसी में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जबलपुर के प्रभारी सीई आरएल वर्मा नए ईएनसी बने

पीडब्ल्यूडी में विभागीय मंत्री की नाराजगी प्रभारी प्रमुख अभियंता (ईएनसी) केपीएस राणा को भारी पड़ गई। उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाकर एमपीआरडीसी में

केपीएस राणा

प्रमुख अभियंता के पद पर पदस्थ किया गया है। उनकी जगह पर जबलपुर के प्रभारी प्रमुख अभियंता आरएल वर्मा को नया ईएनसी बनाया गया है। अभी एक दिन पहले ही सिंहस्थ को लेकर मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय मंत्री राकेश सिंह ने उज्जैन में हो रहे कामकाज में देरी के लिए प्रमुख अभियंता को जिम्मेदार बताया था। राणा लगभग एक साल तक इस पद पर पदस्थ रहे। राज्य सरकार ने मंगलवार को देर रात आदेश जारी कर पीडब्ल्यूडी के प्रभारी प्रमुख अभियंता (ईएनसी) केपीएस राणा का तबादला मप्र सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) में प्रमुख अभियंता के पद पर कर दिया। कुछ समय से विभागीय मंत्री व ईएनसी के बीच पटरी नहीं बैठ रही थी।

6 जिलों में पारा 43 से 44 डिग्री के बीच

आंधी-बारिश के बीच दो जिलों में लू भोपाल सहित प्रदेश में गर्मी-उमस बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में लगातार तीसरे दिन बुधवार को दिन के तापमान में बढ़त के साथ गर्मी और उमस का असर बढ़ गया। खजुराहो और नौगांव में पारा 45 डिग्री तक रहने से दोनों जिलों में लू का असर रहा, जबकि छह जिलों में 43 से 44 डिग्री तक गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। प्रदेश में औसत पारा 41 डिग्री के करीब रहा। भोपाल में दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 29 मई के बाद सबसे अधिक पारा 40.4 डिग्री दर्ज हुआ है।

- एक दर्जन जिले 42 से 43 डिग्री तक तपे, दो दिन बाद राहत
- सुबह से शाम तक 21 शहरों में प्री-मानसून बारिश, ओले गिरे।

राजधानी की करोंद मंडी, दोपहर 1:30 बजे का दृश्य, तेज गर्मी से चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए लोग।

पांच जिले सबसे गर्म

बुधवार को गर्मी और उमस बढ़ गई। 5 जिलों में पारा 43 से 44 डिग्री के बीच रहा। इनमें दतिया, ग्वालियर, दमोह, सतना और टीकमगढ़ जिले शामिल हैं। यहां भीषण गर्मी और उमस रही। सबसे गर्म रहे खजुराहो में 45 और नौगांव में 44.6 डिग्री दर्ज हुआ। उमरिया, सागर, रीवा, गुना, रायसेन, राजगढ़ आदि जिलों में पारा 42 से 43 डिग्री तक रहने से तेज गर्मी का अहसास रहा।

रिलायंस और मेटा का इस दिशा में एक बड़ा कदम

भारत अब ग्लोबल एआई क्रांति में सबसे आगे रहने को तैयार

गुजरात में बनेगा एआई डेटा सेंटर, अगले दो वर्षों में बनकर तैयार होने की उम्मीद

- यह डेटा सेंटर 168 मेगावाट की क्षमता वाला होगा
- यह भारत में मेटा का पहला बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर होगा
- मशीनों को ठंडा करने समुद्र के खारे पानी को साफ करके इस्तेमाल किया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) और फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने एक बड़ी साझेदारी का ऐलान किया है। दोनों कंपनियां मिलकर गुजरात के जामनगर में एक अत्याधुनिक एआई तकनीक से लैस डेटा सेंटर बनाने जा रही हैं। यह प्रोजेक्ट तकनीक के क्षेत्र में भारत के लिए एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। यह डेटा सेंटर 168 मेगावाट की क्षमता वाला होगा और इसके अगले दो वर्षों में बनकर तैयार होने की उम्मीद है।

एआई इमेज

जुकरबर्ग और अंबानी ने कहा- यह पहल नई क्रांति की शुरुआत

मेटा के फाउंडर और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि यह पहलभारत की अर्थव्यवस्था में हमारे लंबे निवेश को और मजबूत करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत अब ग्लोबल एआई क्रांति में सबसे आगे रहने के लिए तैयार है।

जामनगर में ही क्यों बन रहा है यह डेटा सेंटर?

गुजरात का जामनगर रिलायंस के लिए एक रणनीतिक जगह है, यही वजह है कि वह दुनिया के सबसे बड़े डेटा सेंटर कैंपस में से एक विकसित कर रहा है।

एआई जैसी एडवांस तकनीक को चलाने के लिए बहुत ज्यादा बिजली की जरूरत होती है और जामनगर में इसके पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं।

छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते
12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के
स्वास्थ्य को सुरक्षा कवच
2.46 करोड़+ हितग्राहियों को मिली स्वास्थ्य सुरक्षा
Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission
पेयजल हर आंगन
41 लाख+ परिवारों को मिला नल कनेक्शन
उज्ज्वला
धुआं छंटा, मुस्कान खिली
38 लाख+ महिलाओं को मिला गैस कनेक्शन
नक्सलमुक्त भारत, नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़
बस्तर से सशस्त्र माओवाद का अंत
प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awas Yojana-Gramin
छप्पर की जगह पक्की छत
26 लाख+ परिवारों के पक्के आवासों की स्वीकृति
महतारी वंदन
शक्ति का सम्मान
68 लाख+ महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत सालाना ₹12 हजार की आर्थिक सहायता
सम्मान की सौगात
24 लाख+ किसानों को सालाना ₹6,000 की आर्थिक सहायता
वित्तीय समावेशन
1.87 करोड़+ हितग्राहियों के जन धन खाते खुले
मोदी की गारंटी से आगे बढ़ता छत्तीसगढ़
श्री विष्णु देव साय, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

जबलपुर
गुरुवार 11 जून 2026

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

4 विकसित भारत की यात्रा का स्वर्णिम काल

जबलपुर मैट्रो
8 आंधी में टूटा तार बना मासूम की ...

इटली की पीएम मेलोनी ने रोम में हुई मुलाकात को याद करते हुए पीएम मोदी को दी बधाई, दुनिया के दिग्गजों ने बताया परिवर्तनकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़कर भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री का दर्जा हासिल किया है। इस मौके पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने बुधवार को पीएम मोदी को बधाई दी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम पद पर लगातार 4,399 दिन पूरे कर लिए हैं और इस तरह चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर नेहरू के कार्यकाल का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। 2014 में पहली बार पद संभालने के बाद से वे लगातार सेवा कर रहे हैं। इटली की नेता ने प्रधानमंत्री मोदी की हालिया इटली यात्रा को भी याद किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बातचीत की थी और सहयोग के लिए एक नया फ्रेमवर्क शुरू किया था। मेलोनी ने लिखा, नरेंद्र मोदी को बधाई, जो आज भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्होंने आगे कहा, हाल के हफ्तों में रोम में फिर से मिलना और मिलकर एक 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' (विशेष रणनीतिक साझेदारी) शुरू करना खुशी की बात रही है। यह साझेदारी भविष्य की ओर देखते हुए हमारे देशों और हमारे लोगों के लिए नए अवसर पैदा करने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छे संबंध रखने वाली मेलोनी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उन्हें बधाई दी। दोनों नेताओं ने अक्सर सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींचा है।

खबर संक्षेप

कनाडा में लॉरेंस के मेन हैंडलर की हत्या

टोरंटो। कनाडा के सरे शहर में पिछले महीने दिनदहाड़े एक ऑफिस में घुसकर जिस शख्स की हत्या हुई थी, उसके तार कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ते नजर आ रहे हैं। अब कनाडा पुलिस ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि मारा गया व्यक्ति कोई आम आदमी नहीं था, बल्कि लॉरेंस गैंग का गुरविक्रमजीत सिंह था जो अहम सहयोगी और मेन हैंडलर था। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस के विरोधी गैंग के रोहित गोदारा ने ली थी। यह घटना 4 मई 2026 की है।

महाराष्ट्र से गुजरात तक धमकी ही धमकी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र और गुजरात में बुधवार को कई जगहों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। इन जगहों में आरएसएस मुख्यालय, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग, मुख्यमंत्री कार्यालय,बॉम्बे हाईकोर्ट बिल्डिंग और मुंबई-पुणे के मेयर ऑफिस,अहमदाबाद नगर निगम मुख्यालय शामिल हैं।

अमरनाथ यात्रियों को राहत मिलेगी वन-स्टॉप सुविधा

जम्मू। अमरनाथ यात्रा के लिए तवी रिवर फ्रंट पर नया यात्री पंजीकरण केंद्र बनाया जा रहा है, जहां ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और आरएफआईडी पहचान सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद श्रद्धालु भगवती नगर यात्री निवास से अपने जत्थों के साथ यात्रा के लिए रवाना होंगे। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से तैयारियों को लेकर नई व्यवस्था लागू हो गई है।

मिडिल ईस्ट में फिर बढ़ा तनाव-अमेरिका और ईरान में गर्मी बढ़ी

ट्रंप ने कहा- रियायत नहीं कीमत चुकानी होगी ईरान बोला-सलामती चाहते हो तो गलती न करना

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को अंजाम भुगतने की धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि ईरान ने शांति समझौता करने में बहुत वक्त लगा दिया है और अब उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ट्रंप ने यह भी दावा किया है कि ईरान की सेना, नौसेना और वायु सेना खत्म हो चुकी है और उनका कोई अस्तित्व नहीं बचा है। वहीं ईरान ने साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका अपनी सलामती चाहता है तो गलती न करे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान समझौते पर बातचीत करने में काफी समय लगा रहा है और अब उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर यह टिप्पणी की।

फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि तेहरान के लिए इसका असल में क्या मतलब होगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान की सेना, नौसेना और वायुसेना पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट का दादागिरी करने वाला अब खत्म हो चुका है।

आए दिन धमाके हो रहे हैं

ईरान ने तीन देशों को बनाया निशाना ?

ईरानी हमलों का दायरा जॉर्डन के अलावा कुवैत और बहरीन तक फैला है। ईरान के सरकारी प्रसारक इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) ने बताया कि बहरीन स्थित अमेरिका के पांचवें बेड़े को भी निशाना बनाया गया है। बहरीन के गृह मंत्रालय ने एक्स के जरिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने जॉर्डन में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे सहित खाड़ी क्षेत्र के 22 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। ईरान का कहना है कि यह कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास अमेरिकी सैन्य हमलों के जवाब में की गई है।

ईरान ने दी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को आखिरी चेतावनी कहा-सलामती चाहते हो तो...

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि उसे अपनी सुरक्षा के लिए फारस की खाड़ी क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की सेना किसी भी हमले या खतरे का जवाब देगी और साथ ही यह भी कहा कि फारस की खाड़ी में घुसपैठ करने वाले बाहरी लोगों को इतिहास में गंभीर परिणाम भुगतने पड़े हैं। अराघची ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि युद्ध के मैदान में हार के बावजूद अमेरिका ने हमारे संकल्प की परीक्षा लेने का फैसला किया। हमारी शक्तिशाली सेना किसी भी हमले या धमकी का मुंहतोड़ जवाब देगी. अगर आप सुरक्षित रहना चाहते हैं तो हमारे क्षेत्र से चले जाएं। ईरान का ये बयान तब आया है।

अमेरिका ने चतुराई से नाकाम की कोशिश

वैश्विक मंच पर चीन-पाकिस्तान की किरकिरी, पलट दिया पासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र संघ के गलियारों से एक ऐसी खबर आई है जिसने आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक कूटनीति के दोहरे मानदंडों को एक बार फिर उजागर कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान और चीन की एक साझा और बेहद महत्वाकांक्षी कोशिश को अमेरिका ने पूरी तरह नाकाम कर दिया।

दोनों देशों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसके आत्मघाती विंग मजीद ब्रिगेड को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर अमेरिका ने फ्रांस और ब्रिटेन के साथ मिलकर वीटो लगा दिया। पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर पिछले साल सितंबर में सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति के तहत इन संगठनों की ब्लैकलिस्टिंग की मांग की थी।

बड़ी कूटनीतिक जीत हुई

दिलचस्प बात यह है कि खुद अमेरिका ने 2019 में ही बीएलए और बाद में मजीद ब्रिगेड को अपनी घरेलू फारेन टेररिस्ट आर्गेनाइजेशन सूची में शामिल किया था। हाल के वर्षों में कराची एयरपोर्ट, ग्वादर पोर्ट और जाफर एक्सप्रेस ट्रेन हाइजैकिंग जैसे बड़े हमलों में इस संगठन का हाथ रहा है। इसके बावजूद, वैश्विक मंच पर चीन और पाकिस्तान के इस साझा प्रस्ताव को अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों द्वारा रोका जाना एक बड़ा कूटनीतिक संदेश है।

दीर्घकालीन निर्माण का अनुबंध किया

कानपुर में बनेंगे घातक स्वदेशी ड्रोन, राजस्थान में हुआ परीक्षण

एजेंसी ▶▶ कानपुर

भविष्य के युद्धों में ड्रोन और स्वार्म टेक्नोलाजी की बढ़ती जरूरत के बीच कानपुर की ड्रोन कंपोनेंट निर्माण कंपनी बड़ी भूमिका निभाने जा रही है।

स्वदेशी घातक ड्रोन दिव्यास्त्र एमके-1 और एमके-2 के एयरफ्रेम यानी मुख्य ढांचे का निर्माण की जिम्मेदारी शहर की डेटम एडवांस्ड कंपोजिट्स प्रा. लिमिटेड को मिली है। दिव्यास्त्र का निर्माण करने वाली लखनऊ डिफेंस कॉरिडोर की कंपनी कावा यूएवी प्रा. लि. (ब्रांड

नाम होवरइट) ने डेटम एडवांस्ड के साथ दीर्घकालीन निर्माण का अनुबंध किया है जिसके तहत हर साल कम से कम 200 एयरफ्रेम का निर्माण किया जाएगा। डेटम एडवांस्ड कंपोजिटस पिछले पांच वर्ष से ड्रोन कंपोनेंट का निर्माण कर रही है।

मृतकों में 11 बच्चे भी शामिल

अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी मिसाइल हमले में 13 की मौत

एजेंसी ▶▶ काबुल

पाकिस्तान ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए। अफगान तालिबान सरकार के मुताबिक इन हमलों में 13 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग शामिल हैं।

इसके अलावा 14 महिलाएं घायल हुई हैं। तालिबान ने दावा किया है कि हमलों में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त तथा पक्तिका प्रांतों में आम लोगों के घरों पर बमबारी की। उन्होंने सोशल मीडिया पर घायलों की तस्वीरें भी साझा कीं और इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की।

किसी की पसंद किसी की नापसंद बना भारत का आम

यूएस-यूके समेत कई देशों को पसंद आया भारतीय आम,जापान-नेपाल को नहीं भाया

50 से अधिक देशों में भारतीय आम की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान के बाद अब पड़ोसी देश नेपाल ने भी भारत से आने वाले आम और कई अन्य फलों के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल की बालेन शाह सरकार ने यह कड़ा कदम तब उठाया, जब

सीमा पर तैनात संगरोध (क्वारंटाइन) निरीक्षकों ने भारतीय फलों की खेप में खतरनाक रासायनिक कीटनाशकों की मात्रा तय सीमा से काफी अधिक पाई। नेपाल के कृषि और पशुधन विकास मंत्रालय द्वारा लगाया गया यह प्रतिबंध कथित तौर पर अप्रैल-मई से ही लागू है।

आम निर्यातको की बढ़ रही चिंता

माना जा रहा है कि इस फैसले से गर्मियों के इस मुख्य सीजन में भारत के आम निर्यात को बड़ा झटका लगेगा। इससे भारत की प्रीमियम और लोकप्रिय किस्में जैसे अल्फांसो, दशहरी, चौसा, केसर, लंगड़ा और बंगनपल्ली सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी। पिछले माह जापान ने भी भारतीय आम पर रोक लगा दी है। बता दें कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा आम उत्पादक देश है।

अतिरिक्त सैनिक ले जा रहा था हेलिकॉप्टर

पीओके में पाकिस्तानी सेना का एमआई-17 हेलिकॉप्टर क्रैश सभी 21 लोगों की हुई मौत

प्रदर्शनकारियों द्वारा मार गिराने का किया दावा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में भारी तनाव और विरोध प्रदर्शनों के बीच पाकिस्तानी सेना का एक एमआई-17 हेलिकॉप्टर मुजफ्फराबाद के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस दर्दनाक हादसे में हेलिकॉप्टर पर सवार सभी 21 लोगों की मौत हो गई है। मरने

वालों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के जवान और अधिकारी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज़ पब्लिक रिलेशंस के मुताबिक, हेलीकॉप्टर उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी का शिकार हुआ। पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग (इमरजेंसी लैंडिंग) की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहा और हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया।

हादसे के कारणों की पुष्टि नहीं हुई

सोशल मीडिया पर यह गंभीर दावा किया जा रहा है कि पीओके में उग्र प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सेना के इस हेलिकॉप्टर को मार गिराया है। इस दावे की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सेना ने हादसे की असली वजह जानने के लिए एक जांच समिति (बोर्ड ऑफ इंक्वायरी) का गठन कर दिया है। यह हादसा ऐसे समय में हुआ है जब पीओके में पाक सेना और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें चल रही हैं।

भारतीय सेना की बढ़ेगी मारक क्षमता

अत्याधुनिक ऑटोमैटिक मोर्टार वाहनों की खरीद प्रक्रिया शुरू, चीन-पाकिस्तान सीमा पर होगी तैनाती

कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में गतिशीलता और सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना अपनी मारक क्षमता और युद्ध कौशल को और अधिक तेज, सटीक तथा घातक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। आधुनिक युद्ध तकनीकों को अपनाते हुए सेना ने अब मोर्टार स्पेशलिस्ट व्हीकल खरीदने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

ये अत्याधुनिक वाहन युद्ध के मैदान में मोर्टार फायरिंग को पूरी तरह से ऑटोमेटिक (स्वचालित) बना देंगे, जिससे न केवल गोलाबारी की सटीकता और गति में अभूतपूर्व सुधार होगा, बल्कि अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा

एआई इमेज

सकेगी। वर्तमान समय में भारतीय सेना मुख्य रूप से पारंपरिक मोर्टार प्रणालियों पर निर्भर है। इन मौजूदा प्रणालियों में फायरिंग की सटीकता काफी हद तक क्रू सदस्यों के व्यक्तिगत अनुभव, मैनुअल गणनाओं और भौतिक अनुमानों पर टिकी होती है।

सटीक होगा निशाना

इस पारंपरिक प्रक्रिया में न सिर्फ कीमती समय नष्ट होता है, बल्कि मानवीय चूक की संभावना भी हमेशा बनी रहती है। सेना द्वारा खरीदे जा रहे नए एमएसवी वाहन इस समस्या का पूरी तरह से खात्मा कर देंगे।

वाहन की 5 खास विशेषताएं

- **न्यूनतम क्रू :** इस पूरे आधुनिक वाहन और मोर्टार सिस्टम को संचालित करने के लिए मात्र दो सदस्यों की आवश्यकता होगी
- **त्वरित रिस्पॉन्स:** फॉरवर्ड ऑब्जर्वर से लोकेशन मिलते ही वाहन का फायर-कंट्रोल सिस्टम मोर्टार को सही एंगल पर सेट कर देगा
- **फायरिंग की गति:** वाहन को पूरी तरह फायरिंग के लिए तैयार होने में मात्र 20 सेकंड का समय लगेगा
- **मल्टीपल टारगेटिंग:** एक लक्ष्य को भेदने के बाद दूसरे नए लक्ष्य पर दोबारा निशाना साधने में सिर्फ 5 सेकंड लगेंगे
- **क्षमता:** युद्ध की स्थिति के लिए वाहन अपने साथ लगभग 54 मोर्टार राउंड्स ले जाने में सक्षम होगा

चिंतन

कांग्रेस सावधान रहती तो नहीं होती फजीहत

मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होना कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका तो है ही, लेकिन एक अहम सबक भी है जो उन्हें इस गलती से लेना चाहिए। कांग्रेस ने चुनाव आयोग के सामने मीनाक्षी नटराजन से जुड़े तेलंगाना के मामले में व्यापक तथ्य रखे, साथ ही दावा किया कि इस स्तर पर मुकदमे को शपथ पत्र में देना जरूरी नहीं होता। हो सकता है कांग्रेस सच बोल रही हो, लेकिन तथ्य यह भी हो सकता है कि मीनक्षी ने जानबूझकर इसे छुपाया है। मध्यप्रदेश के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने नामांकन रद्द करने का फैसला इसी आधार पर लिया है। एमपी में कांग्रेस खासकर राहुल गांधी के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। चूंकि यहां कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को नजरअंदाज कर मीनाक्षी को उतारा गया था। कहा जा रहा है कि पार्टी के भीतर से ही कुछ लोगों ने शपथ पत्र में कथित कमी की जानकारी भाजपा तक पहुंचाई। यदि इसमें जरा भी सच्चाई है, तो यह कांग्रेस के लिए सबसे गंभीर चेतावनी है। किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठनात्मक अनुशासन और आपसी विश्वास होता है। जब अंदरखाने असंतोष और अविश्वास बढ़ने लगे, तो विपक्ष को हमला करने का अवसर मिल जाता है। इसके बाद भाजपा ने सवाल उठाए और नामांकन रद्द कर दिया गया। आरओ ने कांग्रेस को इस आपत्ति पर जवाब देने के लिए समय भी दिया है। बहरहाल, जब मामला प्रतिष्ठा से जुड़ा हो तो पार्टियों को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। कांग्रेस के पास तो बहुत बड़ी लीगल टीम है। जो अब चुनाव आयोग के सामने तर्क दे रही है, लेकिन यह टीम नामांकन से पहले ही सभी तथ्यों की सभी तरीके से पड़ताल कर लेती तो अब दिक्कत नहीं होती। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कांग्रेस के भीतर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के विधायक लगातार क्रॉस वोटिंग करते दिखाई देते हैं। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को यही डर सता रहा है। कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपने घर को ठीक करना चाहिए। अपनी कमजोरी पर पार पाए बिना वह भाजपा जैसी चतुर राजनीतिक टीम के सामने टिक पाएगी, यह कहना मुश्किल है। हालांकि मामला अभी चुनाव आयोग में लंबित है, लेकिन फैसला जो भी हो कांग्रेस सावधानी बरतती तो उसकी इस तरह से फजीहत नहीं होती। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि तेलंगाना से जुड़े जिस मामले को लेकर विवाद खड़ा हुआ, वह अभी प्रारंभिक अवस्था में था और उसे शपथ पत्र में दर्ज करना कानूनी रूप से आवश्यक नहीं था। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कानूनी विशेषज्ञों ने चुनाव आयोग के सामने यही तर्क रखा है। चुनावी राजनीति में कई बार तकनीकी त्रुटियां भी बड़े राजनीतिक संकट में बदल जाती हैं और विपक्ष इन्हें तुरंत मुद्दा बना लेता है। भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी तैयारी और आक्रामक रणनीति मानी जाती है। वह विपक्ष की छोटी से छोटी कमजोरी को भी बड़ा मुद्दा बनाने में देर नहीं करती। कांग्रेस यदि अब भी केवल भाजपा पर आरोप लगाने तक सीमित रहती है, तो यह उसकी रणनीतिक कमजोरी को ही दर्शाएगा। अंततः इस पूरे प्रकरण से कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि राजनीति में लापरवाही की कोई जगह नहीं होती। चुनावी दस्तावेजों की एक छोटी कमी भी बड़े संकट में बदल सकती है। यदि कांग्रेस नामांकन से पहले पूरी कानूनी और तथ्यात्मक सावधानी बरतती, तो आज उसकी इस तरह सार्वजनिक फजीहत नहीं होती।

केंद्र के 12 वर्ष

विष्णु देव साय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा के 12 वर्ष पूरे होना उस परिवर्तनकारी कालखंड का प्रतीक है, जिसने देश की दशा और दिशा को बदला है। वर्ष 2014 में देश ने एक ऐसे नेतृत्व पर विश्वास जताया, जिसने शासन को सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का संकल्प माना। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि इन 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे शासन की कार्यसंस्कृति बनाया।

विकसित भारत की यात्रा का स्वर्णिम काल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा के 12 वर्ष पूरे होना उस परिवर्तनकारी कालखंड का प्रतीक है, जिसने देश की दशा और दिशा को बदला है। वर्ष 2014 में देश ने एक ऐसे नेतृत्व पर विश्वास जताया, जिसने शासन को सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का संकल्प माना। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि इन 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे शासन की कार्यसंस्कृति बनाया।

जन-धन योजना ने गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा, आधार और मोबाइल की जैम ट्रिनिटी ने सरकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाया और डीबीटी ने लाभ सीधे हितग्राहियों के खाते तक पहुंचाया। इससे भ्रष्टाचार और बिचौलिया व्यवस्था पर प्रभावी रोक लगी। शासन पहली बार सचमुच अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचा। गरीब कल्याण इस दौर की सबसे बड़ी पहचान रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर दिया। उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई। आयुष्मान भारत ने गरीब परिवारों को महंगे इलाज की चिंता से राहत दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने अन्नदाताओं को सीधी आर्थिक सहायता दी। ये योजनाएं केवल सरकारी घोषणाएं नहीं रहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का आधार बनीं। इन 12 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने भी नई शक्ति प्राप्त की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को केवल उपभोक्ता बाजार नहीं रहने दिया, बल्कि उत्पादन, नवाचार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा दी। मोबाइल निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर, फार्मा और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। डिजिटल इंडिया ने भारत की शासन व्यवस्था और नागरिक जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को आम आदमी के जीवन का हिस्सा बना दिया है। गांवों तक इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं की पहुंच ने शासन को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया है। कोविड काल में कोविन प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीकाकरण का सफल संचालन भारत की डिजिटल क्षमता का बड़ा उदाहरण रहा। आज भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी दुनिया के लिए मॉडल बन चुका है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी पिछले 12 वर्ष ऐतिहासिक रहे हैं। आधुनिक राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत ट्रेनें, नए एयरपोर्ट, मेट्रो नेटवर्क, अमृत भारत स्टेशन और बेहतर लॉजिस्टिक्स ने देश की गति बढ़ाई है। सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी ने भारत के उन क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है, जो लंबे समय तक उपेक्षित रहे थे। यही कनेक्टिविटी विकसित भारत की मजबूत रीढ़ बन रही है। छत्तीसगढ़ में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में हमें



मोदी जी की गारंटी पर जनादेश मिला। महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राही महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देकर महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। पहली ही कैबिनेट में हमारी सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को मंजूरी देकर हमने अंत्योदय के मंत्र को चरितार्थ किया है। प्रदेश में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी हो रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई इस कालखंड की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। वर्षों तक देश के अनेक आदिवासी और वनांचल क्षेत्र नक्सली हिंसा, भय और पिछड़ेपन के चक्र में फंसे रहे। प्रधानमंत्री के साहसिक नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सफल रणनीति के अनुसार डबल इंजन की सरकार में नक्सलवाद की जड़ों पर निर्णायक प्रहार हुआ। 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करने का संकल्प सरकार ने पूरा किया। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट रही है, राष्ट्रहित सर्वोपरि और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस। उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिन्दूर ने दुनिया को यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करता। सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक नीति ने देशवासियों के मन में नया विश्वास पैदा किया है। जनजातीय समाज के सम्मान और विकास को भी इन 12 वर्षों में राष्ट्रीय प्राथमिकता मिली है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता के सम्मान का ऐतिहासिक कदम है। छत्तीसगढ़ जैसे जनजातीय बहुल राज्य में इन योजनाओं का प्रभाव विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश की बड़ी आबादी जनजातीय समाज से आती है। दूरस्थ अंचलों में रहने वाले परिवारों तक पहली बार योजनाएं व्यवस्थित रूप से पहुंच रही हैं। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में वनोपज, पर्यटन, कौशल विकास और स्थानीय उद्यमिता के माध्यम से आजीविका के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। यह विकास केवल सड़क और भवन का विकास नहीं है, बल्कि आत्मसम्मान, भागीदारी और भरोसे का विकास है। महिला सशक्तिकरण भी मोदी सरकार के 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धि रही है। उज्ज्वला, जन-धन, स्वच्छ भारत, जल जीवन मिशन और मातृशक्ति से जुड़ी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सरल बनाया। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के जरिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा देने का प्रयास हुआ। जब महिला सशक्त होती है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों मजबूत होते हैं। अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास और केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण परियोजना जैसे कार्यों ने विकास भी, विरासत भी की अवधारणा को साकार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन और संकल्प के वर्ष रहे हैं। इन वर्षों ने यह सिद्ध किया है कि मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और जनभागीदारी से देश की दिशा बदली जा सकती है। गरीबी से मुक्ति, नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार, जनजातीय विकास, डिजिटल क्रांति, आधुनिक अवसंरचना और सांस्कृतिक आत्मविश्वास सबने मिलकर विकसित भारत की मजबूत नींव रखी है। आज भारत केवल आगे नहीं बढ़ रहा, बल्कि आत्मविश्वास के साथ दुनिया को दिशा भी दे रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा।

(लेखक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सारा संसार

अरब सागर के पानी से घिरा हुआ 'कोलाबा किला या अलीबाग फोर्ट' अलीबाग का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल और महाराष्ट्र का प्रमुख किला है। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध किले में शामिल कोलाबा फोर्ट एक 300 साल पुराना किला है, जो कभी शिवाजी महाराज के शासन के दौरान मुख्य नौसेना स्टेशन था। इस वजह से किले को राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक के रूप में भी घोषित किया गया है।

राष्ट्र सेवा

कैप्टन अभिमन्यु

नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों का कालखंड भारतीय इतिहास में विकास, सुशासन, राष्ट्रीय गौरव और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करने वाला स्वर्णिम अध्याय बन गया है। वर्ष 2014 में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ प्रारंभ हुई यह यात्रा आज विकसित भारत के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इन 12 वर्षों में भारत ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, जिन्होंने देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्व पटल पर प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर राष्ट्रीय एकता को नई मजबूती प्रदान की गई। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ, जिसने देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को नई ऊर्जा दी। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीकी क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया। आज यूपीआई, डिजिटल भुगतान और ई-गवर्नेंस के माध्यम से भारत दुनिया के अग्रणी डिजिटल देशों में शामिल हो चुका है। जन धन योजना, आधार और मोबाइल के त्रिशक्ति मॉडल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय समावेशन से जोड़ा। गरीब, किसान, महिला और युवा कल्याण को केंद्र में रखते हुए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के घर मिले, उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। स्वच्छ भारत मिशन ने जन आंदोलन का रूप लेकर देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई। जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया गया। वहीं, हर घर बिजली, हर घर शौचालय और हर घर बैंक खाता जैसे संकल्प धरातल पर साकार हुए। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को उत्पादन, नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना और पीएम विश्वकर्मा जैसी पहलों ने उद्यमिता को नई पहचान दी। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाते हुए भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन को अभूतपूर्व गति दी। विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत ने नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका तथा "वसुधैव कुटुम्बकम् " के संदेश ने विश्व समुदाय में भारत की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। यह यात्रा केवल सरकार के कार्यकाल की कहानी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों, विश्वास और सामूहिक प्रयासों की गाथा है। 4399 दिनों की यह उपलब्धि राष्ट्र प्रथम की भावना, सेवा, सुशासन और समर्पण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास, सुरक्षा, विकास और विश्वगौरव के नए युग में प्रवेश कर चुका है। संकल्प से सिद्धि तक, सेवा से समृद्धि तक- यही है नए भारत की पहचान।

(लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं

संकलित

दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जिएं

संकलित

प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

श्रद्धांजलि

रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार रांची स्थित बिरसा मुंडा स्मारक पर स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 126वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। पार्टी की विधायक और सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन भी उपस्थित रहीं।

आज की पाती

मादक पदार्थों का बढ़ता प्रकोप

आए दिन हम सोशल मीडिया के माध्यम से सुनते है कि आज का युवा, जो कल देश का भविष्य है, वह धीरे-धीरे नशे की चपेट में आ गया है, जहां वह इन मादक पदार्थों का सेवन करके अपने मां-बाप, भाई-बहन की परवाह न करके आत्महत्या तक कर लेता है। हमारा देश एक युवा देश है जहां प्रतिभा से भरपूर युवा अपने सपने को साकार करने की सोच रखता है। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में युवा गाजा, चिट्टा जैसी मादक वस्तुओं का सेवन करके अपने जीवन को दाव पर लगा रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन भी कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। यदि हमें आज के युवा को नशे के प्रकोप से बचाना है तो लोगों की सोच को बदलना होगा और प्रशासन को भी इस पर कड़ी नजर रखनी होगी।

- ललित कुमार, रेवाड़ी

ट्रेंड

नए मानक स्थापित

पीएम नरेंद्र मोदी का नेतृत्व संकल्प से सिद्धि और सेवा से सुशासन तक की यात्रा का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए मानक स्थापित किए हैं।

-**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

भारत भाग्य विधाता



अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' उन बहादुर डॉक्टरों, नर्सों और हेल्थकेयर वर्कर्स के साहस, सेवा-भाव और कर्तव्य के प्रति समर्पण को दिखाती है, जिन्होंने 26/11 के आतंकी हमलों के दौरान मानवता की सेवा में खुद को समर्पित कर दिया था।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

फर्टिलाइज़र विरासत



असम की फर्टिलाइज़र (खाद) विरासत को आगे बढ़ाने से लेकर उसके भविष्य को आकार देने तक, नामरूप एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। 10,601 करोड़ का नामरूप अमोनिया-यूरिया फर्टिलाइज़र कॉम्प्लेक्स खेती की उत्पादकता बढ़ाएगा।

- **हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

विकास की गति

आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ बहुत ही सार्थक बैठकें कीं। इन बैठकों का मकसद प्रधानमंत्री मोदी के विज़न के अनुरूप पश्चिम बंगाल के विकास की गति को तेज़ करना और राज्य की जनता तक प्रतीक्षित लाभ सीधे पहुंचाना था।

- **सुवेंदु अधिकारी,** सीएम, पश्चिम बंगाल

करंट अफेयर

इबोला प्रभावित देशों से आने वालों पर पाबंदी लगाए यूरोप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन यूरोपीय देशों को अफ्रीका के इबोला प्रभावित देशों से यूरोप में आने वाले लोगों के लिए यात्रा पाबंदियां बढ़ाने की सलाह दे रहा हैं। ट्रंप प्रशासन ने यह संकेत भी दिया है कि ऐसा न करने पर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट समेत अन्य मौकों के लिए यूरोप से लोगों की यात्रा को लेकर अमेरिका के नियमों में सख्ती बरती जा सकती है। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मंगलवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को फोन करके अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और कांगो तथा युगांडा में इबोला फैलने पर अमेरिका और यूरोप के तालमेल एवं जवाबी प्रयासों पर चर्चा की। इसमें कहा गया, 'विदेश विभाग की सबसे बड़ी प्राथमिकता और ध्यान अमेरिकी लोगों की सेहत की रक्षा करना और इबोला का प्रकोप हमारे नजदीक तक पहुंचने से रोकने पर है।' विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका ने इस संक्रमण को फैलने से निपटने के लिए कदम बढ़ाया है और अब दुनिया को भी और कदम उठाने होंगे।' अधिकारी ने रूबियो और वॉन डेर लेयेन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बारे में नाम जाहिर नहीं होने की की शर्त पर जानकारी दी।

ऑफ बीट

होता कुछ है, हम भ्रम में देखते कुछ हैं

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवत: हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है - छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

अनुसूचित जाति आयोग की बैठक से नदारद अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

धर्मांतरण में लगे एनजीओ पर शिकंजा कसा जाए : जाटव

जबलपुर। अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव की अध्यक्षता में बुधवार को यहां पुलिस विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि धर्मांतरण कराने वाले एनजीओ पर शिकंजा कसा जाए। प्रदेश अध्यक्ष ने अनुसूचित जाति बाहुल्य बस्तियों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पुलिस विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन क्षेत्रों में बढ़ रहे अपराध और नशे की प्रवृत्ति पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जाए। इस दौरान बैठक से नदारद रहने वाले थाना प्रभारियों को लेकर उन्होंने सख्त रवैया अपनाते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अनुपस्थित अधिकारियों को जवाब-तलब के लिए जल्द ही भोपाल मुख्यालय बुलाया जाएगा। कैलाश जाटव ने कहा कि पुलिस को केवल दंडात्मक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सजगता

अभियान के तहत इन बस्तियों में जागरूकता शिविर आयोजित करने, लोगों को समझाने और नशामुक्ति के लिए पुनर्वास केंद्र खोलने जैसे सकारात्मक कदम भी उठाने चाहिए। इसके साथ ही, बैठक में बस्तियों के भीतर हो रहे अवैध धर्मांतरण के संवेदनशील मुद्दे पर भी कड़ा रुख अपनाया गया। कैलाश जाटव ने पुलिस प्रशासन को ऐसी गतिविधियों में लिप्त संदिग्ध एनजीओ को चिन्हित कर उनके खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एट्रोसिटी एक्ट के तहत पीड़ित महिलाओं की थानों में पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनवाई होनी चाहिए, अधिकारी उनके साथ ससम्मान बातचीत करें और त्वरित एफआईआर दर्ज कर एक्शन लें।

अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं की समीक्षा

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने नगर निगम मुख्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक और समीक्षा बैठक की। बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, उनके प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाज के उत्थान के लिए तैयार की जाने वाली कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों की जानकारी भी ली। बैठक में डॉ. जाटव ने कहा कि नगर निगम प्रशासन शासन और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुदृढ़ करने और स्वरोजगार सहित विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया। अधिकारियों ने आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने का भरोसा दिलाया। बैठक में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जबलपुर की बेटियों रिया और दीपा ने विश्व योगासन चैंपियनशिप में 3 स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया भारत का मान

जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय योगासन खेल में जबलपुर की बेटियों रिया और दीपा लोधी ने प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए कुल तीन स्वर्ण पदक अर्जित किए। यह प्रतियोगिता अहमदाबाद में आयोजित हुई, जिसमें 78 देशों के लगभग 400 से अधिक खिलाड़ियों ने योगासन, संतुलन, शक्ति और लचीलेपन का प्रदर्शन किया। रिया ने सूपाइन इवेंट में स्वर्ण पदक जीता, जबकि दीपा लोधी ने आर्टिस्टिक पेयर एवं आर्टिस्टिक ग्रुप में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। इस उपलब्धि के साथ मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने कुल 9 स्वर्ण और 1 रजत सहित भारत की झोली में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत ने कुल 114 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिनमें 102 स्वर्ण पदक शामिल हैं। मध्यप्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा ने समापन अवसर पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर, जबलपुर अध्यक्ष राकेश नेमा, संयुक्त सचिव सचिन तिवारी एवं दीपक जैन ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रिया और दीपा की सफलता में एकलव्य अकादमी के कोच शिवम गुप्ता एवं देवेंद्र मिश्रा का मार्गदर्शन उल्लेखनीय रहा।

बस का इंतजार कर रहे 3 युवक कार की टक्कर से घायल

जबलपुर। कटंगी थाना अतंर्गत ग्राम ककरेहटा तिराहे के पास रोड किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे तीन युवकों को एक कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पटेरा जिला दमोह निवासी 38 वर्षीय दशरथ सिंह लोधी गांव के रोहित ठाकुर, गनेण काछी, परम सिंह लोधी और सोनू सिंह के साथ माता नाहन देवी के दर्शन करने के बाद दमोह जाने के लिये कटंगी जबलपुर मेन रोड ग्राम ककरेहटा तिराहे के पास रोड़ किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे रात लगभग 8.30 बजे जबलपुर तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 40 बीई 0810 के चालक ने रोड किनारे खड़े गणेश काछी, परम सिंह लोधी, सोनू सिंह ठाकुर को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे तीनों सड़क पर गिर गये और तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आ गयी। दशरथ सिंह लोधी ने तीनों घायलों को उपचार हेतु जबलपुर भिजवाया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

दो और प्रतिष्ठानों में कराई गई तालाबंदी

अग्नि सुरक्षा नियमों पर निगम सख्त

जबलपुर। नगर निगम द्वारा अग्नि सुरक्षा, भवन अनुज्ञा और ट्रेड लाइसेंस संबंधी नियमों के पालन को लेकर अभियान लगातार जारी है। तीन संस्थानों की सीलिंग के बाद बुधवार को रवि प्लास्टिक (गलगला-सराफा रोड) और अशोक एजेंसी (मुकादमगंज) का संयुक्त निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और अन्य गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर संचालकों की सहमति से मौके पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई।

निरीक्षण दल में अग्निशमन विभाग, भवन शाखा और लाइसेंस शाखा के अधिकारी शामिल रहे। जांच में पाया गया कि दोनों प्रतिष्ठानों में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री का भंडारण किया गया था, जबकि आपातकालीन निकासी और आवागमन के लिए पर्याप्त मार्ग उपलब्ध नहीं थे। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। भवनों के स्वीकृत नक्शे और वैध लाइसेंस संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

रवि प्लास्टिक के निरीक्षण में भवन के भीतर प्लास्टिक एवं अन्य ज्वलनशील वस्तुओं का अत्यधिक भंडारण पाया गया। एकमात्र स्टेयर-केस भी सामग्री से अवरुद्ध था, जिससे किसी दुर्घटना की स्थिति में सुरक्षित निकासी प्रभावित हो सकती थी। वहीं अशोक एजेंसी में कपूर, अगरबत्ती सहित अन्य ज्वलनशील सामग्री बड़ी मात्रा में रखी गई थी। यहां भी निकासी मार्ग बाधित पाए गए और आवश्यक अग्निशमन संसाधनों का अभाव मिला। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि जन-सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य है तथा अनियमितता पाए जाने पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

खारी में शराब पीने के विवाद पर फुफेरे भाई ने की मारपीट

जबलपुर। कटंगी थाना अतंर्गत पिता के निधन के बाद आयोजित खारी कार्यक्रम के दौरान शराब पीने को लेकर हुए विवाद में बुआ के लड़के ने अपने ममेरे भाई पर लोहे की पाइप से हमला कर दिया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जटासी निवासी 35 वर्षीय चिन्नू बर्मन अपने पिता स्वर्गीय रघवर बर्मन की खारी उठाने का कार्यक्रम था, जिसमें सामाजिक पत्तल उठाने की रस्म भी चल रही थी। कार्यक्रम के दौरान उसके भाई राजेश बर्मन, रिश्तेदारों तथा बुआ के बेटे संजू बर्मन सहित अन्य लोग मौजूद थे। इसी दौरान उसने कहा कि उसे अभी शराब नहीं पीनी है क्योंकि उसे खाना देने जाना है। उसने सभी को कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न कराने की समझाइश भी दी।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज

जबलपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर आयुष विभाग सक्रिय हो गया है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा 14 जून को सुबह 6:15 बजे से 7:35 बजे तक विशेष ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में शामिल होने के इच्छुक नागरिक टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर अपना पंजीयन करा सकेंगे। जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विभागीय स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस संबंध में संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. अर्चना मरावी ने जबलपुर संभाग के सभी जिलों में संचालित आयुष संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को विशेष ऑनलाइन योग सत्र से जोड़ने के लिए प्रेरित करें तथा पंजीयन अभियान को प्रभावी बनाएं।

आमजन, महिलाओं और वरिष्ठजनों की सुरक्षा के लिए आयुध निर्माणी खमरिया की पहल

जबलपुर पुलिस को मिले 2 बुलेरो और 8 एक्टिवा वाहन

हरिभूमि, जबलपुर।

आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयुध निर्माणी खमरिया, म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड पुणे की इकाई द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना 2025-26 के तहत जबलपुर पुलिस को 2 महिंद्रा बुलेरो एवं 8 होंडा एक्टिवा वाहन प्रदान किए गए।

मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित सादे समारोह में आयुध निर्माणी खमरिया के मुख्य महाप्रबंधक शैलेश वगेरवाल ने पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय को वाहन सौंपे। यह वाहन महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में उपयोग किए जाएंगे। इस अवसर पर कप्तान उपाध्याय ने आयुध निर्माणी खमरिया का आभार

व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक संसाधनों और वाहनों की उपलब्धता से पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ेगी तथा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। कार्यक्रम में आयुध निर्माणी खमरिया के जनरल मैनेजर अशोक कुमार मीना, सीनियर मैनेजर अविनाश शंकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं पुलिस विभाग की ओर से एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, सीएसपी रांझी सतीश साहू, सीएसपी कैंट उदयभान बागरी, डीएसपी मुख्यालय बीएस गोठरिया, डीएसपी यातायात संतोष शुक्ला, डीएसपी हेमंत, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। जबलपुर पुलिस को मिले इन नए वाहनों से शहर में पेट्रोलिंग व्यवस्था और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पारा तमतमाया, धरती छोड़ने लगी भाप

प्री-मानसून बारिश के बाद उमस भड़की

जबलपुर। मानसून का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल मंगलवार को हुई प्री-मानसूनी 11 मिलीमीटर बारिश के बाद बुधवार को दिन भर उमस भड़की रही। लेकिन इस बारिश से राहत कम आफत ज्यादा हो गई है। पिछले दो महीनों से तंदूर की भट्टी की तरह तप रही धरती पर पानी की बूंदे पड़ते ही धरती उमस छोड़ने लगती है जिसका असर चिपचिपाहट वाली गर्मी के रुप में सामने आ रहा है। सूर्योदय के बाद तापमान फिर परवान चढ़ने लगा और पारा 40.5 डिग्री के पर रहा। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान तेज हवाएं चलने और कहीं कहीं गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। मप्र में मानसून 18 से 20 जून के बीच प्रवेश कर सकता है तब स्थानीय बादलों से ही राहत की उम्मीद की जा सकती है।

11.2 मिमी.वर्षा दर्ज

मौसम कार्यालय का कहना है कि जहां तक आसमान में हवा के कम दबाव का क्षेत्र है, वह स्थानीय बादलों से ही बन रहा है। इसलिए फिलहाल छुटपुट वर्षा ही हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 67 प्रतिशत और सायंकाल 37 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 42.5 और न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मंगलवार को शाम और रात मिलाकर 11.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 21.1 मिली मीटर दर्ज की जा चुकी है। पश्चिमी हवाऐं 5 से 6 प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में झंझावत और व्रजपात के साथ हल्की वर्षा की संभावना दर्ज की गई।

सीईआईआर पोर्टल की मदद से 21 लाख रुपये के मोबाइल लौटाए गए धारकों को

पुलिस ने तलाशे 131 गुम मोबाइल

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर पुलिस ने साइबर तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए 131 गुम मोबाइल फोन तलाश कर उनके वास्तविक धारकों को वापस सौंपे हैं। बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रुपये बताई गई है।

यह कार्रवाई पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश एवं एएसपी जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन ट्रेस कर संबंधित आवेदकों को सुपुर्द किए गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर नागरिकों ने जबलपुर पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम हो जाए तो तत्काल संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं तथा सीईआईआर पोर्टल पर पंजीकरण अवश्य कराएं, जिससे मोबाइल को ट्रैक कर बरामद किया जा सके। उन्होंने नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक रहने की सलाह दी। एसपी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर फ्रॉड का शिकार होता है या संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि नजर आती है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं। जरूरत पड़ने पर साइबर सेल जबलपुर के हेल्पलाइन नंबर 7701050010 पर भी संपर्क किया जा सकता है। पुलिस ने लोगों से अज्ञात कॉल, लिंक और टेलीग्राम-व्हाट्सएप ग्रुप से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की फाइल डाउनलोड न करें और बैंक खातों या निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें।

25वीं पूर्वी जोन पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

जबलपुर। पुलिस लाइन स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में मंगलवार शाम 25वीं पूर्वी जोन अन्तर्जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह ने पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय की उपस्थिति में किया। प्रतियोगिता में प्रदेश की 22 पुलिस इकाइयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो आगामी चार दिनों तक विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मुख्य अतिथि डीआईजी अतुल सिंह ने गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की व्यस्त और तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच खेलकूद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। खेल न केवल ऊर्जा और उत्साह बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 10 जून से 14 जून तक किया जाएगा। इसमें जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, रीवा, सतना, शहडोल सहित 22 इकाइयों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, हैंडबॉल, बास्केटबॉल सहित एथलेटिक्स, जूडो, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग और बैडमिंटन जैसी स्पर्धाएं आयोजित होंगी। कप्तान उपाध्याय ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन भोपाल में आयोजित होने वाली मप्र पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2026 के लिए किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर वुशु खेल का प्रदर्शन और 100 मीटर दौड़ आयोजित हुई।

मोबाइल हैक करके लगातार बढ़ रहे सायबर क्राईम

2 रिटायर्ड कर्मचारियों के खाते से ठगों ने 5 लाख उड़ाए

जबलपुर। सायबर क्राईम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मोबाईल हैक करने के मामले आम हो गए हैं। न कोई लिंक क्लिक की न ही कोई ओटीपी शेयर की, और दो लोगों के खाते से लगभग 5 लाख निकल गए। लार्डगंज थाना क्षेत्र के दो निवासी इस तरह की धोखाधड़ी के शिकार हुए। पुलिस दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक निवासी 41 वर्षीय जीसीएफ फैक्ट्री कर्मचारी नितिन साह का पंजाब नेशनल बैंक जवाहर गंज शाखा में खाता है। गत 31 मई की शाम 5 बजे उसने अपनी बेटी की सुकन्या योजना में भुगतान के लिये अपने एकाउण्ट को चेक किया जिसमें 33 हजार रूपये बचे थे जबकि उसके अकाउण्ट में पहले से लगभग 3 लाख 17 हजार रूपये थे। उसी समय उसने आनलाईन अपने मोबाइल से पासबुक चैक किया जिसमें 27 मई से 29 मई के बीच उसके अकाउण्ट से तीन बार में कुल 2 लाख 82 हजार रूपये अज्ञात जालसाज के द्वारा धोखाधड़ी कर निकाले गये। इसी प्रकार पीडब्ल्यूडी विभाग से रिटायर्ड लार्डगंज निवासी 63 वर्षीय आनंद जायसवाल का ईडीएफसी फर्स्ट बैंक करमेता में अकाउण्ट है और उसकी मॉ कला जायसवाल व उसका ज्वाइंट अकाउण्ट बैंक आफ इंडिया में खाता है। मां का यूको बैंक राईट टाउन शाखा में खाता है उसकी पत्नी श्रीमति माया जायसवाल का यूको बैंक राईट टाउन में खाता है। मॉ कला जायसवाल का पेंशन अकाउण्ट खाता आशीर्वाद मार्केट जबलपुर में है। सभी बैंक के खातों में उसका मोबाइल नम्बर लिंक है इसी नम्बर में सभी बैंक से मैसेज आते हैं। अज्ञात जालसाज द्वारा उसका मोबाइल हैक कर 9 मई से 9 जून के बीच उसके एवं उसकी मॉ कला जायसवाल एवं पत्नी माया जायसवाल के बैंक खातों से 2 लाख 13 हजार 478 रूपये आनलाईन धोखाधड़ी कर अज्ञात जालसाज ने अन्य खाते में ट्रांसफर कर लिये हैं। पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के विरूद्ध धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जिस पर बंधक बनाने का आरोप लगा, वह पति निकला

हाईकोर्ट ने निराकृत की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका

युवती के बयान को सुना, पति के साथ रहने किया स्वतंत्र

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने बेटी को बंधक बनाकर रखे जाने का आरोप लगाने वाले पिता द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण कर दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस जीएस अहलूवालिया व जस्टिस दीपक खोत की डिवीजन बेंच के समक्ष पेश हुई युवती ने अपने बयान में साफ किया कि जिस युवक पर उसे बंधक बनाने का आरोप लगाया गया है, वह उसका पति है और उसने अपनी इच्छा से उससे विवाह किया है। दरअसल, मऊगंज निवासी गोविंद कुशवाहा की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में आरोप लगाया गया था कि उनकी बेटी को शिव कुमार कुशवाहा ने बंधक बना रखा है। पुलिस शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं कर रही है। हाई कोर्ट ने तर्क सुनने के बाद युवती को पेश करने के निर्देश दिए थे। जिसके पालन में लौर थाना पुलिस युवती को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। 23 वर्षीय युवती ने बताया कि वह बालिग है, उसे किसी ने बंधक नहीं बनाया है और उसने स्वेच्छा से विवाह किया है। उसने कहा कि वह अपने पति के साथ रहना चाहती है। कोर्ट ने कहा कि बालिग महिला को अपनी इच्छा के अनुसार जीवन जीने और जीवनसाथी चुनने का पूर्ण अधिकार है। चूंकि युवती ने स्वतंत्र रूप से पति के साथ रहने की इच्छा व्यक्त की है, इसलिए उसे उसके पति के साथ रहने दिया जाए। इसी के साथ कोर्ट ने याचिका का निराकरण कर दिया।

मैट्रीमोनियल ऐप से प्रेमजाल, शादी से इनकार, अग्रिम जमानत नहीं

मप्र हाईकोर्ट ने मैट्रीमोनियल ऐप के जरिए युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और बाद में 15 लाख रुपये की मांग करने के आरोपी देवेन्द्र सिंह को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस देवनारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी।
राजधानी भोपाल निवासी युवती ने आरोप लगाया कि मैट्रीमोनियल ऐप पर पहचान के बाद आरोपित ने शादी का भरोसा देकर दिल्ली बुलाया और शारीरिक संबंध बनाए। बाद में सगाई होने के बावजूद उसने शादी से इनकार कर दिया। यही नहीं 15 लाख रुपये की मांग की। बचाव पक्ष ने दहेज मांग से इनकार करते हुए कहा कि राशि डेस्टिनेशन वेडिंग के खर्च से संबंधित थी। हालांकि सुनवाई में यह भी सामने आया कि आरोपित के विरुद्ध हरियाणा के हिसार में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। कोर्ट ने आरोपों की गंभीरता और आरोपी के आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा की अस्थायी जमानत पर आदेश सुरक्षित

मप्र हाईकोर्ट ने बहुचर्चित आरटीओ भ्रष्टाचार व मनी लानड्रिंग मामले के आरोपी परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की 60 दिन की अस्थायी जमानत अर्जी पर अपना आदेश सुरक्षित कर लिया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच के समक्ष बुधवार को दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो गईं। सौरभ शर्मा ने पत्नी की प्रस्तावित सर्जरी और दो नाबालिग बच्चों की देखभाल का हवाला देते हुए 60 दिन की अस्थायी जमानत मांगी है। याचिका में कहा गया है कि पत्नी दिव्या तिवारी को नाक संबंधी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हैं और आपरेशन के दौरान उनकी देखभाल के लिए पति की उपस्थिति आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जिला अदालत और हाई कोर्ट दोनों उसकी नियमित जमानत अर्जियां निरस्त कर चुके हैं। वहीं, जांच एजेंसियों का कहना है कि सौरभ शर्मा से जुड़े आर्थिक नेटवर्क में कई रिश्तेदार और सहयोगी शामिल रहे हैं। ऐसे में परिवार की देखभाल के लिए अन्य किसी व्यक्ति के उपलब्ध न होने के दावे पर भी सवाल उठ रहे हैं। हाई कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।

हरि चर्चा और गुरु पूजन का आयोजन

जबलपुर। पावन अधिकमास के अवसर पर गोहलपुर स्थित दुर्गा मंदिर के पीछे अमखेरा रोड पर श्री श्याम सुन्दर महिला मंडल द्वारा एक दिवसीय संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सत्यनारायण कथा, श्री हरि चर्चा, गुरु पूजन और दीपदान शामिल थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धर्म लाभ अर्जित किया। भागवताचार्य परम पूज्य अनुरुद्ध मिश्रा (गुरु जी) ने संगीतमय शैली में कथा वाचन करते हुए भक्ति, सेवा और सत्कर्म का महत्व समझाया।आयोजन के दौरान रुद्राभिषेक, संगीत कीर्तन, फूलों की होली, 56 भोग, महाभोग, महाआरती और भंडारे का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने हरि नाम संकीर्तन में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया और गुरु पूजन एवं दीपदान कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर नीतू ठाकुर, मोनीका ठाकुर, दीप माना चौरसीया, सुनीता केवट, ऊषा केवट, मीरा शर्मा, सुरेद सिंग चौहान (गनू), रौशन कनौजिया, भव्या सेन, सौरब कनौजिया, अर्जून गुप्ता, नितु गुप्ता, रिंकू असाटी उपस्थित रहे।

पत्नी के प्रेमी संग चले जाने से आहत युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा

तीन घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा

सिहोरा। थाना क्षेत्र के ग्राम मोहला में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक अपनी पत्नी के कथित रूप से प्रेमी के साथ चले जाने से आहत होकर हाईवे किनारे स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार लल्लू कुशवाहा (35) निवासी मोहला पारिवारिक विवाद और पत्नी के घर छोड़कर चले जाने से परेशान था। वह दोपहर में नहर किनारे स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया और घंटों तक वहीं बैठा रहा।

सूचना मिलने पर सिहोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस और ग्रामीणों की करीब तीन घंटे की समझाइश के बाद युवक सुरक्षित रूप से नीचे उतरने को राजी हुआ। पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारकर पूछताछ की। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पुलिस के अनुसार युवक पारिवारिक तनाव के कारण मानसिक रूप से परेशान था, जिसे समझाइश देकर शांत कराया गया। घटना के दौरान कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

मझौली में भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का भव्य स्वागत

मझौली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के तहत मध्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का मझौली आगमन हुआ, जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। नगर के विष्णु वराह मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में संकीर्तन और आरती का आयोजन किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। पवन पाटीदार ने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

अमृत फेज़-2 के कार्यों को शीघ्र पूरे करने निगमायुक्त के निर्देश

जबलपुर। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अमृत फेज़ 2.0 के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों पर विशेष जोर देते हुए निर्माण कंपनियों और ठेकेदारों को स्पष्ट और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के बाद प्रभावित हुई सड़कों के री-स्टोरेशन अर्थात सड़क मरम्मत के कार्यों को तेज गति से पूर्ण किया जाए। उन्होंने शहर की दो उच्च स्तरीय पानी की टंकियों का निर्माण कार्य भी शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि समय-सीमा के भीतर काम पूरा न होने और गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।समीक्षा बैठक में अशफाक परवेज कुरैशी अपर आयुक्त,कमलेश श्रीवास्तव अधीक्षण यंत्री,राजेश खंपरिया सहायक यंत्री अंकुर नाग व अन्य तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

आशा मांझी दर्शनी की सरपंच निर्वाचित

सिहोरा। रिक्त हुए ग्राम पंचायत दर्शनी के सरपंच पद के निर्वाचन हेतु आयोजित हुए ग्राम पंचायत के पंचो के सम्मेलन में कुल 19 पंचो ने मतदान किया। जिसमें आशा बाई मांझी को 13 वोट एवं रोहित तिवारी को 6 वोट प्राप्त हुए इस प्रकार आशा बाई मांझी को ग्राम पंचायत दर्शनी की सरपंच निर्वाचित किया गया। ज्ञात हो विगत दिनों अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पंचायत में किये गये निर्माण कार्यों हेतु पंचायत की राशि का भुगतान अपने नाम रिस्तेदारो को किया जाने पर म.प्र. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 में निहित प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन होने से उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाये जाने पर सुमित राय को दर्शनी के सरपंच पद से म.प्र. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (क) (ख) के तहत तत्काल प्रभाव से पृथक करने के आदेश न्यायालय विहित प्राधिकारी,मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी किया गया था।

प्रत्याशी मीनाक्षी का नामांकन निरस्त होने के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

सिहोरा। राज्यसभा सांसद प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन फार्म निरस्त होने के विरोध में जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के निर्देशन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटेल एवं नगर कांग्रेस कमेटीअध्यक्ष पवन सोनी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन एस डी एम कार्यालय प्रागण में किया गया। आयोजन अमोल चौरसिया के मुख्य आतिथ्य,मंजू मिश्रा की अध्यक्षता,बाबा कुरैशी, नवनीत शुक्ला, घनश्याम बडगैया, मनीष खम्परिया के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा असंवैधानिक तरीके से नटराजन का नामांकन निरस्त करना लोकतंत की हत्या है इस कृत्य से चुनाव आयोग की रही सही शाख भी समाप्त हो गई है। कार्यक्रम अध्यक्ष ने कहा कि मीनाक्षी के साथ हुई घटना सम्पूर्ण महिला जाती का अपमान है इस कृत्य से भाजपा का महिला विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। इस अवसर पर रमेश पटेल,के के दुबे,मनीष शुक्ला,गुल्लू खान,डब्बू पाठक,उमा कांत चौरसिया,जितेन्द्र तिवारी,ओम नारायण श्रीवास्तव,साकेत पिड़िहा सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थिति थे।

अध्यात्म विज्ञान ज्ञान यज्ञ सम्मेलन कल से

बरेला। प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी 12 जून से 14 जून तक अध्यात्म विज्ञान साला उपकेद्र में तीन दिवसीय अध्यात्म विज्ञान ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है ।योग युक्ति ओंकारेश्वर से पधार रहे जगतगुरु स्वामी उमाशंकर चैतन्य द्वारा दिव्य दृष्टि सहित ज्ञान, कर्म, भक्ति, मुक्ति यादि पर उपदेश होंगे।अध्यात्म विज्ञान मंडल बरेला ने सभी धर्म प्रेम बंधुओ से सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

गोसलपुर अप ट्रेक पर झाड़ियों में मिली लाश

जबलपुर। पनागर थाना अतंर्गत अप ट्रेक गोसलपुर से देवरी के बीच झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अप ट्रेक गोसलपुर से देवरी के बीच झाड़ियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला, जिसकी उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष की बताई गई है। देवरी रेलवे स्टेशन प्रबंधक 45 वर्षीय दिनेश काछी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए अज्ञात मृतक की शिनाखत्गी के प्रयास जारी हैं। प्रारम्भिक जांच में ट्रेन से गिरने से चोटें आने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है।

विश्व नेत्रदान दिवस पर जागरूकता परिचर्चा

नेत्रदान से दो जीवन में लौट सकती है रोशनी

जबलपुर। विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर नेत्रदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आईएमए भवन में जबलपुर डिवीजनल ओफ्थलमिक सोसाइटी के सहयोग से नेत्र चिकित्सकों की विशेष परिचर्चा आयोजित की गई।
कार्यक्रम में आईएमए अध्यक्ष डॉ. ऋचा शर्मा, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक, मेडिकल कॉलेज नेत्र बैंक की डॉ. पद्मिनी वरकड़े एवं डॉ. राजेन्द्र बिसेन सहित अनेक विशेषज्ञ उपस्थित रहे। परिचर्चा में विशेषज्ञों ने कॉर्निया प्रत्यारोपण की उपयोगिता और इससे दृष्टिहीनता दूर करने के लाभों पर प्रकाश डाला। डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि अब तक उनके द्वारा लगभग 2000 कॉर्निया प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं।
उन्होंने कहा कि नेत्रदान में संपूर्ण नेत्र नहीं, बल्कि केवल कॉर्निया का उपयोग किया जाता है, जिससे कॉर्नियल अंधत्व से पीड़ित मरीजों की दृष्टि वापस लाई जा सकती है।आईएमए अध्यक्ष डॉ. ऋचा शर्मा ने समाज की प्रतिष्ठित हस्तियों से नेत्रदान का संकल्प लेकर लोगों को प्रेरित करने की अपील की तथा "एक परिवार, एक नेत्रदान" अभियान को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि मृत्यु उपरांत एक नेत्रदाता दो लोगों के जीवन में रोशनी ला सकता है। अंत में नेत्रदान क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों का सम्मान किया गया और आमजन से नेत्रदान जागरूकता अभियान में सहभागी बनने की अपील की गई।

इमरती तालाब के घेर में जमे अतिक्रमण हटाए गए

जबलपुर। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर पंडा की मढिया से लेकर इमरती तालाब तक के पूरे मार्ग के अतिक्रमण हटाए गए। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करना और जल स्त्रोतों के आसपास फैले अवैध कब्जों को हटाना है। नगर निगम की इस कार्रवाई के दौरान छोटे व्यवसायियों के रोजगार का भी ध्यान रखा गया है, उन्हेंकछपुरा हॉकर जोन में दुकानों को लगाने समझाइश दी गई। इस कार्रवाई से पंडा की मढिया से इमरती तालाब मार्ग पर राहगीरों और वाहन चालकों को जाम से मुक्ति मिलेगी। निगमायुक्त ने कहा कि जल संरक्षण करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने ने आम नागरिकों और व्यापारियों से सहयोग की अपील की है ताकि शहर को साफ, सुंदर और यातायात के लिहाज से सुरक्षित बनाया जा सके। कछपुरा हॉकर जोन में दुकानें शिफ्ट होने से क्षेत्र में एक व्यवस्थित बाजार का स्वरूप विकसित होगा।

पहली बारिश में नालियां चौक नागरिक खुद कर रहे सफाई

बरेला। नगर परिषद द्वारा बारिश से पहले नालियों और नालों की सफाई का दावा किया गया था, लेकिन बारिश की पहली ही खेप में नगर परिषद के दावे की पोल खुल गई। वार्ड नंबर 7 के निवासी बलराम चक्रवर्ती ने बताया कि उनके घर के सामने नाली पूरी तरह चौक हो गई है और इसमें कचरा जम गया है, जिससे ओवरफ्लो की समस्या उत्पन्न हो रही है।बलराम ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के कर्मचारी केवल सड़क झाड़ू लगाते हैं और नालियों की सफाई की ओर ध्यान नहीं देते, इसलिए नागरिक खुद ही सफाई कार्य में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा सफाई कर्मचारियों के काम की कोई मॉनिटरिंग नहीं की जाती। नगर परिषद का दावा है कि बारिश से पहले सभी नाले साफ कर दिए गए हैं, लेकिन आने वाले दिनों में जब बारिश का दौर पूरी तरह शुरू होगा, तब वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

श्री नन्हें लाल- गौराव तालाब इंद्रा बस्ती रतन नगर निवासी श्री नन्हें लाल (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती प्रभुता बारी- काचंघर समीक्षा टाउन निवासी श्री संतोष बारी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभुता बारी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राकेश राजपूत- करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री राकेश राजपूत (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्रीमती आशा पांडे- होम साईंस कॉलेज रोड नेपियर टाउन निवासी श्री दिनेश कांत पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पांडे (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

डॉ. मातेंद्र सिंह- न्यू रामनगर अधारताल निवासी डॉ. मातेंद्र सिंह (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती कपूरा बाई विश्वकर्मा- लेबर चौक स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री हरि कृष्ण विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कपूरा बाई विश्वकर्मा (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री प्रमोद कुमार राव- बिलहरी पोस्ट आफिस के पीछे निवासी श्री सुरेश कुमार राव के पुत्र श्री प्रमोद कुमार राव (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती माया श्रीवास- गली नं. 18, सदर निवासी श्री शंकर लाल श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती माया श्रीवास (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रामरति कुशवाहा- बेहना मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री श्याम लाल कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति कुशवाहा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती कौशल्या शर्मा- विजय नगर छापर रामपुर निवासी श्री नाथूराम शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या शर्मा (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती देवकी बाई झारिया- महाराजपुर निवासी श्री जमना प्रसाद झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती देवकी बाई झारिया (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

पीएम मोदी के नेतृत्व के 12 वर्षः सभी को साथ लेकर चलना एवं देश को सुरक्षा देने के साथ आर्थिक रूप से मजबूत बनाना रही विशेषता

भारत के आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण का कालखंड है पीएम मोदी का कार्यकाल

भारत के इतिहास में नरेंद्र मोदी का लगातार 3 बार प्रधानमंत्री बनना देश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लगातार 3 बार सत्ता में आना मोदी की कार्यप्रणाली, सभी को साथ लेकर चलना और देश को सुरक्षा देने के साथ आर्थिक रूप से मजबूत बनाना ही उनकी विशेषता रही है। प्रधानमंत्री मोदी की इन्हीं विशेष खूबियों ने नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय लिखा है।

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र

नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, तब देश की जनता ने केवल एक सरकार नहीं चुनी थी, बल्कि शासन की एक नई कार्यशैली और राजनीतिक संस्कृति की अपेक्षा भी व्यक्त की थी। बारह वर्ष बाद इस यात्रा को केवल योजनाओं, आंकड़ों और उपलब्धियों के आधार पर नहीं, बल्कि उस व्यापक दृष्टिकोण के आधार पर समझना अधिक उचित होगा, जिसने शासन की सोच को प्रभावित किया। यदि इन बारह वर्षों को तीन शब्दों में समेटना हो, तो वे शब्द होंगे- सेवा, सुशासन और संकल्प। प्रधानमंत्री की सोच में सेवा का अर्थ केवल कल्याणकारी योजनाएं चलाना नहीं रहा, बल्कि सेवा का अर्थ शासन स्वयं को जनता का संरक्षक और सेवक के रूप में हैं। इस दृष्टि से पिछले बारह वर्षों में शासन की प्राथमिकताओं में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की उन्होंने चिंता की है। गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग को केवल वोट बैंक के रूप में नहीं, बल्कि विकास प्रक्रिया को केंद्र में रखने की कोशिश की जो सफलता के शिखर तक जा पहुंची। यही सोच पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद में भी दिखाई देती है। पीएम मोदी की सरकार ने बार-बार यह संदेश दिया है कि विकास का वास्तविक अर्थ तब है, जब उसका लाभ समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुंचे। प्रधानमंत्री की प्रमुखता में सुशासन एक प्रमुख केन्द्र बना। सुशासन का अर्थ सरकार को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और प्रभावी बनाना है। डिजिटल तकनीक का उपयोग इसी दर्शन का हिस्सा था।

ब्लॉग

शासन और नागरिक के बीच की दूरी कम करने, प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा निर्णयों को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए गए, जो लगातार जारी हैं। इसका मूल ध्येय यह है कि आम नागरिक को सरल और सहज तरीके से उसके अधिकार मिलें और योजनाओं का लाभ सहजता से मिल सके। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो लोकतंत्र में संवाद को आवश्यक मानते हैं। उनका समय-समय पर अलग-अलग वर्गों से सीधा संवाद करना और उन्हें मार्गदर्शन देना अदभुत है। वे युवाओं के लिए अभिभावक की भूमिका भी निभाते हैं। छात्र-छात्राओं को परीक्षा के समय आत्म मजबूत करने के लिए परीक्षा पर चर्चा जैसे विषयों पर उनका संवाद लगातार जारी रहता है। इसी क्रम में उनकी मन की बात कार्यक्रम को पूरा देश बड़े आत्मीय तरीके से आत्मसात करता है। यही हमारे प्रधानमंत्री की विशेषता है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की कार्यशैली में यह स्पष्ट दिखाई दिया देता है कि बड़े निर्णयों से बचने के बजाय उन्हें समाधान तक कैसे पहुंचाया जाए? दरअसल, इसे ही निर्णायक नेतृत्व कहते हैं। यह निर्विवाद है कि निर्णय लेने की क्षमता इस शासनकाल की प्रमुख पहचान रही है। इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में मोदी सरकार ने विकसित भारत को राष्ट्रीय संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। यह संकल्प केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है।

इसके भीतर आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव की भावना भी जुड़ी हुई है। पिछले बारह वर्षों में बार-बार यह संदेश दिया गया कि भारत को केवल विकासशील राष्ट्र के रूप में संतुष्ट नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे विश्व की अग्रणी शक्तियों में स्थान प्राप्त करना चाहिए। यह दृष्टिकोण भारतीय समाज में एक नए आत्मविश्वास का निर्माण करता है। प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरणा लेकर हमने भी विकसित मध्यप्रदेश का सपना देखा। यह बताते हुए मन भाव-विभोर है कि पीएम मोदी का हर कदम पर हर निर्णय पर मार्गदर्शन, स्नेह और आशीर्वाद मिला। चाहे वर्षों से लंबित केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना हो या पीएम मित्र पार्क, उन्होंने आगे बढ़कर परेशानियों को दूर किया। उनके जैसा नेतृत्व दुर्लभ है। हाल ही में देश के सात राज्यों में पीएम मित्र पार्क बनाने का निर्णय हुआ, तो उस सूची में मप्र को भी रखा गया। यह अति प्रसन्नता का विषय है कि अब तक सिर्फ मप्र में ही पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन हुआ है और यह गौरव का विषय रहा कि धार में पार्क के भूमिपूजन में प्रधानमंत्री शामिल हुए। यह सब मप्र से उनके विशेष लगाव का परिणाम ही है।

प्रदेश में साइबर तहसील का सफल क्रियान्वयन हो या भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल, सब प्रधानमंत्री मोदी के स्नेह -आशीर्वाद-मार्गदर्शन का ही परिणाम है। आज प्रदेश में नौ एयरपोर्ट हैं, तो इसके पीछे भी उनका ही मार्गदर्शन है। आज हमारा मप्र नक्सल मुक्त है, तो इसके पीछे उनका ही दिशा-निर्देश है। उन्होंने समय-समय पर समझाया, तो चेताया भी। उन्होंने कहा कि गोली का जवाब गोली से दो पर जो लोग बंदूक-हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं, उनके लिए बेहतर से बेहतर पुनर्वास की व्यवस्था भी हो। उनकी सलाह-चेतावनी का ही सुफल है कि आज मप्र लाल सलाम को आखिरी सलाम कह चुका है।

प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में ही मप्र में उद्योगों का जाल बिछ रहा है, लाखों-करोड़ का निवेश हो रहा है। फरवरी 2025 में भोपाल में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में शामिल होना, उनका विशेष स्नेह ही तो दर्शाता है। उनकी सीख ही थी कि हमने शुरूआती निर्णयों में इंदौर के हुकुमचंद मिल के कामगारों को उनका बकाया अधिकार दिलवाने में सफलता हासिल की। कामगारों को चेक सौंपने के अवसर पर कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित भी किया था। मप्र के सभी 55 जिलों में अग्रणी सरकारी कालेजों को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करना हो या हाईवे का विकास हो, हर मोर्चे पर प्रधानमंत्री मोदी ने आगे बढ़कर रूचि दिखाई, मार्गदर्शन मदद और स्नेह देते रहे। मुझे कहने में तनिक भी संकोच नहीं है कि वे कालजयी, त्रिकालदर्शी नेता हैं। हमारे मार्गदर्शक और संरक्षक मोदी के कार्यकाल की एक महत्वपूर्ण विशेषता सांस्कृतिक चेतना का पुनर्रुत्थान भी है।

पिछले बारह वर्षों में भारतीयता, विरासत और सभ्यता पर गर्व करने का भाव अधिक मुखर होकर सामने आया है। यह विचार केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक यात्रा को आधुनिक राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रयास भी है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, काशी का पुनर्विकास हो, या विश्व मंचों पर भारतीय परंपराओं और योग का प्रचार इन सभी के पीछे सांस्कृतिक आत्मविश्वास का वही भाव दिखाई देता है। उनसे प्रेरणा प्राप्तकर मप्र भी अपनी विरासत को संजो रहा है। किसी भी राष्ट्र की शक्ति केवल उसकी अर्थव्यवस्था या सेना में नहीं होती। उसकी शक्ति उसके आत्मविश्वास में भी होती है। इस दृष्टि से सांस्कृतिक पुनर्जागरण मोदी के कार्यकाल की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों को यदि केवल योजनाओं और आंकड़ों से समझने का प्रयास किया जाए, तो तस्वीर अधूरी रह जाएगी। इन 12 वर्षों का वास्तविक महत्व उस सोच में है, जिसने शासन को सेवा से, प्रशासन को सुशासन से और राजनीति को संकल्प से जोड़ने का सफल प्रयास किया है। यह कालखंड भारत के आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण का कालखंड रहा है। यह नए भारत की आधारशिला है।

सिंहस्थ के लिए प्रगति पर हैं 16 हजार 910 करोड़ रुपए के 148 विकास व निर्माण कार्य

सिंहस्थ-2028 के लिए 17 नए विकास कार्यों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के भव्य और दिव्य आयोजन के लिए जारी बेहतर रोड नेटवर्क के लिए इंफ्रॉस्ट्रक्चर निर्माण, शिप्रा घाटों के निर्माण, पुण्य स्नान के लिए जल की उपलब्धता, श्रद्धालुओं के ठहरने और आवागमन की सुगम व्यवस्था तय समय-सीमा में पूर्ण की जाए। बेहतर प्रबंधन के लिए स्टाफिंग और उनके प्रशिक्षण की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से शुरू करें।

भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा के लिए अद्यतन तकनीक के उपयोग और आपदा प्रबंधन व चिकित्सा सुविधाओं के लिए माइक्रो प्लानिंग की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में हुई सिंहस्थ-2028 की कैबिनेट समिति की छठवीं बैठक में यह दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट समिति ने 491.66 करोड़ रुपए की लागत के 17 नए विकास कार्यों को मंजूरी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने उज्जैन एवं आसपास के 7 जिलों में जारी 16 हजार 910 करोड़ से अधिक लागत के 148 विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सभी वरिष्ठ मंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव व सचिव स्तर के अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा, बेहतर आवागमन, सुरक्षा व्यवस्था के लिए दिए निर्देश

खास बातें

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-मंडलीय समिति की छठवीं बैठक सम्पन्न
- ओंकारेश्वर में बनेगा हेलीपेड, उज्जैन सहित ओंकारेश्वर, देवास, इंदौर, खंडवा, आगर-मालवा, शाजापुर, मंदसौर और खरगोन में जारी हैं गतिविधियां

सिंहस्थ-2028 की कैबिनेट समिति की बैठक में चर्चा करते सीएम।

ओंकारेश्वर में निर्माण कार्य स्वीकृत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में ओंकारेश्वर मंदिर परिसर के 160 करोड़ की लागत के निर्माण कार्य, नगर परिषद ओंकारेश्वर में 12.63 करोड़ रूपए लागत की सीसी रोड निर्माण, ओंकारेश्वर रोड सनावद पर 9.23 करोड़ रूपए लागत के रेलवे आरओबी निर्माण, ओंकारेश्वर में 24.99 करोड़ रूपए लागत की मल्टी लेवल पार्किंग, फूड कोर्ट, टॉयलेट और एडमिन ब्लॉक निर्माण, बैरिक तथा प्रशिक्षण हॉल, अस्पताल और स्टाफ क्वार्टर, पार्किंग और अस्पताल भवन उन्नयन कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 के लिए जारी विभिन्न गतिविधियों की विभागवार समीक्षा की।

बैठक में उज्जैन के विकास कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान

उज्जैन में शनि मंदिर से प्रशांति धाम चौराहा मार्ग तक पुल और एप्रोच रोड का 30 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण होगा। तपोभूमि से पिपलियाराघो पंचक्रोशी मार्ग पर कान्ह नदी पर 12 करोड़ रुपए की लागत से समानांतर नया पुल। तपोभूमि से गंगेडी व्हाया राघोपिपल्या तक 5.5 किमी की 30 करोड़ रुपए लागत की दो लेन की नई सड़क। देवास रोड से लालपुर होते हुए गरोठ मार्ग तक ढाई किमी लंबा पंचक्रोशी मार्ग। फोर लेन की यह सड़क 18 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी।

यह कार्य भी होंगे

उज्जैन में देवास रोड पर लोक निर्माण विभाग 2.36 करोड़ रुपए की लागत से विश्राम गृह (रेस्ट हाउस)। उज्जैन के देवास रोड स्थित पीडब्लयूडी सर्किट हाउस का विस्तार और नवीनीकरण। लेकोड़ा से टनकारिया रेलवे स्टेशन रोड तक 13.28 करोड़ रुपए से 2.50 किमी लंबी सड़क।

पुलिस-प्रशासन-नगर निगम बेहतर समन्वय के लिए अभी से अभ्यास करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ : 2028 के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन का समन्वय कंट्रोल रूम से होगा। इसका सम्पूर्ण नियंत्रण पुलिस द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। पुलिस, जिला प्रशासन, नगर निगम तथा अन्य सभी एजेंसियां बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें।

प्रमुख सचिव वन की अध्यक्षता में हुई मप्र टाइगर फाउंनडेशन समिति की 22वीं शासी निकाय की बैठक

वन्य-जीवों के संरक्षण और संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने क्षेत्रीय स्तर पर होगा चरवाहा सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र टाइगर फाउण्डेशन समिति की 22 वीं शासी निकाय की बैठक प्रमुख सचिव वन संदीप यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई। बैठक में टाइगर फाउण्डेशन समिति की 21 वीं बैठक का अनुमोदन किया गया। बैठक में वन्य एवं वन्य-जीव संरक्षण से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं प्रस्तावों की समीक्षा की गई।

संरक्षित क्षेत्रों, वन मण्डलों में वन्य-जीव संरक्षण, आवास विकास, मानव वन्य-जीव संघर्ष न्यूनीकरण, अनुसंधान, अध्ययन, जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन के साथ ब्लैकबक कैप्चर ऑपरेशन से संबंधित कार्यों के लिए लगभग 22.79 करोड़ की राशि के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। समिति के वर्ष 2026-27 के वार्षिक कार्य-योजना (एपीओ) का भी अनुमोदन किया गया। साथ ही टाइगर फाउण्डेशन समिति की 22वीं बैठक की कार्यसूची के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई।

समिति की बैठक हर 3 माह में आयोजित की जाए

प्रमुख सचिव यादव ने कहा कि टाइगर फाउंडेशन समिति की बैठक हर 3 माह में आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि इससे कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता आएगी। यादव ने कहा कि वन्य-जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर चरवाहा सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया गया। बैठक में जिन कार्यों की स्वीकृति दी गई है, उन्हें नियमानुसार गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव डॉ. समीता राजौरा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-जीव) एल. कृष्णमूर्ति एवं संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान बैठक में उपस्थित रहे। अपर पुलिस महानिदेशक एवं अध्यक्ष टाइगर सेल, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक माधव राष्ट्रीय उद्यान, मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त सागर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, क्षेत्र संचालक कान्हा, बांधवगढ़, पेंच और वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व वर्चुअली शामिल हुए।

झारखंड से अंबिकापुर जा रहे आरोपी रास्ता भटके

जशपुरनगर में नशीले इंजेक्शन के जखीरे के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

पुलिस की गाड़ी को देख कर भागने लगे आरोपी दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

शहर के नजदीक किनकेल के जंगल से पुलिस ने नशीली इंजेक्शन के जखीरे के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह जखीरा झारखंड के गुमला जिले के तिगरा गांव से अंबिकापुर जा रहा था।

लेकिन तस्कर रात के अंधेरे में रास्ता भटक कर किनकेल के जंगल पहुंच गए,यहां कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ गए। एसपी कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया कि मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात कोतवाली प्रभारी मोरध्वज देशमुख के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम सारूडीह की ओर निकली थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार,पुलिस की गाड़ी को देख कर भागने लगी।इस पर पुलिस ने संदिग्ध कार का पीछा किया। पुलिस को पीछे आते देख कर तस्कर कार छोड़ कर किनकेल जंगल की ओर भाग गए।

चौथी बार चैंपियन बना माता रुक्मणी क्लब

बस्तर की बेटियों का कमालः अब नेशनल में दिखाएंगी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जैसे सुदूर और संवेदनशील वनांचल क्षेत्र की प्रतिभावान बेटियों ने एक बार फिर खेल के मैदान पर अपने अद्वितीय कौशल और अदम्य साहस का लोहा मनवाते हुए पूरे छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है।

माता रुक्मणी महिला फुटबॉल क्लब (एमआरएफसी) डिमरापाल (बस्तर) की युवा महिला टीम ने छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल लीग के वर्तमान संस्करण के खिताब पर एकतरफा कब्जा जमा लिया है। इस खिताबी जीत के साथ ही बस्तर की इन बेटियों ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की इंडियन विमेंस फुटबॉल लीग-टू के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जहां वे अब छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

छह में से चार बार जीत चुकी हैं प्रतिस्पर्धा

वर्ष 2020 में छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल लीग की विधिवत शुरुआत होने के बाद से अब तक कुल छह सीजन आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें से रिकॉर्ड चौथी बार एमआरएफसी की टीम चैंपियन बनी है।

एमपी स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन को एक वर्ष तक के लिए 29,500 करोड़ की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति दी

किसान कल्याण से जुड़े कार्यों के लिए 13 हजार 800 करोड़ रुपए की कैबिनेट से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट की बैठक में मप्र के बुनियादी ढांचे, तकनीकी विकास और किसान कल्याण से जुड़े कार्यों के लिए लगभग 13 हजार 800 करोड़ रुपए की स्वीकृति के साथ कई बड़े एवं महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर लगाई गई है। इसके साथ ही राज्य में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को सुदृढ़ करने के लिए 5 वर्षों 2026-2031 के लिए आईटी संवर्ग परामर्श सेवाओं और कार्य योजना के लिए 235 करोड़ 63 लाख रुपए स्वीकृत किए गए है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें आगामी रबी और खरीफ विपणन सत्रों में फसलों के सुचारू उपार्जन को सुनिश्चित करने के लिए एमपीएससीएससी और मार्कफेड को 8,600 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति देने की भी बड़ी मंजूरी दी गई है। यह फैसले प्रदेश की आर्थिक और सामाजिक उन्नति की दिशा में सशक्त कदम साबित होंगे। आईटी संवर्ग परामर्श सेवाओं और कार्य के लिए 235 करोड़ 63 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। यह योजना वर्तमान में शासन की डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन प्रक्रिया की आधारभूत आवश्यकता है तथा भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई), बिग डाटा एनालिटिक्स, ब्लॉक चेन तकनीक एवं सायबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में राज्य की तैयारियों को सुदृढ़ करने के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। 'ई-गवर्नेंस उत्कृष्टता पुरस्कार" के माध्यम से विभागों एवं अधिकारियों के नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से मप्र को ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने में सहायता मिलेगी।

बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री

निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने की स्वीकृति

एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन और मार्कफेड को 8,600 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने की स्वीकृति दी गई। एमपी स्टेट सिविल सप्लाई कारपोरेशन लि. एवं मार्कफेड को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की द्वय खाद्यान्न साख सीमा के पुनर्भुगतान के लिए 1 अप्रैल से 31 मार्च 2027 तक के लिए 8,600 करोड़ की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराए जाने की स्वीकृति दी है। इसके अलावा एमपी स्टेट सिविल सप्लाई कारपोरेशन लि. को 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 (एक वर्ष) तक की अवधि के लिए 29,500 करोड़ रुपए की निःशुल्क शासकीय प्रत्याभूति उपलब्ध कराई गई है।

अमृत भारत स्टेशन योजना में लापरवाही की हदें पार

पावर हाउस रेलवे स्टेशनः तीन फीट की दूरी पर टांग दिए दो चालू पंखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई के व्यस्ततम पावर हाउस रेलवे स्टेशन को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करोड़ों रुपए की लागत से आधुनिक विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर चल रहे कार्य रेल प्रशासन की लापरवाही की कहानी बयां कर रहे हैं।

प्रतिदिन औसतन 30 से अधिक प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और 25 से 30 हजार यात्रियों की भारी आवाजाही वाले इस महत्वपूर्ण स्टेशन पर किए गए अव्यवस्थित निर्माण कार्य यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। रेलवे के इतिहास में पहली बार बुनियादी प्लानिंग का ऐसा घोर अभाव देखा जा रहा है, जहां कई नवनिर्मित ढांचों को दोबारा तोड़कर बनाया गया।

पंखे लगाने में भारी खामी

इस घोर लापरवाही का सबसे अनूठा और हास्यास्पद उदाहरण स्टेशन के करीब 650 मीटर लंबे प्लेटफार्म नंबर-1 पर देखने को मिला। यहाँ यात्रियों की सुविधा के लिए सीलिंग फैन लगाने में भारी तकनीकी चूक की गई। प्लेटफार्म क्रमांक-1 के दुर्ग छोर पर रेल पोल क्रमांक 857/6 के पास दो सीलिंग पंखे महज तीन से साढ़े तीन फीट की परस्पर दूरी पर टांग दिए गए हैं। मजे की बात यह है कि दोनों पंखे वर्तमान में चालू हालत में हैं। दोनों के ब्लेड आपस में टकराकर किसी बड़े हादसे का कारण न बनें, इसलिए उनकी ऊंचाई में मामूली सा अंतर कर दिया गया है। यात्री इसे रेलवे अधिकारियों की अदूरदर्शिता का जीवंत प्रमाण मान रहे हैं।

नवजात को लेकर फर्श पर लेटी रही प्रसूता

बिलासपुर। संभाग के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सिम्स (छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान) में स्टाफ का अमानवीय चेहरा सामने आया है। सोमवार की रात डेढ़ बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी से रेफर होकर पांच दिन के नवजात के साथ प्रसूता अपने स्वजन के साथ इलाज के लिए सिम्स पहुंची थी। उन्हें बिना इलाज के रात को ही लौटा दिया गया। 20 वर्षीय महिला को पेट दर्द था और ब्लड चढ़ाना था। महिला को स्टाफ नर्स ने वापस लौटा दिया साथ ही उनके पांच दिन के शिशु का एक हाथ नहीं उठ रहा था, जिसका एक्स-रे कराने के लिए महिला सिम्स पहुंची थी। इस बीच महिला को स्टाफ नर्स ने यह कहते हुए लौटा दिया कि रात में बड़े डॉक्टर नहीं हैं, इलाज नहीं होगा। वैसे भी पेट दर्द और पाइल्स से कोई नहीं मरता। रात में महिला को भर्ती भी नहीं किया गया।

- नर्स ने कहा- जाओ, पेट दर्द से कोई नहीं मरता

एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के शोधकर्ताओं ने एक नई तकनीक विकसित की

एजेंसी ▶▶ पुणे

फैक्ट्रियों और वर्कशॉप्स में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने एक नई तकनीक विकसित की है। यह तकनीक कटिंग मशीनों से होने वाले तेज शोर को 20 डेसिबल तक कम कर सकती है। यह मशीन से निकलने वाली चिंगारियों, धूल और छोटे धातु कणों को बाहर फैलने से भी रोकती है। एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के फैकल्टी मेंबर डॉ. रोहित रघुनाथ घाडगे, डॉ.महेश वसंतराव कुलकर्णी और पीएचडी स्कॉलर यश उत्साही चावंडे ने इस तकनीक को विकसित किया है। यह एक विशेष सुरक्षा कवच के रूप में तैयार की गई है, जिसे नई और पुरानी, दोनों तरह की कटिंग मशीनों पर आसानी से लगाया जा सकता है। इसमें पारदर्शी खिड़कियां भी दी गई हैं, ताकि कर्मचारी सुरक्षित रहते हुए मशीन का काम देख सकें। यह अलग-अलग आकार की वस्तुओं की कटिंग के दौरान भी आसानी से इस्तेमाल की जा सकती है।

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

प्रारूप - V (नियम 10 देखे)

धारा 19 (1) के तहत् पुनर्वासन एवं पुनर्व्यावस्थापन घोषणा का प्रकाशन
सचिव, राजस्व विभाग

क्रमांक 370 / अ.वि.अ./ भू-अर्जन / 2026 नरसिंहपुर, दिनांक 02/06/2026

रा.मा.क्र. 0001//अ-82 / 2025-26 ग्राम - गुरसी प.ह. नं. - 13 / 7 नं.ब. - 141 तहसील - करेली

जहां सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु ग्राम-गुरसी प.ह. नं. - 13 / 7 नं.ब. - 141 तहसील - करेली जिला नरसिंहपुर में कुल 40.524 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है। इसलिये घोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो 40.524 हेक्टेयर है ग्राम - गुरसी तहसील करेली जिला नरसिंहपुर में है, जिसका विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित है :-

ग्राम - गुरसी प.ह.नं.- 13 / 7 नं.ब. - 141 तहसील - करेली

स. क्र.	हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता	स्वामित्व का प्रकार	खसरा नंबर	अर्जित रकबा हे.
1	2	3	4	5
1	राधाबाई वेवा छोटेलाल जाति लोधी पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	283/2/1 (s) 283/2/3 (s)	0.390
2	हल्कू उर्फ गिरिराज पिता गोधनसिंह जाति लोधी पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	283/7/1 (s) 283/7/3 (s)	0.188
3	रामसिंह पिता गोधनसिंह जाति लोधी पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	283/6/1 (s) 283/6/3 (s) 251/4/ (s)	0.190 0.048
4	राजबलसिंह पिता हल्के सिंह जाति लोधी पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	282/3/1/1 (s) 282/3/1/1/3 (s)	0.101
5	उदयसिंह पुत्र हल्के सिंह जाति लोधी पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	282/5/1 (s)	0.550
6	रामसेवक पिता हल्के सिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	282/5/2 (s)	
7	बाबूलाल पिता हल्के सिंह जाति लोधी भूमि पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	282/6 (s) 279/1 (s) 279/2 (s)	0.368 0.188
8	शंकरलाल पुत्र नन्हेलाल नोरिया जाति ढीमर छोटीबाई पत्नी नन्हेलाल नोरिया जाति ढीमर संतोषी पुत्री नन्हेलाल नोरिया जाति ढीमर सोनू पुत्र नन्हेलाल नोरिया जाति ढीमर संतोष पुत्र नन्हेलाल नोरिया जाति ढीमर पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	278(s) 272/5 (s) 273 (s)	0.441 1.079
9	जीजीबाई पति शोभाराम जाति ढीमर पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	276/1 (s) 277/1 (s) 274/2 (s)	0.486 0.291
10	जानकीबाई पत्नि केवल जाति कहार पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	276/2 (s) 277/2 (s)	0.405
11	दशरथ सिंह वल्द तुलसीराम जाति ढीमर पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश	भूमिस्वामी	275/3 (s) 280/3 (s)	0.256
12	दामोदर वल्द तुलसीराम ढीमर सा. देह भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	275/5 (s) 280/5 (s)	0.360
13	कैकई बाई वेवा तुलसीराम जाति ढीमर पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश	भूमिस्वामी	275/6 (s) 280/6 (s)	0.800
14	आरती पिता शोभाराम दुर्गेश पिता शोभाराम भुजबल ना.बा. पिता शोभाराम बली मां जीजीबाई शोभाराम पिता भैयालाल जाति ढीमर पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	274/1 (s) 272/3/1 (s)	0.089 0.176
15	घासीराम पुत्र बारेलाल जाति ढीमर पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	272/2 (s) 272/4 (s)	0.028
16	चन्द्रभान सिंह पिता सरदार सिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	263/2 (s) 265 (s)	1.138
17	`रामसिंह पिता बैनीसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	262 (s) 263/1 (s)	1.862
18	तारापत पिता बेनीसिंह लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	264 (s)	0.124
19	ठा शिवनारायणसिंह पिता ठानन्हाजी ठा शंकरसिंह पिता ठानन्हाजी ठा. सुनेन्द्रसिंह पिता ठानन्हाजी द्वारकाबाई वेवा ठानन्हाजी कृष्णाबाई पुत्री ठानन्हाजी गीताबाई वेवा ठा राजेन्द्रसिंह जाति लोधी पता कुम्हरोड़ा करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	261(s)	0.454
20	नीलेश पिता तारापत जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	259/1 (s)	0.307
21	सुन्दरलाल पिता हल्के पता करेली नरसिंहपुर जाति ढीमर भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	260/1/1 (s)	0.373
22	नरवरसिंह पिता तेजबल सिंह जाति पटेल पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	260/1/2 (s)	
23	खीरसिंह निहालसिंह शोभाराम कृष्णाबाई पूनाबाई मुन्नीबाई पिता तेजबल जयवंतीबाई वेवा किशोरसिंह सुरेश दिनेश रमेश पिता किशोरसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	260/2 (s)	0.408
24	नरवर सिंह पुत्र तेजबल सिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	260/3 (s) 256 (s)	0.364 0.040
25	सुशीलाबाई वेवा निहालसिंह जाति लोधी पता हिरनपुर करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी नेतराज पिता निहाल सिंह रामसीग पिता निहालसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	255/3 (s)	0.845
26	गोमतीबाई वेवा जगदीश सुरेन्द्र पुत्र जगदीश सतेन्द्र पुत्र जगदीश संदीप पुत्र` जगदीश सुमन पुत्री जगदीश संध्या पुत्री जगदीश जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	255/2 (s)	0.404
27	धरमसिंह पुत्र गेंदालाल जाति लडिया पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	255/1 (s)	0.850
28	तुलसाबाई पिता लक्ष्मण सिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश	भूमिस्वामी	254/1 (s)	0.152
29	हेमराज पिता नेतराम जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश	भूमिस्वामी	254/2 (s)	0.252
30	प्रदीप पिता नेतराम जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश	भूमिस्वामी	254/3 (s)	1.094
31	प्रमोद पिता नेतराम जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश	भूमिस्वामी	254/4(s)	0.074
32	गेरेलाल पुत्र चतुर्भुज जाति लोधी पता गुरसीकरेली सिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	252/1 (s)	0.120
33	भारत पिता शेरसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	252/2 (s)	0.168
34	हाकम सिंह आ. देवीसिंह लोधी सा. देह भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	251/1 (s)	0.097
35	मालती बाई लोधी पत्नी डोरीलाल जाति भूमिस्वामी लोधी राजेंद्र लोधी पुत्र डोरीलाल जाति लोधी धर्मेंद्र लोधी पुत्र डोरीलाल जाति लोधी प्रदीप कुमार लोधी पुत्र डोरीलाल जाति लोधी आशीष कुमार लोधी पुत्र डोरीलाल जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	251/2 (s)	0.325
36	मातवरसिंह पिता छोटेलाल जाति लोधी पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	251/3 (s)	0.097
37	हल्कू उर्फ गिरिराज पिता गोधनसिंह जाति लोधी पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	251/5(s)	0.048
38	38 मानकुंवर बाई पत्नी दुलीचंद ढीमर पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	176/1/2 (s) 177 (s)	0.080 0.223
39	मनोहरलाल पिता शोभाराम सरस्वती बाई उर्फ गीताबाई पिता शोभाराम जाति बाढई पता करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	176/1/1 (s)	0.240
40	सीताराम पिता परसादी जाति बाढ़ई पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	176/2 (s)	0.360
41	राजकुमार पिता लेखराम जाति बाढ़ई पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	176/3 (s)	0.360
42	हाकमसिंह पिता बहादुरसिंह तुलसाबाई पुत्री दरयाब नन्हू हरिशंकर टीकाराम पिता सरदारसिंह सोखेलाल पिता पतिराम जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	174/1 (s)	0.267
43	राकेश पिता नर्मदाप्रसाद जाति लोधी पता पता गुरसी करेली नरसिंहपुर	भूमिस्वामी	174/2 (s)	0.251
44	भारतसिंह वल्द जालमसिंह जाति बाढई पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	173/2 (s) 182 (s)	0.290 0.028
45	काशीराम पुत्र रामचरण जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	172/1 (s)	0.809
46	मोतीलाल पूरनलाल पिता कोमलसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	272/3 (s)	0.709
47	मलखानसिंह पिता हल्केसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	170/3 (s) 171/2 (s)	0.307
48	रामेश्वर सिंह पिता हल्के सिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	170/5 (s) 171/4 (s)	0.667
49	धमेन्द्र पिता मलखानसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	170/6 (s) 171/5 (s)	0.105
50	मल्ले पिता हल्के जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश	भूमिस्वामी	170/7 (s) 171/6 (s)	0.951
51	देवीसिंह पुत्र मल्ले सिंह लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	170/8 (s) 171/7 (s)	0.145
52	टीकाराम पुत्र भगवत जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	168/6 (s)	0.251
53	नीरज पत्नि स्व. प्रतापसिंह प्रभातसिंह पिता प्रतापसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	146 (s)	0.405
54	हल्कीबाई पत्नि डालसिंह जाति लोधी भूमिस्वामी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	149/3 (s) 150/3 (s)	0.101
55	तिब्बा वेवा ओमकार डालचंद पुत्र ओमकार नर्मदीबाई हरिबाई पुत्री ओंकार अन्तोष पुत्र ओंकार अहिल्या पुत्री ओंकार सूरज पुत्र ओंकार जाति ढीमर पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	165 (s) 168/3 (s)	1.084 0.283
56	हरीबाई चतराबाई पुत्री परामलाल जाति धानक पता गुरसी करेली नरसिंहपुरे मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	230 (s)	0.040
57	नन्हेलाल पिता नब्बू जाति ढीमर पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	164/1 (s) 168/5/1 (s)	0.229 0.081
58	शंकरलाल पिता नब्बू जाति ढीमर पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	164/2 (s) 168/5/2 (s)	0.229 0.081
59	रमेशकुमार पिता नब्बू जाति ढीमर पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश	भूमिस्वामी	164/3 (s) 168/5/3 (s)	0.234 0.081
60	दुल्लीसिंह पिता नब्बू सविता बाई पत्नी राजाराम जाति ढीमर पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	164.4 (s)	0.234
61	टीकाराम पुत्र भगवत जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	163/1 (s)	0.120
62	गोदावरी बाई बेवा रामसिंह किरण बाई पुत्री रामसिंह लोधी पत्नी नरेन्द्र सिंह लोधी प्रीती पुत्री राम सिंह लोधी पत्नी उदयभान सिंह लोधी देवेन्द्र संजय पुत्र रामसिंह लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	158/1 (s) 158/2 (s)	0.364 0.291
63	लक्ष्मनसिंह पिता नन्हेसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	158/3 (s)	0.070
64	डोरीलाल तिलकसिंह पुत्र डालसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	158/6 (s)	0.648
65	प्रकाश पिता लक्ष्मीप्रसाद जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	155/3/1 (s)	0.445
66	देवेन्द्र पिता लक्ष्मीप्रसाद जाति लोधी पता गोकला करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	155/3/2 (s)	0.344
67	दमेतीबाई पत्नी गुलाबसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	155/4 (s)	0.668
68	लीलाबाई पत्नी द्वारकाप्रसाद जाति तिवारी पता बिचुआ करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	155/5 (s) 155/6 (s)	0.768
69	शिवकुमार पिता द्वारकाप्रसाद जाति तिवारी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	155/7 (s)	0.209
70	राजेन्द्र कुमार पिता लक्ष्मीप्रसाद जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	155/8 (s)	0.405
71	श्रीदेव रामचन्द्र जी सर खुमानसिंह पिता विजयसिंह जाति लोधी पता गुरसी प्रबंधक	भूमिस्वामी	156 (s)	0.202
72	भगवतसिंह पिता रघुनाथ सिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	162/1 (s) 163/2 (s) 166 (s) 168/1 (s)	0.308 0.457 1.441 1.700
73	जीजाबाई पिता प्रभुदयाल जाति लोधी चेतराम पिता प्रभुदयाल जाति लोधी गीता बाई पति प्रभुदयाल जाति लोधी ऋषिराज पिता प्रभुदयाल जाति लोधी रामकुमार पिता प्रभुदयाल जाति लोधी पता नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	161 (s) 162/2 (s) 167/ (s) 168/2 (s)	0.628 0.869 0.599 2.444
74	दुर्गाबाई पिता रणजीत सिंह पति सत्यनारायण जाति लोधी पता बंधी पिठेहरा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	168/4/1 (s)	0.933
75	पार्वतीबाई पिता रणजीत सिंह पति धनीराम जाति लोधी पता रमपुरा करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	168/4/2 (s)	
76	प्रभाबाई वेवा अशोक बिशन पिता अशोकसरोज पिता रणजीत सिंह एकमसिंह नन्हासिंह पिता गिरवसिंह गणेशीबाई वेवो दशरथ सिंह गजराज सुनीता पिता दशरथ सिंह उदयराज परसराम कुंवर चित्राबाई पिता जयराम सुशीलाबाई लीलाबाई बेवा छोटेलाल दीपक हेमवती पिता जयराम जाति लोधी जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	168/4/3 (s)	
77	सेवक सिंह पिता भगवतसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	179/1 (s) 179/2 (s)	0.284
78	प्रभाबाई वेवा अशोक कुमार विशन पुत्र अशोक कुमार जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	126/1 (s) 182/1 (s)	0.160
79	सेवक सिंह पिता भगवतसिंह लोधी सा. देह भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	126/1 (s)	
80	टीकाराम पुत्र भगवत जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	182/1 (s)	
81	हरिओम पिता नारायण सिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	126/3/1 (s) 182/4/1 (s)	
82	विनोद पिता सत्यपाल जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	126/3/2 (s) 182/4/2 (s)	
83	नन्हेलाल एकम सिंह पुत्र गिरवर सिंह लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	126/4 (s) 182/5 (s)	
84	गनेशीबाई वेवा दशरथ भूपेन्द्र पुत्र दशरथ गजराज पुत्र दशरथ सुनीता पुत्री दशरथ जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	126/5 (s) 182/6 (s)	
85	रामसिंह पिता गोधनसिंह हक्कू उर्फ गिरीराज पिता गोधनसिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	229/1 (s)	0.012
86	सूरत सिंह पिता देवी सिंह जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	229/3 (s)	0.024
87	दुर्गाबाई पिता रणजीतसिंह पति सत्यनारायण जाति लोधी पता बंधी पिठेहरा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	168/4/1 (s)	0.933
88	पार्वतीबाई पिता रणजीतसिंह पति धनीराम जाति लोधी पता रमपुरा करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	168/4/2 (s)	
89	89 प्रभाबाई वेवा अशोक बिशन पिता अशोक सरोजबाई पिता रणजीतसिंह एकमसिंह नन्हासिंह पिता गिरवरसिंह गणेशीबाई बेवा दशरथ सिंह गजराज सुनीता पिता दशरथसिंह उदयराज परसराम कुंवर चित्राबाई पिता जयराम सुशीलाबाई लीलाबाई बेवा छोटेलाल दीपक हेमवती पिता जयराम जाति लोधी पता गुरसी करेली नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी	भूमिस्वामी	168/4/3 (s)	
	कुल योग			40.524

1. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक- 8 खसरा नंबर - 278 (s), 272 / 5 (s) एवं 273 (s) में फौत हो जाने के कारण न्यायालय नायब तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 0199/अ-6/2024-25, आदेश दिनांक 08.10.2024 के अनुसार भू-अभिलेख अद्यतित किया गया । 2. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक - 35 खसरा नंबर - 251 / 2 (s) में फौत हो जाने के कारण न्यायालय नायब तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 0038 / अ-6 / 2025-26, आदेश दिनांक 24.04.2025 के अनुसार भू-अभिलेख अद्यतित किया गया । 3. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक- 73 खसरा नंबर - 161 (s) 162 / 2 (s) 167 (s) 168 /2 (s) में फौत हो जाने के कारण न्यायालय नायब तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 0412/अ-6/2024-25, आदेश दिनांक 27.02.2025 के अनुसार भू-अभिलेख अद्यति किया गया । 4. यह घोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आक्षेपों को सुनने और भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 15 में यथा उपबंधित सम्यक जांच करने के पश्चात की गयी है। 5. कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागरनहर संभाग नरसिंहपुर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है कि भू-अर्जन के कारण विस्थापित होने वाले संभावित कुटुम्ब की संख्या निरंक है, अत: इनके लिये पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित करने का प्रश्न उद्भूत नही होता है। 6. चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु हितबद्ध व्यक्तियों में से किसी भी व्यक्ति का विस्थापन नही होने से धारा 19 की उपधारा (2) के तहत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार प्रकाशित करने की आवश्यकता नही है। 7. उक्त भूमि के या उक्त भूमि के किसी भाग में पड़े कोयला, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिजों की खानें है, खान और खनिज के ऐसे भागों में जिन्हे उस प्रयोजन, जिसके लिए भूमि अर्जित की जा रही है, की परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाये या उपयोग किए जाने की अपेक्षा है, को छोडकर आवश्यक नही है । 8. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

(मणिन्द्र कुमार सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
सह भू-अर्जन अधिकारी
नरसिंहपुर

(रजनी सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-41168/26

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 7 संकल्प पारित

अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण को भी दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज -2(ए) को मंजूरी दे दी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि शहरी परिवहन को सुगम और आधुनिक बनाने के लिए कैबिनेट ने 'अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के चरण 2ए' को भी अपनी मंजूरी दे दी है। इस नए विस्तार के तहत 6.032 किमी लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। यह परियोजना मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो गलियारे के साथ जुड़ेगा।

ब्याज सहित इस मेट्रो परियोजना की अनुमानित लागत 2,169.04 करोड़ रुपए आएगी

6.032 किमी लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार

मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो गलियारे के साथ जुड़ेगा

अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना

पांच नए मेट्रो स्टेशन होंगे

फेज-2(ए) में चार एलिवेटेड और एक भूमिगत स्टेशन होगा। नया मार्ग शुरू होने के बाद, अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 77.63 किमी हो जाएगी। परियोजना के तहत प्रस्तावित स्टेशन -आश्रम रोड, कोटेश्वर प्राचीन मंदिर, साबरमती नदी, सरदार नगर और एयरपोर्ट होंगे। ब्याज सहित इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 2,169.04 करोड़ रुपए है। इस दौरान करीब 2,000 लोगों को रोजगार मिलेगा और प्रणाली के संचालन और रखरखाव के दौरान 500 लोगों के काम मिलने की संभावना है।

अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए विशेष जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निर्वाचित पीएम के रूप में सबसे लंबी अवधि तक पद पर रहने का नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए आज हुई कैबिनेट की बैठक में बाकायदा एक प्रस्ताव भी पारित किया गया है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से पीएम मोदी ने 'सात संकल्प' पेश किए हैं, जिनमें डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, स्टार्टअप इंडिया, नवाचार और उद्यमिता पर विशेष जोर दिया गया है।

अमरावती में केंद्रीय कार्यालय की मंजूरी

आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती में केंद्रीय सरकारी जनरल पूल कार्यालय आवास (सीजीजीपीओ) के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

5.53 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा

यह कार्यालय परिसर 5.53 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा और इसमें दो प्रमुख ब्लॉक बनाए जाएंगे। एक ब्लॉक प्लॉट सी-9 पर ग्राउंड प्लस 13 मंजिलों का होगा, जबकि दूसरा ब्लॉक प्लॉट सी-8 पर ग्राउंड प्लस 10 मंजिलों का बनाया जाएगा।

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आवासीय योजना

अमरावती में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (जीपीआरए) के निर्माण को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य पर्याप्त आवासीय सुविधा प्रदान करके केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर वित्तीय बोझ कम करना है। जीपीआरए कैंपस 17 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इस परियोजना में टाइप 2 से टाइप 6 तक की 1,504 आवासीय इकाइयों वाले 11 आवासीय टावर शामिल हैं, जिनमें रिफ्यूज एरिया भी शामिल हैं। परियोजना में 1,972 समतुल्य कार पार्किंग स्थान (ईसीएस) की क्षमता वाली बेसमेंट पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। परियोजना का कुल निर्मित क्षेत्र 31.30 लाख वर्ग फुट (2,90,762 वर्ग मीटर) है।

खबर संक्षेप

मोदी-नेहरू की तुलना उचित नहीं: शरद पवार

मुंबई। एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के भाजपा मंत्री गिरीश महाजन की कड़ी

आलोचना की है। महाजन ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी की थी। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना जवाहरलाल नेहरू से करने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि ऐसा करना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

एल्विश यादव ने बनाई खरगोश जनता पार्टी

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर हमेशा सक्रिय रहने वाले एल्विश यादव ने अपनी राजनीतिक पार्टी



'खरगोश जनता पार्टी' बना ली। उन्होंने इसे नारा भी दिया- तेज दिमाग, लंबे कान, सबका विकास गाजर के साथ। एल्विश ने पार्टी का ऑफिशियल पेज भी उन्होंने बना दिया है। उनके पेज पर 2 घंटे नें ही 3,213 फॉलोअर्स भी हो गए

भारतराजा को सीएम विजय ने दी श्रद्धांजलि

चेन्नई। बुधवार सुबह तमिल सिनेमा के दिग्गज निर्देशक भारतीराजा का निधन हुआ। सीएम

विजय ने निर्देशक भारतीराजा को श्रद्धांजलि दी, उनके अंतिम दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीराजा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी दुख जताया।

पीएम बाल पुरस्कार 2026 के लिए मांगे नामांकन

नई दिल्ली। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन

आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इस पुरस्कार के लिए आवेदन 1 अप्रैल 2026 से आरंभ हुए थे और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। सभी प्रविष्टियां पोर्टल पर जमा कराई जा सकती हैं।

सोनिया गांधी ने फोन करके ममता बेनर्जी को दिया बड़ा ऑफर

कांग्रेस में करें टीएमसी का विलय, देंगे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पद, ऋतब्रत बोले- ऐसा नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को खत्म करने की कगार पर पहुंचा दिया है। ममता बेनर्जी के 80 विधायकों में से 58 विधायकों ने अपना अलग गुट तैयार कर लिया और उसके बाद दिल्ली में भी करीब 20 सांसद टीएमसी से अलग हो गए। इस बीच कांग्रेस की सुप्रीम लीडर सोनिया गांधी ने टीएमसी अध्यक्ष ममता बेनर्जी को बड़ा ऑफर दिया है। सोनिया गांधी ने ममता बेनर्जी को टीएमसी के कांग्रेस में विलय का ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता से कहा है कि वो टीएमसी का विलय कर दें, इसके बदले में उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके अलावा उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बेनर्जी को भी पार्टी महासचिव का पद दिया जाएगा। हालांकि, दोनों पक्षों ने इस मुलाकात के एजेंडे या चर्चा के विषयों का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया है। वहीं, संभावित विलय को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने ऐसी किसी संभावना से इनकार किया है। उनका कहना है कि पार्टी के विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि कांग्रेस में जाने के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए विलय की अटकलों का कोई आधार नहीं है।

अभिषेक बेनर्जी को महासचिव बनाया जाएगा

बागी गुट बोला- कांग्रेस में जाने को तैयार नहीं

इंडिया ब्लॉक की बैठक में सोनिया गांधी और ममता बेनर्जी

ममता ने मांगा समय

सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता बेनर्जी को प्रस्ताव दिया है कि टीएमसी पर भाजपा के राजनीतिक हमलों को देखते हुए उन्हें अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए, वरना भाजपा उन्हें भी आम आदमी पार्टी की तरह परेशान करेगी। सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी ने खुद उन्हें फोन किया था। सूत्रों ने बताया कि ममता बेनर्जी ने इस पर फ़ैसला करने के लिए कुछ दिन

न तो सांसद जा रहे हैं और न ही विधायक

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता और तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने टीएमसी और

कांग्रेस के संभावित विलय की चर्चाओं को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि न तो टीएमसी की विधायक दल कांग्रेस में शामिल हो रही है और न ही पार्टी के सांसदों, नगर निकायों या पंचायतों के प्रतिनिधियों के बीच ऐसा कोई रुझान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विधायकों की संख्या 64 है और यह बढ़ने की उम्मीद है। ये लोग आएंगे और विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र सौंपेंगे। संसद में जो सांसद हैं, उनमें से दो-तिहाई से अधिक भी कांग्रेस में विलय नहीं हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कौन किसके साथ विलय कर रहा है?

राहुल-अभिषेक के बीच मुलाकात

इसी बीच बुधवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बेनर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। 10 जनपथ पर हुई ये मुलाकात करीब डेढ़ घंटे तक चली। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात फायदेमंद रही है। इसमें

आज कांग्रेस ने बुलाई बड़ी बैठक

सोनिया गांधी के ममता बेनर्जी को दिए गए ऑफर के बीच कांग्रेस ने बड़ी बैठक बुलाई है। केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 11 जून को इंदिरा भवन में एआईसीसी महासचिव, प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की बैठक होगी। इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करेंगे।

सीएम सुवेंदु ने किया विभागों का बंटवारा

दिलीप को ग्रामीण विकास, निशीथ को जलसंसाधन का जिम्मा

पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को मंत्रियों के विभागों का औपचारिक बंटवारा करते हुए नई अधिसूचना जारी की। निशीथ प्रामाणिक को उत्तर बंगाल विकास और जल संसाधन जांच एवं विकास विभाग, अशोक किरतानिया को खाद्य एवं आपूर्ति तथा सहकारिता विभाग, दिलीप घोष को पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विपणन विभाग दिया गया है। वहीं खुदीराम टुडू को आदिवासी विकास, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

सीएम के पास रहेगा गृह

सीएम अधिकारी को गृह एवं पर्वतीय मामले, भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास, बिजली, सूचना एवं संस्कृति तथा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिन विभागों का आवंटन अन्य मंत्रियों को नहीं किया गया है, वे भी सीएम के पास रहेंगे। 1 जून को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कुल 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी।

58 विधायक, 2 राज्यसभा सांसद हुए अलग

टीएमसी के 19 बागी लोकसभा सांसदों में शत्रुघ्न और यूसुफ भी

यूसुफ, सायानी घोष, शत्रुघ्न सिन्हा

ममता बेनर्जी की टीएमसी में लगातार टूट जारी है। काकोली घोष के नेतृत्व वाले टीएमसी बागी गुट ने 19 लोकसभा सांसदों के नाम की सूची जारी कर दी। इसमें ममता की करीबी मानी जाने वाली जादवपुर से सांसद सायोनी घोष, यूसुफ पठान और शत्रुघ्न सिन्हा का भी नाम शामिल है। वहीं बुधवार को राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने भी पार्टी और पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले 3 दिनों में टीएमसी के दो राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ चुके हैं। इसके बाद टीएमसी के लोकसभा में 28 में से 20 सांसद और राज्यसभा में 13 में से 2 सांसद यानी कुल 22 सांसद टूट चुके हैं। 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं।

सुष्मिता देव ने भी दिया इस्तीफा, सीएम हिमंत से मिलीं

सुष्मिता देव ने टीएमसी और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस बड़े फैसले के बाद उन्होंने बुधवार

को दिल्ली में असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात को सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट बताया। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल राजनीति से छोटा सा ब्रेक ले रही हैं। इसके बाद ही वह अपने भविष्य के बारे में कोई फैसला लेंगी। उन्होंने त्यागपत्र का कारण निजी बताया है। उन्होंने कहा कि वह असम की रहने वाली हैं और अब पूरी तरह स्वतंत्र हैं।

सयानी घोष और माला राय भी हुईं बागी

टीएमसी की सबसे मुखर और तेज-तर्रार सांसदों में से एक सयानी घोष ने अब बगावती सुर अपना लिए हैं। अपनी पार्टी प्रमुख ममता बेनर्जी की तारीफों के पुल बांधने वाली और विरोधियों पर तीखे तीर चलाने वाली सयानी घोष अब बागी खेमे में शामिल हो चुकी हैं। जादवपुर से सांसद सयानी घोष अब उन 20 सांसदों के गुट में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में टीएमसी की करारी हार के ठीक एक महीने बाद संसद में एक अलग गुट बनाने की मांग की है। लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में इन 20 सांसदों ने सोमवार को लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर एनडीए को समर्थन देने की पेशकश की है। ममता बेनर्जी की बेहद करीबी मानी जाने वाली एक और सांसद माला रॉय भी दिल्ली पहुंचकर इस बागी खेमे में शामिल हो गई हैं।

जज के परिवार पर हमले का मामला

शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी- कोई भी जज फैसला नहीं सुना पाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने जजों और उनके परिवारों को मिल रही धमकियों और उन पर हो रहे हमलों पर चिंता जाहिर की है। यह चिंता खासकर बॉम्बे हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस जीएस पटेल और उनके परिवार को मिल रही धमकियों की खबरों के बाद जताई गई है। जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने कहा कि ऐसी घटनाएं न्याय व्यवस्था पर चोट करती हैं और जजों को निडर होकर अपने कर्तव्यों का पालन करने से

रोक सकती हैं। बेंच ने कहा कि अगर जजों को अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए इस तरह डराया-धमकाया जाता है, तो न्याय व्यवस्था पर इसके गंभीर परिणाम होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि बॉम्बे हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज को तरह-तरह की धमकियां मिल रही हैं।

आशुतोष महाराज आरोपों से पलटे

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर दबाव में फर्जी एफआईआर की

एजेंसी ▶▶ मथुरा

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दो बटुकों से यौन शोषण का केस दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज अपने आरोपों से पीछे हट गए हैं। उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो जारी कर कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने दबाव बनाकर उनसे अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें गुमराह कर इस मामले में शामिल किया गया। साजिश में कुछ

आशुतोष महाराज अविमुक्तेश्वरानंद

अधिकारी भी शामिल थे। उनके पास इससे जुड़े सबूत और वॉट्सएप चैट मौजूद हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेंगे और बताएंगे कि उन्हें इस विवाद में क्यों और कैसे शामिल किया गया। उन्होंने रामचंद्र दास पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे कुकर्मी कहा।

नीट प्रबंधन पर संसदीय समिति ने की बैठक

एनटीए डीजी, उच्च शिक्षा सचिव और एनएमसी अधिकारियों से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट परीक्षा के संचालन और उससे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संसद की निगरानी लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें नीट परीक्षाओं के संचालन पर चर्चा की गई। समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ सांसद राम गोपाल यादव ने की। बैठक का विषय 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम, 2019 के तहत नीट परीक्षाओं का संचालन' था। यह चर्चा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन नियामक संस्थाओं की संरचना, जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली की समीक्षा के तहत की गई।

अधिकारियों ने दिया प्रजेंटेशन

रामगोपाल यादव

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी, एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह तथा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति के समक्ष अपना पक्ष रखा। समिति ने नीट परीक्षा के संचालन, परीक्षा प्रबंधन और नियामक संस्थाओं की कार्यप्रणाली से जुड़े पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की।

गड़बड़ियां रोकने पर की चर्चा

समिति ने नीट परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही गड़बड़ियों व पेपर लीक के मुद्दों को रोकने के उपायों पर जानकारी ली नीट परीक्षा को फुलप्रूफ बनाने को लेकर पूर्व में दी गई समितियों के सुझावों को भी परखा।

विकसित भारत के लिए समावेश मानव विकास की रहेगी थीम

पीएम आज करेंगे नीति आयोग की 11वीं बैठक की अध्यक्षता

रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता पर होगी गहन चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास थीम पर होगी। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम, केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल और प्रशासक, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर केंद्रीय मंत्री, साथ ही नीति आयोग के उपाध्यक्ष शामिल होंगे।

स्वास्थ्य और पोषण पर भी देंगे ध्यान

बैठक में नौकरियों, कौशल और विकास के नतीजों पर खास ध्यान दिया जाएगा। उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्किलिंग की कोशिशों को मजबूत करने और पूरे देश में टिकाऊ रोजगार के मौके पैदा करने के उपायों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। साथ ही बुनियादी मानव पूंजी और भविष्य के लिए जरूरी कौशल। उत्पादक रोजगार और उद्यमिता। स्वास्थ्य और पोषण। सभी के लिए समानता और सम्मान पर भी चर्चा होगी।

राज्य की योजनाओं पर भी होगा जोर

इस चर्चा में राज्य-स्तर की विकास योजनाओं को समावेशी मानव विकास के व्यापक राष्ट्रीय विजन के साथ जोड़ने पर भी ध्यान दिया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल से यह भी उम्मीद है कि वह 26 से 28 दिसंबर, 2025 तक आयोजित मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन से निकली सिफारिशों की समीक्षा करेगी।

एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर कसा तंज

देश को लाचारगी, बेचारगी और हीन भावना के गर्त में गिराया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनडीए नेताओं की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए के 12 वर्षों की एक बड़ी सफलता ये भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने देश को लाचारगी, बेचारगी और हीन भावना के गर्त में गिरा दिया था। देश को यही एहसास कराया जाता था कि भारत में विकास धीरे-धीरे ही होता है, भारत में तेज विकास संभव ही नहीं है और बड़ी ही चतुराई से धीमी विकास को एक नाम दिया था, 'हिंदू ग्रोथ रेट' यानी कार्यशैली कांग्रेस की, दायित्व कांग्रेस का, विफलता कांग्रेस की लेकिन कलंक देश की बड़ी हिंदू आबादी के नाम लगाया गया जबकि असल में इस कुसंस्कृति का नाम होना चाहिए था कांग्रेस ग्रोथ रेट।

आज के भारत के संकल्प और लक्ष्य बड़े

पीएम ने कहा कि कल के विकसित भारत की गारंटी है, आज का आकांक्षी भारत। आकांक्षी भारत के गर्भ में विकसित भारत पल रहा है। आज के भारत की आकांक्षाएं बड़ी हैं, सपने बड़े हैं इसलिए उसके संकल्प और लक्ष्य भी बड़े हैं।

12 वर्षों में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ

आकांक्षी भारत के गर्भ में विकसित भारत पल रहा

एनडीए के सम्मेलन में सहयोगी दलों का अभिवादन करते पीएम मोदी

भारत की विकास दर 7.8%

पीएम ने कहा कि आज दुनिया के बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था संघर्ष कर रही है तब भी 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की ग्रोथ रेट हासिल की है और पिछला क्वाटर तो, जो 31 मार्च को खत्म हुआ है, उसमें भी भारत की ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रही है। हम आज दुनिया की तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन चुके हैं।'

लोगों ने अपना भरोसा हमें सौंपा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि साल 2014 में जब एनडीए की जीत हुई थी तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवी में एक नई आशा का उदय हुआ है। इस आशा का, इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का बहुत बड़ा दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपने भरोसा हमें सौंपा था। मुझे आज संतोष है, गर्व है कि एनडीए परिवार के तौर पर हमने देश के विश्वास को हमेशा और मजबूत किया है।

भोपाल का आदेश, जबलपुर में बेअसर!

दूसरों को पढ़ाने वाले खुद नियम तोड़ रहे

जबलपुर। प्रदेशभर में शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की कार्यसंस्कृति में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के उद्देश्य से लोक शिक्षण संचालनालय ने 'हमारे शिक्षक' ऐप के माध्यम से ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू की है। शासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अब शिक्षकों, प्राचार्यों और विभागीय कर्मचारियों का वेतन ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर ही जारी किया जाएगा। लेकिन जबलपुर में शिक्षा विभाग के अधीन संचालित चार प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों में इस आदेश का असर दिखाई नहीं दे रहा है।

विडंबना यह है कि जो संस्थान प्रदेश के शिक्षकों को प्रशिक्षण देने, नई शैक्षणिक नीतियों को लागू करने और शिक्षा व्यवस्था को दिशा देने की जिम्मेदारी निभाते हैं, वहीं के अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी शासन के निर्देशों की अनदेखी करते नजर आ रहे हैं। प्रांतीय राज्य शिक्षण महाविद्यालय, राज्य विज्ञान शिक्षण संस्थान, मनोविज्ञान संदर्शन महाविद्यालय तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में ई-अटेंडेंस व्यवस्था का पालन नहीं होने से विभागीय अनुशासन और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ई-अटेंडेंस से जुड़ेगा वेतन

लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त अभिषेक सिंह द्वारा 9 जून को जारी डिजिटल हस्ताक्षरित आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी शासकीय शिक्षकों और कर्मचारियों की उपस्थिति अब 'हमारे शिक्षक' ऐप के माध्यम से दर्ज की जाएगी। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि जिस दिन कर्मचारी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करेगा, उसे अनुपस्थित माना जाएगा और उसी के अनुसार वेतन भुगतान प्रभावित होगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों तथा संकुल प्राचार्यों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि बिना ई-अटेंडेंस के वेतन आहरण देयक तैयार करने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।इसके बावजूद जबलपुर के इन संस्थानों में पदस्थ कई कर्मचारी और अधिकारी स्वयं को इस व्यवस्था से अलग मानकर काम कर रहे हैं।

प्रशिक्षण संस्थानों में ही अनुशासनहीनता

शिक्षा विभाग के जानकारों का कहना है कि इन संस्थानों की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि शैक्षणिक नेतृत्व की भी होती है। यहां से शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित होते हैं, नई शिक्षा नीतियों के क्रियान्वयन की रणनीति तैयार होती है और विभागीय गतिविधियों का संचालन किया जाता है।ऐसे संस्थानों में यदि कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं होते या निर्धारित नियमों का पालन नहीं करते, तो इसका सीधा असर प्रशिक्षण गतिविधियों और विभागीय कार्यों पर पड़ता है। आरोप है कि कई कर्मचारी नियमित रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं कर रहे हैं, जबकि उनसे जुड़े प्रशासनिक कार्य लगातार प्रभावित हो रहे हैं।

आदेश को ताक पर रखकर चल रही मनमानी

सूत्रों के अनुसार जब भी संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के संबंध में चर्चा की जाती है, वे स्वयं को इस व्यवस्था के दायरे से बाहर बताने का प्रयास करते हैं। हालांकि शासन के आदेश में ऐसे किसी अपवाद का उल्लेख नहीं है। स्थिति यह है कि जिन कर्मचारियों को डिजिटल पारदर्शिता और जवाबदेही का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, वे ही नई व्यवस्था को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इससे अन्य संस्थानों और विद्यालयों में भी गलत संदेश जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

कांग्रेस का पोल खोल–हल्ला बोल आंदोलन, मोदी और मोहन यादव का पुतला दहन

जबलपुर। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय यादव के नेतृत्व में बरगी विधानसभा के बरगी ब्लॉक में भाजपा सरकार के खिलाफ ''पोल खोल–हल्ला बोल'' जनआंदोलन आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया गया।सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी, नीट परीक्षा घोटाले तथा बरगी क्षेत्र की उपेक्षा के मुद्दे उठाए। साथ ही गांवों में अवैध शराब बिक्री पर रोक, परीक्षा घोटालों पर सख्त कार्रवाई, युवाओं को रोजगार और किसानों को खाद संकट से राहत देने की मांग की। कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि बबुआ शुक्ला, विधानसभा प्रभारी दीपांशु यादव, रघु चौधरी, विकास खन्ना, ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नी बाई, कमला पटेल, चतुर सिंह लोधी, रुक्मणी गोटिया, संतोष डेहरिया, नीलेश वरकड़े, संजू वरकड़े, युथ कांग्रेस अध्यक्ष गोपी परस्ते, उमा उइके, प्रकाश थापा, बेनी आर्मो, अमित गिरि, जयसिंह मरकाम, नन्दू रजक, श्रीपाल जी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राज्यसभा चुनाव में नामांकन निरस्तीकरण के विरोध में कांग्रेस का उपवास एवं प्रदर्शन

जबलपुर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में उपवास एवं विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया में लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक परंपराओं की अनदेखी की गई है। वहीं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि अपनाई गई प्रक्रिया ने लोकतंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं। पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी ने किसी प्रकार की जानकारी नहीं छिपाई और पार्टी लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।कार्यक्रम में संगठन महासचिव रितेश गुप्ता (बंटी), राजेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य मिश्रा, सिद्धांत जैन, प्रमोद पटेल, कमलेश यादव, इंदिरा पाठक तिवारी, अयोध्या तिवारी, संतोष दुबे, सतीश तिवारी, सरबजीत सिंह रील, आरिफ बेग, प्रवेंद्र चौहान, संजू ठाकुर, रुक्मिणी गोटिया, मुकुल खंपरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

मास्टर संघ कराटे एकेडमी के अवियान्स ने जीतू दो कांस्य पदक

जबलपुर। मास्टर संघ कराटे एकेडमी के अध्यक्ष महेंद्र सोनकर ने बताया कि हाल ही में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा (K.I.O) सब जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2026 देहरादून उत्तराखंड के परेड ग्राउंड के मल्टीपरपस हॉल में 4 से 7 जून को आयोजित की गई जिसमें जबलपुर के अवियान्स मेश्राम ने दो कांस्य पदक जीते, पहला कांस्य पदक (कुमिते) फाइट में 8 वर्ष आयु -20kg, दूसरा कांस्य पदक काता में 8 वर्ष आयु, जिसमें टीम के कोच की भूमिका भगवान दास ने निभाई। अवियान्स मेश्राम की इस उपलब्धि पर मास्टर संघ कराटे अकैडमी के अध्यक्ष महेंद्र सोनकर और सदस्यों ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

आंधी-बारिश के संकट में मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का '1912' बना मददगार

एक ही दिन में 44 हजार से अधिक कॉल्स अटेंड कर दी त्वरित सहायता

जबलपुर। 9 जून को आए आंधी-तूफान एवं बारिश के कारण मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यक्षेत्र में कई स्थानों पर विद्युत अधोसंरचना प्रभावित हुई, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति निर्मित हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने सहायता एवं शिकायत दर्ज कराने हेतु '1912' टोल फ्री नंबर पर संपर्क किया।एक ही दिन में '1912' उपभोक्ता सेवा केंद्र पर कुल 44,493 कॉल प्राप्त हुईं, जिनमें से 44,070 कॉल्स का सफलतापूर्वक उत्तर दिया गया। उक्त अवधि में प्राप्त कुल 24,124 शिकायतों में से 23,628 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया, जो लगभग 97 प्रतिशत है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कंपनी के अधिकारियों एवं फील्ड कर्मचारियों ने युद्धस्तर पर कार्य करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाली सुनिश्चित की। उपभोक्ता सेवा केंद्र में कार्यरत टीम ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी उपभोक्ताओं को निरंतर सहायता उपलब्ध कराई। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि विपरीत मौसम परिस्थितियों में भी उपभोक्ताओं तक त्वरित सहायता पहुंचाना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। '1912' उपभोक्ता सेवा केंद्र भविष्य में भी इसी समर्पण और दक्षता के साथ उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करता रहेगा।

समय पर सभी कार्यों का संपादन सुनिश्चित करने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

जबलपुर। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी की अध्यक्षता में शासकीय पं. ल. शं. झा मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों के नामांकन, शैक्षणिक गुणवत्ता, निर्माण कार्यों की स्थिति और विभागीय योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। समीक्षा में कक्षा 1 में नए प्रवेश, कक्षा 8 से 9 और 10 से 11 में ट्रांजिशन, अपार आईडी निर्माण, लंबित छात्रवृत्ति प्रकरण, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और साइकिल वितरण, एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर पोस्ट वेरिफिकेशन, ऑनलाइन उपस्थिति, व्यावसायिक शिक्षा, जर्जर भवनों की स्थिति, अतिरिक्त कक्षों की आवश्यकता और इंटरएक्टिव पैनलों के उपयोग सहित पीएम श्री एवं समग्र शिक्षा अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही ''एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0'' के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने कहा कि सभी प्राथमिकता वाले कार्य समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किए जाएं और विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक शत-प्रतिशत पहुँचाया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और सतत मॉनिटरिंग पर भी बल दिया। बैठक में एडीपीसी गौतम बर्वे, डीपीसी योगेश शर्मा, जिला खेल अधिकारी मधुमिता हाजरा, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा सहित समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी और स्कूल प्राचार्य उपस्थित रहे।

जीआरपी ने फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया

जबलपुर। वर्ष 2022 से फरार चल रहे स्थाई वारंटी रंजीत उर्फ पप्पू पानी पिता सुल्तान उर्फ जंडेल कौरव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम गोंगावली थाना करेली जिला नरसिंहपुर को रेलवे स्टेशन मदन महल से गिरफ्तार किया गया।इसी तारतम्य में दिनांक 09.06.26 को स्टेशन परिसर रेलवे स्टेशन मदन महल में शान्ति भंग कर रहे युवक आकाश भाट पिता भगवानदास भाट उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम कोडिया थाना करेली जिला नरसिंहपुर के विरुद्ध इस्तगासा क्रमांक 92/26 धारा 170/126(2), 135(3) BNSS की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत, चौकी प्रभारी Asi जग्गनाथ प्रसाद धुर्वे, प्रधान आरक्षक अमित उइके, संदीप त्रिपाठी, अनुराग तिवारी, विनोद तिवारी, आरक्षक परशुराम यादव, कंपनी कुमार, मनीष शर्मा की अहम भूमिका रही।

आचार्य श्री समयसागर महाराज को चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट

जबलपुर। नागपुर में ग्रीष्मकाल व्यतीत कर रहे आचार्य श्री समयसागर महाराज को जबलपुर में चातुर्मास करने हेतु दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जैन नवयुवक सभा एवं संरक्षिणी सभा के नेतृत्व में करीब दो हजार श्रावक-श्राविकाओं ने श्रीफल भेंट कर विनम्र निवेदन किया। इस अवसर पर दिगम्बर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाशचंद जैन, प्रधानमंत्री अनिल जैन (गुड्डा), सुजीत माऊ, जैन नवयुवक सभा के उपाध्यक्ष आशु, मयंक पहलवान, मंत्री पवित्र जैन, अतिशय जैन तथा संरक्षिणी सभा से आनंद सिंघई, चक्रेश मोदी, सौरभ (नन्हू) एवं पवन चौधरी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री से जबलपुर में चातुर्मास व्यतीत कर धर्म प्रभावना का लाभ प्रदान करने का आग्रह किया।

बिरसा मुंडा पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि और वृक्षारोपण

जबलपुर। 9 जून 2026 को मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के निर्देशानुसार आदिवासी क्रांतिवीर भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पूरे प्रदेश में मनाई गई। जबलपुर में बिरसा मुंडा चौक, आधारताल स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थितजनों ने उनके जल-जंगल-जमीन के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

सभा में वक्ताओं ने 2027 की जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग "आदिवासी धर्म कॉलम" जोड़ने की मांग की और पर्यावरण संरक्षण हेतु बिरसा बाबा के संदेश को याद किया। तहसील कुंडम के शिव टेकरी तिलसानी में परिषद के कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण कर हरियाली बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर संघ के एड. शैलेश धुर्वे, राजेन्द्र सिंह तेकाम, बसंत तेकाम, दीपेन्द्र मरकाम, रामकुमार सैयाम, बालकृष्ण उइके, उदय मरावी, महेन्द्र मरावी, नरेश मरकाम, शेखलाल आर्मो, ब्रजमोहन धुर्वे, धीरेन्द्र संजू ठाकुर, अरविन्द मार्को, कपिल मार्को, नीलेश बरकडे, सोनू बरकडे, अभिताप धुर्वे, दीपक मार्मो, विशाल मरावी, नेमचंद्र बरकडे, मुलामय मरकाम, देवकुमार मरावी, मोहन उइके, महेन्द्र ठाकुर, लोटन मरकाम सहित कई लोग उपस्थित थे।

भेड़ाघाट स्टेडियम को हेलीपैड न बनाने की मांग, युवाओं ने आवेदन सौंपा

जबलपुर। भेड़ाघाट नगर परिषद में स्थित बरगी स्टेडियम, जिसे पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह ने बनाया था, को हेलीपैड बनाने की योजना के खिलाफ स्थानीय युवाओं ने आवाज़ उठाई है। स्टेडियम पर नेशनल खेल आयोजन हो चुके हैं और आसपास के गांवों के बच्चे एवं युवा यहां नियमित रूप से क्रिकेट और अन्य खेल खेलते रहे हैं। युवाओं ने बरगी विधानसभा के विधायक नीरज सिंह और कलेक्टर को आवेदन देकर स्टेडियम को खेल-केंद्र के रूप में बनाए रखने की मांग की। विधायक नीरज सिंह ने कहा कि बच्चों से उनका खेल का हक नहीं लिया जाएगा और खेल सुविधाओं के लिए व्यवस्थित चर्चा के बाद समाधान निकाला जाएगा। भेड़ाघाट की सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दीदी ने कहा कि यह स्टेडियम पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह की विधायक निधि से निर्मित एक धरोहर है, जिसे सुरक्षित रखा जाना चाहिए। आवेदन सौंपने के समय अनुराग व्यास, सचिन दुबे, सचिन गुप्ता, सुभाष, सौरभ, नियाज़, इमरन, अतुल, अंशुल पटेल और वंदना दीदी उपस्थित थे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित

जबलपुर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय कृषि वानिकी अनुसंधान परियोजना, इमलिया में वानिकी विभाग द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अजय खरे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर डॉ. खरे ने पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। वहीं वैज्ञानिक डॉ. सोमनाथ सर्वेदे ने हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण जागरूकता पर बल दिया। कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राओं के लिए पर्यावरण विषयक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व की जानकारी दी गई। इसी क्रम में उद्यान शास्त्र विभाग द्वारा अधारताल स्थित नवीन नर्सरी में अमरूद के पौधों का रोपण एवं गटारन बीजों की बुवाई की गई। अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति बारचे ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण और उसकी देखभाल का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. बी.पी. बिसेन, डॉ. यू.के. चन्देरिया, डॉ. रीना नायर, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. आर.पी. जयसवाल, डॉ. मीनाक्षी रामगिरि, डॉ. भारती चौधरी, अनिल चौहान एवं कोमल आवस्या सहित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

रास्ते पूछने के बहाने किसान के जेब से मोबाइल लूटकर भागे बदमाश

जबलपुर। पनागर थाना अतंर्गत मझौली बायपास आरा मशीन के पास बाईक में सवार दो अज्ञात बदमाश एक बाईक सवार वृद्ध किसान के पास आए और रास्ता पूछते हुए उसके जेब से मोबाइल ले झपट्टा मारकर ले गए। मोबाइल की कीमत लगभग 7 हजार रुपए की बताई गई है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लीटी निवासी 60 वर्षीय किसान नरेंद्र श्रीवास्तव गत रात पनागर बाजार से अपने गांव जा रहा था।

CHANGE OF NAME
AND DATE OF BIRTH
I, ARMY NO. 15425862K RANK HAV/NA NAME LEELA RAM SAHU S/O NARAYAN LAL SAHU OF UINT MH, JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 3777 1555 4543 I, have changed name and date of birth of my MOTHER from name NARMADA BAI SAHU and date of birth 01/07/1967 (name and date of birth as per my Army service records) to name NARMADA SAHU and date of birth 05/10/1965 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD NO. 2000 1385 2269 AND PAN CARD NO. SLRPS4860Q vide affidavit dated 09/06/2026 formerly before Public Notary Jabalpur.
CORRECT NAME
NARMADA SAHU
INCORRECT NAME
NARMADA BAI SAHU
CORRECT DATE OF BIRTH
05/10/1965
INCORRECT DATE OF BIRTH
01/07/1967

CHANGE OF NAME
I, RADHIKA is legally wedded spouse of NO. 15425862K RANK HAV/NA NAME LEELA RAM SAHU presently residing at MH, JABALPUR (MP) I, have changed of my name from RADHIKA SAHU (Name as per my Husband, Army service records) to RADHIKA (name as per my AADHAR CARD NO. 6127 0822 6839 AND PAN CARD NO. CYWPR0984E) vide affidavit dated 09/06/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
RADHIKA
INCORRECT NAME
RADHIKA SAHU

नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना
I, KAMANI DEVI is legally MOTHER of ARMY NO-15711309P, Rank - HAV, Name- ASHISH KUMAR presently residing at Vill - SAIRAAPUR-POST-MUSAPUR, Police Station-SARENI. Distt - RAE BARELI, State- U. P., PIN- 229216 शपथपूर्वक नि.लि. कथन करती हूं कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि KAMINI DEVI / 15/08/1959 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि KAMANI DEVI / 01/01/1960 दर्ज है। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं 38AA5800055 दिनांक 10-06-26 नोटरी जबलपुर म प्र ।
गलत नाम एंव जन्मतिथि
KAMINI DEVI / 15/08/1959
सही नाम एंव जन्मतिथि
KAMANI DEVI / 01/01/1960

निगम की अनदेखी: पार्किंग ठेकेदार की मनमानी, कोई रोक नहीं

न्यू मार्केट में पार्किंग के नाम लूट दो घंटे गाड़ी खड़ी, 70 रु.की वसूली

नागरिकों में आक्रोश, नगर प्रशासन से ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के सबसे व्यस्त और व्यावसायिक क्षेत्र न्यू मार्केट में पार्किंग व्यवस्था आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। यहां के पार्किंग ठेकेदार पर मनमानी वसूली के आरोप लग रहे हैं। ज्ञात हो कि पार्किंग का ठेका अख्तर इंटरप्राइजेस के नाम से है। ताजा मामला सामने आया है, जहां एक वाहन चालक से मात्र दो घंटे की पार्किंग के लिए 70 रुपए वसूल लिए गए। इस घटना के बाद उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पूरे सिस्टम की कोई मॉनिटरिंग नहीं

न्यूमार्केट का पार्किंग स्थल

न्यू मार्केट में खरीदारी और अन्य कार्यों से पहुंचे एक वाहन चालक ने अपनी गाड़ी करीब दो घंटे के लिए पार्क की थी। वापस लौटने पर पार्किंग कर्मियों ने उससे 70 रुपए की मांग की। जब वाहन चालक ने निर्धारित दरों की जानकारी मांगी तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने भी पार्किंग शुल्क को लेकर शिकायतें सामने रखीं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पार्किंग ठेकेदार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूली जा रही है। कई बार रसीद भी नहीं दी जाती, जिससे पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले ही बढ़ती महंगाई से लोग परेशान हैं, ऊपर से पार्किंग के नाम पर की जा रही कथित लूट ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

नगर प्रशासन की निगरानी पर उठे सवाल

स्थानीय व्यापारियों और नागरिक संगठनों ने भी पार्किंग व्यवस्था की नियमित जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि नगर निगम द्वारा पार्किंग का ठेका दिया गया है तो उसकी निगरानी भी निगम की जिम्मेदारी है।

बोले नागरिक

मैं परिवार के साथ न्यू मार्केट खरीदारी करने गया था। करीब दो घंटे बाद लौटा तो पार्किंग के 70 रुपए मांगे गए। इतनी राशि किस आधार पर ली जा रही है, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। यह आम लोगों के साथ अन्याय है।
राहुल शर्मा, वाहन चालक

महंगाई पहले से ही लोगों की कमर तोड़ रही है। ऐसे में पार्किंग के नाम पर मनमानी वसूली करना गलत है। प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।
संगीता वर्मा, गृहिणी

न्यू मार्केट में रोजाना हजारों लोग आते हैं। यदि पार्किंग शुल्क तय है तो उसे बड़े बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए। लोगों से मनमाने तरीके से पैसे वसूलना स्वीकार्य नहीं है।
अमित जैन, व्यापारी

पार्किंग व्यवस्था जनता की सुविधा के लिए होती है, न कि लोगों से अतिरिक्त पैसे वसूलने के लिए। नगर निगम को पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।
लखन कुशवाह, उपभोक्ता

अचौक निरीक्षण कराया जाएगा और गलत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

इस पूरे मामले में भोपाल नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि अगर न्यूमार्केट की पार्किंग में ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली या निर्धारित शुल्क से ज्यादा राशि की वसूली की जा रही है तो ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों से पार्किंग स्थलों का औचक निरीक्षण करवाएंगे। इसके पार्किंग व्यवस्था को सुधारने के पूरे प्रयास किए जाएंगे। साथ ही नई पार्किंग स्थल भी चिन्हित किए जाएंगे।

पार्किंग चलाने वालों द्वारा की जाती है महिलाओं के साथ बदतमीजी

यह बात सत्य है कि न्यूमार्केट ही नहीं पूरे भोपाल में जहां-जहां पार्किंग का ठेका है वहां लोगों का पार्किंग शुल्क के नाम पर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इतना नही आम उपभोक्ता के अलावा माताएं, बहनों के साथ बदतमीजी की जाती है। ट्रैफिक पुलिस का काम सिर्फ गाड़ियों को उठाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसकी भी चिंता करनी चाहिए। नगर प्रशासन और जिला प्रशासन को भी इस बात की निगरानी करनी चाहिए।
चंद्रशेखर तिवारी, अध्यक्ष, हिंदू उत्सव समिति भोपाल

टाटा मोटर्स ने लांच किया बिल्कुल नया 'इंट्रा वी40'

मुंबई। टाटा मोटर्स ने अपनी नई इंट्रा वी40 लांच करके वैकल्पिक ईंधन मोबिलिटी के क्षेत्र में अपनी कोशिशों को और तेज कर दिया है। इसके साथ ही, कंपनी ने तेज़ी से बढ़ते छोटे कमर्शियल वाहन और पिकअप सेगमेंट में अपनी लीडरशिप को और मज़बूत किया है। यह वाहन 1.2 लीटर इंजन से लैस है, जो 58 बीएचपी की अधिकतम शक्ति और 106 एनएम का अधिकतम टॉर्क प्रदान करता है। यह गाड़ी एक हाइड्रोफॉर्मड चेसिस पर आधारित है।

एयरटेल ने लगाए 2,900 नए 5जी टावर

नई दिल्ली। निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता एयरटेल ने उत्तर भारत में 2,900 से अधिक नये 5जी टावर लगाने की बुधवार को घोषणा की, जिससे ग्राहकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसने पिछले 12 महीने में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में ये नये 5जी टावर लगाये हैं। इस विस्तार से ग्राहकों को अधिक तेज गति कवरेज और बेहतर नेटवर्क अनुभव मिलेगा।

यूनिकॉर्न तीन वर्षों में खोलेगा 150 स्टोर्स

गुरुग्राम। एप्पल प्रीमियम पार्टनर यूनिकॉर्न इन्फोसॉल्यूशंस ने अपने 100वें एप्पल मोनो ब्रांड स्टोर का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया। यह उपलब्धि दो दशकों से अधिक की सतत वृद्धि और देशभर में ग्राहकों को सर्वोत्तम एप्पल उपलब्ध कराने की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह यात्रा 2006 में उस समय शुरू हुई जब यूनिकॉर्न ने अहमदाबाद में अपना पहला स्टोर खोला।

सीआईएल निदेशक और सीएमपीडीआई सीएमडी ने आईसीपी-एमएस लैब सुविधा का उद्घाटन किया

रांची। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (तकनीकी) श्री अच्युत घटक और सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री चौधरी शिवराज सिंह ने अपने मुख्यालय, रांची में कोल कैरेक्टराइजेशन लेबोरेटरी के तहत अत्याधुनिक आईसीपी-एमएस लैब सुविधा का उद्घाटन किया।नई लैब सुविधा इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज्मा मास स्पेक्ट्रोमेट्री (ICP-MS), एक्स-रे फ्लोरेसेंस (XRF) और एक्स-रे डिफ्रैक्शन (XRD) जैसी उन्नत मशीनों से सुसज्जित है। यह नॉन-कोल खनिजों के एलिमेंटल, केमिकल और मिनरलोलॉजिकल कैरेक्टराइजेशन के लिए एक व्यापक एनालिटिकल प्लेटफार्म प्रदान करती है। इस अवसर पर सीएमपीडीआई और सीआईएल के वरिष्ठ अधिकारी जैसे श्री अजय कुमार, श्री नृपेन्द्र नाथ, श्री आनंद मोहन, श्री के० राजशेखर और श्री आर०के० सिंह उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद श्री घटक ने सीएमपीडीआई के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोल ब्लॉक्स की स्थिति और संचालन रोडमैप की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की।सीएमपीडीआई अब कोयले के अलावा 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स (REE)' और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और एडवांस्ड एलिमेंटल एनालिसिस के लिए अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है। यह पहल भारत की खनिज जरूरतों को पूरा करने और अनुसंधान एवं खोज को मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

आवश्यकता

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500-रू 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /12/जून 26)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने नागपुर में गोल्डन हैंड्स हॉस्पिटल का उद्घाटन किया

नागपुर। मध्य भारत में अत्याधुनिक ऑर्थोपेडिक उपचार की नई शुरुआत के रूप में गोल्डन हैंड्स हॉस्पिटल ने नागपुर में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं। इसका उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया। अस्पताल के संचालन का नेतृत्व प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. आकाश सावजी और पैथोलॉजिस्ट डॉ. सोनल सावजी कर रहे हैं।

गोल्डन हैंड्स हॉस्पिटल मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के मरीजों के लिए हड्डी, जोड़ और रीढ़ की जटिल सर्जरी सहित न्यूनतम हस्तक्षेप वाली और गैर-सर्जिकल उपचार पद्धतियां उपलब्ध कराएगा। अस्पताल में HEPA फिल्ट्रेशन तकनीक से सुसज्जित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और रोबोटिक एआई-सहायित स्पाइन डीकम्प्रेशन प्रणाली जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उद्घाटन अवसर पर नितिन गडकरी ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा अवसंरचना की उपलब्धता से मरीजों को विशेष उपचार के लिए महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। डॉ. आकाश सावजी ने बताया कि उनका उद्देश्य मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और विश्वस्तरीय ऑर्थोपेडिक सेवाएं एक ही छत के नीचे प्रदान करना है। अस्पताल में फिजियोथेरेपी, फार्मेसी, आईसीयू सहायता और पुनर्वास सेवाएं भी उपलब्ध हैं। अजनी क्षेत्र में स्थित यह केंद्र हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन और मेट्रो नेटवर्क के निकट होने के कारण बाहरी राज्यों के मरीजों के लिए भी सुलभ है। विशेषज्ञ मानते हैं कि गोल्डन हैंड्स हॉस्पिटल मध्य भारत में विशेष चिकित्सा सेवाओं को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

विश्व पोहा दिवस पर फॉर्च्यून का अनोखा कीर्तिमान, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम

नई दिल्ली। विश्व पोहा दिवस के अवसर पर एग्री बिजनेस लिमिटेड के प्रमुख ब्रांड फॉर्च्यून ने इंदौर के द हब में भव्य आयोजन कर भारत के लोकप्रिय नाश्ते पोहा को अनूठा सम्मान दिया। कार्यक्रम में फॉर्च्यून पोहा से तैयार 100 प्रकार के पोहा का रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन किया गया तथा एक ही समय में 1,000 से अधिक लोगों को पोहा परोसकर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। इस आयोजन के परिणामस्वरूप फॉर्च्यून का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ। कार्यक्रम में पोहा की विभिन्न क्षेत्रीय और पारंपरिक किस्मों को प्रदर्शित कर इसकी सांस्कृतिक विरासत को भी रेखांकित किया गया। एग्री बिजनेस लिमिटेड के सेल्स एवं मार्केटिंग के जॉइंट प्रेसिडेंट मुकेश मिश्रा ने कहा कि पोहा केवल नाश्ता नहीं, बल्कि भारत की खान-पान संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कंपनी गुणवत्ता और स्वच्छता के उच्च मानकों के साथ पोहा की लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मशहूर इंदौरी शेफ राजू भैया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, भोजन प्रेमियों और समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक और नवाचारपूर्ण स्वादों के संगम ने पोहा की बहुमुखी पहचान को सामने रखा। कंपनी ने इसे भारतीय पाक विरासत को सम्मानित करने और उपभोक्ताओं से जुड़ाव मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

कार्यालय उपसंचालक मत्स्योद्योग जिला सिवनी

ई-मेल -adfishseo@mp.gov.in दूरभाष नं.- (07692) 220523

क्रमांक /325/म. / भण्डार / निविदा / 2026-27 **अल्पकालीन निविदा** सिवनी दिनांक 08/06/2026

कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग को मत्स्य बीज उत्पादन वितीय वर्ष 2026-27 मे दिनांक 31.03.2027 तक मत्स्य बीज जेवनारा, नांदी एवं लखनादौन एवं जिले मे संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मत्स्य बीज उत्पादन मे उपयोग मे आने वाली सामग्रियों की आवश्यकता को देखते हुये सामग्री क्रयकरण की पृथक- पृथक अल्पकालीन निविदा दिनांक 15.06.2026 सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिनांक सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी ।प्रत्येक सामग्री के लिये पृथक-पृथक निविदाये खोली जावेगी, निविदा प्रपत्र निविदा समाचार पत्र मे प्रकाशन की दिनांक से दिनांक 15.06.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक 400-00 (चार सौ रुपए) जमा कर प्राप्त किये जा सकते है ।

क्रमांक	समाग्री का नाम	अनुमानित मात्रा	धरोहर राशि
1	सरसो खली	10 टन	12000-00
2	राईस ब्रान (चावल कोढा)	08 टन	10000-00
3	रेडीमेड फिश फीड	08 टन	12000-00

निविदा की शर्ते :- (1) प्रत्येक सामग्री के लिये पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र का उपयोग करना होगा (2) निविदायें सील बंद लिफाफे मे प्रस्तुत की जावेगी जिस पर सामग्री नाम अंकित कर साथ मे धरोहर राशि का धनादेश जमा करना होगा ।(3) निविदाकार को निविदा के साथ सामग्री का सेम्पल प्रस्तुत करना होगा ।(4) निविदा प्रपत्र की राशि वापसी के योग्य नही होगी ।(5) विज्ञप्ति मे उल्लेखित मात्रा अनुमानित है सम्पूर्ण वर्ष के दौरान आवश्यकतानुसार मात्रा मे क्रय की जावेगी, संचालनालय मत्स्योद्योग भोपाल द्वारा प्राप्त आवंटन अनुसार देयकों का भुगतान किया जावेगा आवंटन उपलब्ध न होने की दशा मे देयकों के भुगतान मे बिलम्ब भी हो सकता है जिसे निविदाकार का मान्य करना होगा ।(6). क्रय सामग्री को एक सप्ताह के भीतर प्रक्षेत्रों को पहुंचाकर देने की जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी (7) निविदाकार को जी.एस.टी. नम्बर एवं चालू वर्ष की रिटर्न कार्यालय मे निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।(8) सरसो खली, राईसब्रान, रेडीमेड फिशफीड की दरे मत्स्य बीज प्रक्षत्रों तक पहुचाकर अंकित की जावे ।(9) वर्ष के दौरान लगने वाली सामग्री का कम से कम 30 प्रतिशत दलित उद्यमियो से क्रय किया जावेगा जिस पर निविदाकार को कोई एतराज नही होगा ।(10) निविदा को मान्य अमान्य करने अथवा उसे बिना कोई कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी के पास सुरक्षित होगा उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा ।

(संध्या कुमार)
उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी
G-14183/26

कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेवसाईट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/ 1516 /लोनिवि/नपानि/2026-27 **- प्रथम निविदा सूचना-** छिन्दवाड़ा दिनांक 10/06/2026

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD _514759_1 Dated 11/06/2026	वार्ड क्र. 36 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में सौंदर्यीकरण हेतु बाउन्ड्रीवॉल एवं पेवर ब्लॉक कार्य	1- 2583786 2- 4 माह	1- 5000 2- 19379	10/07/2026

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा

राशिफल

मेष — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह — सम्पति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बढ़ाई जमा दरें

मुंबई। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंकने अपनी फिक्स्ड डिपॉज़िट , रिकरिंग डिपॉज़िट (आरडी) और फॉरेन करेंसी नॉन-रेसिडेंट डिपॉज़िट की ब्याज दरों में संशोधन किया है। नई दरें 10 जून 2026 से प्रभावी हो गई हैं। बैंक द्वारा की गई इस संशोधित दर संरचना के तहत अब ग्राहकों को एफडी और आरडी पर अधिकतम 7.40 फीसदी प्रति वर्ष तक का ब्याज मिलेगा, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 7.90 फीसदी प्रति वर्ष तक का लाभ दिया जाएगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)

क्रमांक-1008/ई-टेण्डर/अमृत-2.0/न.पा.नि./2026 रीवा, दिनांक 10.06.2026

निविदा सूचना (7th CALL)

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत प्रतिष्ठित कंपनी/फर्म/ एजेंन्सियों/ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा एनआईटी क्रमांक/ दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_ 514686_1 10.06.2026 (SEVENTH CALL) 1008/10.06.2026	अमृत - 2.0 के अंतर्गत रीवा नगर निगम की सीवरेज परियोजना का कार्य।	18 माह रू 423.33 लाख	रू 15000.00 रू 211665.00	13.07.2026 18 :00 बजे तक।

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (सीवरेज)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

शब्द पहेली - 6253



बाएँ से दाए
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

ऊपर से नीचे
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

शब्द पहेली - 6252 का हल

सूडोकु नवताल - 6263

सरल

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6262 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

स्पेशल: मेंस हेल्थ वीक (15-21 जून)

वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, बढ़ता तनाव, अनियमित-अस्वस्थ खान-पान, शारीरिक गतिविधियों की कमी, धूम्रपान, शराब का सेवन और नींद की खराब आदतों से हर उम्र के पुरुष बीमार हो रहे हैं। इससे हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, मानसिक स्वास्थ्य, नींद संबंधी विकार, हार्मोनल असंतुलन और हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इनसे बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, जानिए।

रेग्युलर कराएं चेकअप-बरतें प्रिकॉशन हर उम्र में आप रहेंगे हेल्दी

अवेयरनेस

रजनी अरोड़ा

हमारे समाज में आमतौर पर माना जाता है कि पुरुष आसानी से बीमार नहीं पड़ते। यह सोच उनके स्वास्थ्य के लिए रिस्की हो जाती है, क्योंकि कई पुरुष अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज करते हैं। आईसीएमआर की रिपोर्ट के हिसाब से भारत में तकरीबन 46 प्रतिशत पुरुष किसी न किसी बीमारी से पीड़ित हैं। डब्लयूएचओ के अनुसार केवल बुजुर्ग ही नहीं, युवा और कम उम्र के पुरुष भी स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। इसलिए सजग रहना जरूरी है। अब जानते हैं कि किन समस्याओं का सामना पुरुष ज्यादा करते हैं?

हृदय रोग: पुरुषों में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण यही है। भारत में हृदय रोग से होने वाली 70 प्रतिशत से अधिक मौतें

70 वर्ष की आयु से पहले होती हैं। उच्च रक्तचाप, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, शराब, तनाव और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। सीने में दर्द या भारीपन, बाईं बांह में दर्द, सांस फूलना, अत्यधिक पसीना आना, चक्कर आना और अनियमित धड़कन हृदय रोग के मुख्य लक्षणों में शामिल हैं।

डायबिटीज: साइलेंट किलर कहलाने वाली डायबिटीज धीरे-धीरे व्यक्ति के हृदय, गुर्दे, आंखें और तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचाती है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोग प्रभावित हैं, जिनमें महिलाओं के बनिस्पत पुरुषों की संख्या ज्यादा है। बार-बार प्यास और पेशाब, अचानक वजन कम होना, थकान, घाव देर से भरना और हाथ-पैरों में सुन्नपन इसके लक्षण हैं।

मानसिक स्वास्थ्य: अवसाद, चिंता, तनाव और आत्महत्या की प्रवृत्ति पुरुषों में गंभीर चिंता का विषय है। सीडीसी के अनुसार पुरुषों में आत्महत्या दर महिलाओं से 4 गुना अधिक है। लगातार उदासी, चिड़चिड़ापन, नींद की समस्या, काम में रुचि न रहना और अत्यधिक शराब पीना इसके संकेत हो सकते हैं।

फेफड़ों की बीमारियां: सीओपीडी और फेफड़ों का कैंसर, पुरुषों में कॉमन हैं, खासकर धूम्रपान करने वालों में। लगातार खांसी, खांसी में खून, सांस फूलना और सीने में दर्द इसके लक्षण हैं।

प्रोस्टेट-टेस्टिकल कैंसर: प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में होने वाला दूसरा बड़ा कैंसर है। खास लक्षण न होने के कारण इसकी पहचान अकसर प्रारंभिक अवस्था में नहीं हो पाती। अकसर कोई लक्षण नहीं दिखता। पेशाब करने में कठिनाई, बार-बार पेशाब आना, पेशाब में खून और पेड़ू में दर्द इसके संकेत हैं।

टेस्टिकल कैंसर, युवा पुरुषों में अधिक देखा जाता है। अंडकोष में गांठ, सूजन, भारीपन या दर्द होना इसके प्रमुख लक्षण हैं।

ओबेसिटी: यह मूलतया आधुनिक सिटिंग वर्ककल्चर के बढ़ते ट्रेंड, सेडेंटरी लाइफस्टाइल और खान-पान की गलत आदतों की देन है। ट्रंकल ओबेसिटी यानी पेट की चर्बी, हृदय रोग, मधुमेह और जोड़ों की समस्याओं का प्रमुख कारण है। जरूरी है पुरुष अपना बीएमआई इंडेक्स 18.5-24.9 के बीच और कमर की चौड़ाई 90 सेमी. से कम रखें।

जोड़ों की समस्याएं: बढ़ती उम्र में हार्मोन की कमी से पुरुषों की भी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस, ऑस्टियोपीनिया और आर्थराइटिस जैसी समस्याएं होती हैं। यही नहीं घंटों कंप्यूटर वर्क करने और गलत पॉश्चर के कारण युवाओं में भी पीठ दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

हार्मोन की कमी और एंड्रोपॉज: विशेषकर टेस्टोस्टेरोन की कमी से कुछ समस्याएं हो सकती हैं। टेस्टोस्टेरोन केवल यौन हार्मोन नहीं, यह मांसपेशियां, हड्डियां, मनोदशा, ऊर्जा और हृदय स्वास्थ्य भी प्रभावित करता है। यह 20-25 वर्ष की उम्र में चरम पर होता है और बाद में हर साल 1-2 प्रतिशत घटता है। 60 वर्ष की आयु के बाद टेस्टोस्टेरोन हार्मोन तकरीबन खत्म हो जाता है यानी पुरुषों में एंड्रोपॉज या मेल मेनोपॉज होता है। लगातार थकान, चिड़चिड़ापन, वजन बढ़ना, मांसपेशियों में कमजोरी, नींद की समस्या, यौन इच्छा में कमी एंड्रोपॉज समस्या के लक्षण हैं।

इंफर्टिलिटी: इरेक्टाइल डिस-फंक्शन, यौन इच्छा में कमी, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता कम होना और इंफर्टिलिटी आज तेजी से बढ़ रही समस्याएं हैं। लाखों पुरुष इससे प्रभावित हैं, लेकिन संकोचवश इसे छुपाते रहते हैं। यह केवल यौन समस्या नहीं, बल्कि हृदय रोग, मधुमेह या हार्मोन असंतुलन का शुरुआती संकेत भी हो सकता है। धूम्रपान, शराब, मोटापा, तनाव और टेस्टोस्टेरोन की कमी इसके प्रमुख कारण हैं।

सार्कोपीनिया या मसल-लॉस: उम्र के साथ मांसपेशियों का कम होना एक गंभीर समस्या है। 30 वर्ष के बाद हर दशक में मांसपेशियों का मास 3.5 प्रतिशत कम होता जाता है। 60 साल की उम्र के बाद कमजोरी, संतुलन बिगड़ने और गिरने का खतरा बढ़ जाता है।

अल्जाइमर और डिमेंशिया: पुरुषों में बढ़ती उम्र के साथ दिखाई देने वाले गंभीर मस्तिष्क संबंधी विकार हैं, जो याददाश्त, सोचने-समझने की क्षमता और दैनिक कार्य करने की योग्यता को प्रभावित करते हैं। शुरुआती लक्षणों में हाल की बातें भूलना, बार-बार एक ही प्रश्न पूछना, निर्णय लेने में कठिनाई, रास्ता भूल जाना, ध्यान केंद्रित न कर पाना और व्यवहार या मनोदशा में बदलाव शामिल हैं। बढ़ती उम्र, आनुवंशिकता, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, धूम्रपान, शारीरिक निष्क्रियता, सामाजिक अकेलापन और खराब नींद इसके प्रमुख रिस्क फैक्टर्स हैं।

जरूरी है रेग्युलर हेल्थ चेकअप: आमतौर पर पुरुष डॉक्टर के पास तभी जाते हैं, जब तक बीमारी के लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगते हैं। जिसकी वजह से वे गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आ जाते हैं और कई मामलों में समय से पहले ही मौत हो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश बीमारियों को समय पर जांच और सही आदतों से रोका जा सकता है।

20 से 30 वर्ष आयु के पुरुष: इस उम्र में शरीर सामान्यतः स्वस्थ रहता है, लेकिन धूम्रपान, शराब, जंक फूड, अनियमित नींद और मानसिक तनाव सबसे बड़े खतरे हैं, जो आगे कई बीमारियों की जड़ बनते हैं। पूरी एहतियात बरतनी जरूरी है। इसके लिए टेस्टिकल का स्व-परीक्षण जरूरी है। साल में एक बार ब्लड प्रेशर, सीबीसी ब्लड काउंट, बीएमआई, मानसिक स्वास्थ्य और विटामिन-डी। हर दो-तीन साल में-ब्लड शुगर, विटमिन डी, नेत्र परीक्षण। हर पांच साल में लिपिड प्रोफाइल चेक कराएं।

30 से 40 वर्ष उम्र के पुरुष: काम का दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियां और बैठकर काम करने की आदत स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगती हैं। लाइफस्टाइल संबंधी बीमारियां उभरने लगती हैं। इसलिए ये टेस्ट जरूर करवाएं। हर 6 महीने में ब्लडप्रेशर। साल में एक बार, ब्लड शुगर (एचबीएएलसी), लिपिड प्रोफाइल, केएफटीए, एलएफटी, विटामिन बी-12, विटामिन-डी, बीएमआई, मानसिक स्वास्थ्य। हर 2 साल में थाइरॉयड, पेट का अल्ट्रासाउंड करवाना भी जरूरी है।

40 से 50 वर्ष उम्र के पुरुष: इस उम्र में वार्षिक पूर्ण स्वास्थ्य जांच अनिवार्य है। हर तीन महीने में ब्लड प्रेशर। हर 6 महीने में ब्लड शुगर और लिपिड प्रोफाइल। हर साल पीएसए (प्रोस्टेट ग्लैंड), टेस्टोस्टेरोन टेस्ट, ट्रेडमिल टेस्ट (हृदय की कार्यक्षमता), कोलोनोस्कोपी (पेट की जांच), स्पाइरोमेट्री, एक्स-रे या सिटी स्कैन (फेफड़ों), आई टेस्ट।

50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुष: हृदय, पेट, प्रोस्टेट, हड्डियों और मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हर साल पीएसए टेस्ट, आई साइट और ईयर चेकअप। हर दो साल डेक्सा स्कैन (बोन डेंसिटी), इकोकार्डियोग्राफी या एंजियोग्राफी। हर दस साल में क्लोनोस्कोपी टेस्ट। *

(सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर फिजिशियन, डॉ. मोहसिन वली और पूर्व अध्यक्ष- एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया, डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)

अपनाएं ये गुड हैबिट्स

लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य उम्र का रहस्य हेल्दी लाइफस्टाइल में छिपा है। कुछ अच्छी आदतें कम उम्र में अपनाकर आप स्वस्थ, सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

हेल्दी लाइफस्टाइल: बिजी रुटीन होने के बावजूद पुरुषों को हेल्दी रुटीन अपनाना चाहिए। नियत समय पर उठना, सोना, खाना जरूरी है।

नियमित व्यायाम: वजन नियंत्रित रखें, नियमित व्यायाम करें 20-30 वर्ष की आयु में प्रतिदिन लगभग 45 मिनट व्यायाम की आदत डालें। 30-40 वर्ष में रेग्युलर स्ट्रैंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज और 40 वर्ष के बाद योग, तैराकी तथा पैदल चलना जैसी एक्टिविटीज करना फायदेमंद है।

संतुलित आहार: पोषक तत्वों से भरपूर और संतुलित आहार लें। फाइबर, प्रोटीन और कैल्शियम युक्त आहार का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें। आहार में मौसमी और ताजे फल, हरी सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और मेवे खाएं। नमक, चीनी और जंक फूड कम करें। यथासंभव ऑइली फूड खासकर ट्रांस फैट से परहेज करें। पर्याप्त पानी पिएं और विटामिन-डी के लिए प्रतिदिन 15-20 मिनट धूप लें।

स्ट्रेस करें कंट्रोल: तनाव को दबाने की बजाय परिवार, मित्रों या विशेषज्ञ से अपने दिल की बात साझा करें। मजबूत सामाजिक संबंध भी लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य से जुड़े हुए हैं। ध्यान, योग और प्राणायाम मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं। इनसे मस्तिष्क में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन बनते हैं जो प्राकृतिक अवसाद विरोधी हार्मोन हैं।

स्क्रीन टाइम करें सीमित: लंबे समय तक लैपटॉप, स्मार्टफोन की स्क्रीन देखने से नींद खराब होती है, आंखें कमजोर होती हैं और पीठ दर्द होता है। रात को सोने से एक घंटे पहले मोबाइल बंद करें।

लें भरपूर नींद: रोज 7-8 घंटे की नींद लें क्योंकि नींद शरीर ऊर्जा और ताजगी देती है। कम नींद से कोर्टिसोल बढ़ता है, जो हृदय रोग और मधुमेह का कारण बनता है। रात को एक ही समय पर सोने की आदत बचपन से ही बनाएं। धूम्रपान और शराब से पूरी तरह परहेज करें। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की समस्या होने पर बिना कोई देर किए निःसंकोच डॉक्टर को कंसल्ट करें।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

हीट वेव से बचाने में कारगर हैं फ्रूट्स-हर्ब्स

हालांकि कई दक्षिणी राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है लेकिन उत्तर से लेकर मध्य और पश्चिम भारत में अभी भी हीट वेव्स चल रही हैं। इस वजह से लोग डिहाइड्रेशन, चक्कर आने, थकान और लू से पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में गर्मी से राहत दिलाने, हीट वेव से बचाने के लिए कुछ फ्रूट्स और हर्ब्स का सेवन बहुत कारगर हो सकता है। बेल का शर्बत, सौंफ का पानी, पुदीना, धनिया और खस से बने पेय शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए बहुत कारगर हैं।

बनाए रखते हैं हाइड्रेशन: आयुर्वेद के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में शरीर में द्रवों की कमी होने लगती है और पित्त का प्रभाव बढ़ जाता है। इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों और जड़ी-बूटियों का सेवन लाभदायक होता है, जो शरीर को शीतलता प्रदान करें और हमारी ऊर्जा को भी बरकरार रखें। यही कारण है कि इन दिनों बेल, सौंफ, पुदीना, खस, आंवला, धनिया और गुलकंद जैसी चीजों का उपयोग करना फायदेमंद होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इनकी सबसे बड़ी ताकत है, इनमें मौजूद प्राकृतिक तत्व, जो शरीर को हाइड्रेट रखने, हमारे शरीर के पाचनतंत्र को संतुलित करने और गर्मी से होने वाली बेचैनी को कम करने में सहायक होते हैं।

पुदीना-बेल-आंवला: पुदीना शरीर को ताजगी देता है और गर्मी के कारण होने वाली थकान तथा भूख की कमी होने वाली समस्याओं को कम करने में मदद करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सदियों से गर्मी और लू से बचने के लिए बेल का शर्बत पिया जाता रहा है। फाइबर और खनिज से भरपूर बेल में शरीर को गर्मी से लड़ने के लिए अनेक तत्व होते हैं, जो हमारे पाचनतंत्र से लेकर शरीर की ऊर्जा तक को महफूज रखते हैं। गर्मी से लड़ने में कारगर औषधीय फल आंवला भी है। बढ़ती गर्मी और बदलते मौसम के बीच संक्रमणों से बचाव के लिए भी यह बेहद उपयोगी है।

बरतें ये सावधानी: यह समझना जरूरी है कि ये फल और हर्ब्स, हीट वेव का इलाज नहीं करते केवल उससे बचाव में सहायक होते हैं। इसलिए किसी व्यक्ति को तेज बुखार, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी या हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखाई दें तो उसे केवल घरेलू उपायों पर निर्भर रखना खतरनाक हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सीय सहायता लेना जरूरी है। *

डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

गर्मी की वजह से जब होने लगें घमौरियां

मेरी उम्र 28 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे शरीर पर घमौरियां निकल रही हैं। चेहरे, गले पर भी लाल-लाल दाने निकल आए हैं। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।

-सोहम, रोहतक

हाल में मौसम में काफी उतार-चढ़ाव हुआ है। तापमान कम और ज्यादा हुआ है। सामान्य तौर पर इस तरह बारिश में होता है। अधिक पसीना आने की वजह से घमौरियां होती हैं और तब इस तरह की परेशानी शुरू हो जाती है। इससे राहत के लिए जब भी बाहर से घर लौटें तो पसीने को तुरंत साफ कपड़े से पोछें और स्किन को ड्राय करें। आप घमौरी वाला पावडर भी लगा सकते हैं और संभव हो तो धूप में कम निकलें, जिससे पसीना कम आएगा।

मेरी उम्र 45 वर्ष है। कुछ हफ्ते पहले अचानक मेरे सिर में दाहिनी तरफ तेज दर्द हुआ। तब पेन-किलर लेने पर यह दर्द ठीक हो गया था। उसके बाद से बीच-बीच में उसी जगह दर्द होता रहता है। कृपया बताएं, ऐसा क्यों हो रहा है?

-अविनाश, रायपुर

सबसे पहले आप अपनी आंखों की जांच करवाएं। कई बार आंख कमजोर होने की वजह से दर्द शुरू हो जाता है। अगर आपकी आई साइट ठीक है तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच कराए कोई भी ट्रीटमेंट न कराएं।

मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द और चुभन जैसा फील होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?

-प्रशांत, जांजगीर

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको टॉन्सिल की प्रॉब्लम है, जिस वजह से चुभन महसूस हो रही है। बेहतर होगा कि एक बार आप ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वे जांच करके पता लगाएंगे, उसके बाद ट्रीटमेंट किया जाएगा। इस दौरान आप ठंडा पानी या कोई भी फ्रिज में रखी ठंडी चीज बिल्कुल न खाएं न पिएं।

मेरी उम्र 53 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे दाहिने पैर में सूजन दिख रही है। दर्द भी होता है। कृपया कोई उपचार बताएं।

-मुकेश, कांकेर

क्या आपके पैर में कभी चोट लगी थी? क्योंकि इस तरह की समस्या कई बार चोट लगने से होती है। अगर ऐसा है तो आपको एक्स-रे करवा लेना चाहिए, जिससे कारण पता चलेगा। फिलहाल आप पैर में सिंकाई कर सकते हैं और वजन उठाने का काम ना करें। तेज वॉकिंग या रनिंग भी बिल्कुल न करें।

मेरी उम्र 48 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरे हाथ-पैर के नाखूनों का रंग बिल्कुल सफेद दिखने लगा है। वे रूखे भी दिखते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा?

-दिवाकर, बिलासपुर

इस समस्या को सुनकर लग रहा है कि आपको कैल्शियम की कमी है। इस वजह से नाखून सफेद पड़ने लगते हैं। आपको कैल्शियम की दवा लेनी होगी। बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर आप पहले कैल्शियम की जांच कराएं और डॉक्टर जो दवा प्रिसक्राइब करें, उसे रेग्युलर लें। दवा आपको लंबे समय तक लेनी पड़ेगी। इसमें लापरवाही न बरतें।

मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे लंच और डिनर के साथ सलाद खाना बहुत पसंद है। क्या खाना खाने के पहले सलाद खाना ज्यादा फायदेमंद होता है?

-रचित, दुर्ग

खाने के साथ आपको जरूर सलाद खाना चाहिए। अगर आप खाने से पहले सलाद खा लेते हैं तो इससे आप खाना कम खाएंगे और पेट में फाइबर ज्यादा पहुंचेगा। डाइजेशन सिस्टम के लिए ठीक रहेगा। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

90 मिनट का रोमांच, सदियों का इतिहास, दिग्गजों ने फीफा को बनाया खास

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप सिर्फ 90 मिनट के खेल और ट्रॉफी जीतने की कहानी नहीं है, यह उन खिलाड़ियों के नाम भी दर्ज करता है, जिन्होंने मैदान पर ऐसे रिकॉर्ड बनाए, जिन्हें तोड़ना आसान नहीं होगा। किसी ने तीन बार विश्व कप की ट्रॉफी उठाकर इतिहास रच दिया, तो किसी ने पांच अलग-अलग संस्करणों में गोल दागकर अपनी छाप छोड़ी। ब्राजील के पेले से लेकर अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो तक, इन दिग्गजों ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जो उन्हें हमेशा के लिए खास बनाती हैं।

पेले से मेसी-रोनाल्डो तक खास क्लब में शामिल खिलाड़ी

पेले : 3 बार विश्व कप जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी

ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के नाम फीफा वर्ल्ड कप जीतने का ऐसा रिकॉर्ड दर्ज है, जिसकी बराबरी अब तक कोई खिलाड़ी नहीं कर पाया है। पेले ने 1958, 1962 और 1970 में ब्राजील के साथ विश्व कप का खिताब जीता था। सिर्फ 17 साल की उम्र में 1958 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने वाले पेले ने अपने करियर में फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अलग ही छाप छोड़ी।



लियोनल मेसीः गोल्डन बॉल का अनोखा रिकॉर्ड

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी फीफा वर्ल्ड कप में दो बार गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। लियोनल मेसी ने पहली बार 2014 विश्व कप में यह सम्मान हासिल किया था। इसके बाद 2022 में अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाने के दौरान भी उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

रोनाल्डो : 5 वर्ल्ड कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी

पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप में ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो किसी और खिलाड़ी के नाम नहीं है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो पांच अलग-अलग विश्व कप संस्करणों में गोल करने वाले पहले और अब तक के इकलौते खिलाड़ी हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 विश्व कप में गोल किए थे।

दो पीढ़ियां : पिता के बाद अब बेटा विश्व कप में



नॉर्वे के एर्लिंग ब्रॉट हालैंड फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके साथ ही वह अपने पिता अल्फ-इंगे हालैंड की तरह विश्व कप खेलने वाले परिवार की दूसरी पीढ़ी बन जाएंगे। अल्फ-इंगे हालैंड ने 1994 फीफा वर्ल्ड कप में नॉर्वे का प्रतिनिधित्व किया था।

गिलबर्टो मोरा और क्रेग गॉर्डनः सबसे युवा और सबसे उम्रदराज

विश्व कप में उम्र भी कई बार रिकॉर्ड की कहानी लिखती है। मैक्सिको के गिलबर्टो मोरा फीफा वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह 17 साल 240 दिन की उम्र में विश्व कप खेलेंगे। वहीं स्कॉटलैंड के क्रेग गॉर्डन 43 साल 162 दिन की उम्र में विश्व कप खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों में शामिल होंगे।

लास्जलो किसः सबसे तेज हैट्रिक गोल

फीफा वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे तेज हैट्रिक का रिकॉर्ड हंगरी के लास्जलो किस के नाम है। लास्जलो किस ने 1982 विश्व कप में एल सल्वाडोर के खिलाफ सिर्फ सात मिनट के अंदर तीन गोल दागे थे। किस ने 69वें से 76वें मिनट के बीच यह उपलब्धि हासिल की थी।

चोट से उबरकर ट्रेनिंग पर लौटे मैनुअल नूएर

बर्लिन। जर्मनी की फुटबॉल टीम को फीफा वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले बड़ी राहत मिली है। टीम के अनुभवी गोलकीपर मैनुअल नूएर चोट से उबरकर पूरी ट्रेनिंग में लौट आए हैं। जर्मनी अपना पहला मैच 14 जून को ह्यूस्टन में कुराकाओ के खिलाफ खेलेगा और नूएर इस मुकाबले में मैदान पर उतर सकते हैं। नॉर्थ कैरोलिना में जर्मनी के बेस कैंप में आयोजित एक सार्वजनिक ट्रेनिंग सत्र के दौरान करीब 3,000 प्रशंसकों ने नूएर का जोरदार स्वागत किया। लंबे समय बाद उन्हें पूरी ट्रेनिंग करते देखकर फैंस काफी उत्साहित नजर आए। जर्मनी के मुख्य कोच जूलियन नेगल्समैन ने भी संकेत दिए हैं कि नूएर पहले ग्रुप मैच में खेलने के लिए तैयार हैं।

अर्जेन्टीना ने आइसलैंड को 3-0 से हराया

ऑबर्न। लियोनल मेस्सी अपने छठे विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनके पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत गत चैंपियन अर्जेन्टीना ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले अपने अंतिम तैयारी मैच में आइसलैंड को 3-0 से हराया। मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद अर्जेन्टीना के कप्तान मेस्सी इस मुकाबले के दौरान 20 मिनट तक मैदान पर रहे। अपने 39वें जन्मदिन और छठे विश्व कप से कुछ दिन पहले मेस्सी ने मुकाबले की शुरुआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की। मेस्सी 70वें मिनट में मैदान पर उतरे और लोटारो मार्टिनेज के खिलाफ फाउल के लिए मिली पेनल्टी को 72वें मिनट में गोल में बदला। मेस्सी 117 गोल के साथ अर्जेन्टीना की ओर से सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं।

राइट-बैक पर खेलने को तैयार इबानेज

ब्राजील। ब्राजील फुटबॉल टीम के डिफेंडर रोजर इबानेज ने कहा है कि अगर टीम प्रबंधन उन्हें मौका देता है तो वह आगामी फीफा वर्ल्ड कप 2026 में राइट-बैक की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आमतौर पर सेंटर-बैक के रूप में खेलने वाले इबानेज का कहना है कि टीम की जरूरत के हिसाब से वह किसी भी पोजीशन पर खेलने के लिए तैयार हैं। ब्राजील की टीम को हाल ही में बड़ा झटका लगा है। युवा खिलाड़ी वेस्ली फ्रैंका चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इसके बाद टीम में राइट-बैक की जगह को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अनुभवी खिलाड़ी डैनिलो इस भूमिका के लिए सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। हालांकि, इबानेज भी इस पोजीशन पर खेल सकते हैं और उन्हें एक अच्छे विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। जब इबानेज से पूछा गया कि वेस्ली की जगह कौन लेगा, तो उन्होंने कहा, मेरी पोजीशन तय करना कोच का काम है। मैं सिर्फ इतना जानता हूं कि जहां भी टीम को मेरी जरूरत होगी, मैं वहां खेलने के लिए तैयार हूं।

जेमिमा ने कहा- तेंदुलकर सर की सलाह से एकाग्रता में मिली मदद

एजेंसी ▸▸| मुंबई

बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का कहना है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के एक फोन कॉल ने उन्हें एकाग्रता वापस पाने में मदद की क्योंकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में खेली गई अपनी यादगार पारी के बाद वह काफी भावुक और उत्साहित थीं। उन्होंने कहा कि तेंदुलकर सर की सलाह ने

उन्हें एकाग्रता बनाए रखने में मदद की। जेमिमा ने कहा, ' सचिन सर ने मेरे कोच प्रशांत शेट्टी को फोन किया। उन्होंने उनसे कहा कि वह मुझे बताएं कि वह समझते हैं कि पिछले कुछ दिन मेरे लिए बहुत भारी रहे हैं, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी पारी खेलना, उन्हें हराने की खुशी।' उन्होंने कहा, ' लेकिन उन्होंने मुझे याद दिलाया कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है। हमें अब भी फाइनल जीतना था। उन्होंने कहा, 'उसे एक तरफ रखने की कोशिश करो और शून्य से शुरुआत करो'।

मेरा सफर महिला क्रिकेट की प्रगति को दर्शाता : मिताली

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा कि उनका सफर देश में महिला क्रिकेट की उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है, जिसमें सीमित मौकों से लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनना शामिल है। मिताली ने कहा कि उनका व्यक्तिगत सफर देश में इस खेल के विकास की कहानी भी है। मिताली ने कहा कि अनुकूलन क्षमता, परिस्थितियों की समझ और सीखने की इच्छा ऐसी खूबियां हैं, जो भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगी। मिताली ने कहा, 'कई बार हम बहुत मेहनत करते हैं और महसूस करते हैं कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है लेकिन फिर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिनके लिए हम तैयार नहीं होते। यदि आप अपने आसपास के माहौल और परिस्थितियों को समझते हैं तो उनके अनुसार खुद को ढालने की बेहतर स्थिति में होंगे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

// तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	PRO- 289 Date- 10/06/2026 Tender Id no. 2026_UAD_514782_1	संभाग क्र. 09 लालमाटी अंतर्गत सेठ गोविंददास वार्ड क्रमांक 47 में छोटी संतोषी माता मंदिर से मच्छू होटल मैन रोड की ओर तक नाला निर्माण कार्य।	04 माह (वर्षाकाल छोड़कर) 19.20/-	2,000/- 14,400/-	22/06/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
जबलपुर

12 वर्षों की राष्ट्रसेवा और समर्पण को नमन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का

प्रदेश के 8.5 करोड़ नागरिकों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से

हार्दिक आभार और अभिनंदन

आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

सादर प्रणाम

भारतवर्ष के प्रधानमंत्री के रुप में आपके यशस्वी नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश की समस्त जनता तथा अपनी ओर से आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। आपके दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विगत वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, डिजिटल नवाचार, आधारभूत संरचना निर्माण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। आपके इस स्वर्णिम कार्यकाल की एक प्रमुख विशेषता, विश्व अर्थव्यवस्था के पटल पर भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन के रुप में उभरना रहा है। रुस यूक्रेन संकट में ऑपरेशन गंगा, कोविडकाल में वैक्सीन मैत्री, जी-20 की अध्यक्षता इन सभी में भारत एक वर्ल्ड लीडर के रुप में सामने आया है। आतंकवाद के विरुद्ध आपकी जीरो टॉलरेंस सभी ने देखी। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद बालाकोट स्ट्राइक और पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर, हर बार आपके मजबूत नेतृत्व में भारत ने दुश्मन को करारा जवाब दिया है।

आपके मन में देश के गरीब, किसान, मध्यम वर्ग के लोगों के लिये गहन संवेदना है। यही कारण है कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। आज पूरे देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। आपने 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के मकान देकर उनका पक्की छत का सपना साकार किया है। जल जीवन मिशन से नल से जल की व्यवस्था हुई है। देश के अन्नदाता के प्रति आपकी सोच का ही परिणाम है कि पीएम किसान सम्मान निधि में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में जा चुकी है।

नारी सशक्तिकरण के लिये आपके प्रयास हम सब के लिये अनुकरणीय है। लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिये आपकी प्रतिबद्धता और समर्पण वंदनीय है। पिछले 12 वर्षों में आपने नारी सशक्तिकरण के लिये पीएम उज्ज्वला योजना, स्व-सहायता समूहों का गठन, लखपति दीदी, पीएम सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं की सौगात दी। आज देश में 48 प्रतिशत स्टार्टअप्स में महिला निदेशक हैं।

प्रदेश को हमेशा पल-पल पर आपका मार्गदर्शन स्नेह और आशीर्वाद मिला है। आपने मध्यप्रदेश को केन- बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती - कालीसिंध - चंबल लिंक परियोजना जैसी सिंचाई परियोजनाओं की सौगात दी है, आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश औद्योगिकीकरण के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। फरवरी 2025 में आपने स्वयं पधार कर भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का उद्घाटन कर हमें अनुग्रहीत किया था। पिछले 2 वर्षों में प्रदेश को 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और तेजी से ये धरातल पर उतर रहे हैं। आपके ही कर कमलों से धार में देश के पहले टेक्सटाइल पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन आपके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े में सम्पन्न हुआ।

आपका आशीर्वाद मध्यप्रदेश को सभी क्षेत्रों में मिला है। आपने सड़क अधोसंरचना में मध्यप्रदेश को बड़ी सौगातें दी हैं। आपने 136 कि.मी. लंबे लगभग 3 हजार करोड़ रुपये लागत से उज्जैन- गरोठ ग्रीन फील्ड हाईवे का निर्माण कराया जिससे इंदौर एवं उज्जैन के लोगों को दिल्ली से कनेक्टिविटी मिली। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल 22 कि.मी. टाइगर कॉरिडोर, भोपाल- कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति, 6-लेन आगरा - ग्वालियर राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर की परियोजना की स्वीकृति प्रदान की। आपके द्वारा प्रदेश को दी गई कई सड़क परियोजनायें प्रगतिरत हैं।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में वर्ष 2026 "कृषक कल्याण वर्ष" के रुप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष गेहूं में समर्थन मूल्य पर 13.42 लाख किसानों द्वारा 104.36 लाख मे. टन गेहूं विक्रय किया गया है। यह विगत 10 वर्षों में सर्वाधिक है। भावान्तर योजना के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादक लगभग 6 लाख 86 हजार किसानों के खाते में लगभग 1 हजार 454 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया है।

आपके नेतृत्व में गरीबों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में मध्यप्रदेश लगातार कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास (शहरी) में 9 लाख से अधिक हितग्राहियों को अपना पक्का घर मिला है वहीं प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) में 54.08 लाख नागरिकों को आवास मिले हैं। आवास पूर्णता में संख्यात्मक रुप में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में प्रदेश में 15.94 लाख प्रकरणों में 2697 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है। इस योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से प्रगति हुई है। प्रदेश में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 14 से बढ़कर 19 तथा निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 12 से बढ़ कर 14 हो गई है। इसी तरह से भारत की परम्परागत चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का भी आपके मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विस्तार कर रही है। वर्तमान में प्रदेश में 7 शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय हैं तथा 8 नए कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं। आपकी राष्ट्र को स्वास्थ्य क्षेत्र में दी गई सबसे बड़ी सौगात "आयुष्मान भारत" में जनसंख्या अनुपात में आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।

आप ने इन 12 वर्षों में भारत वर्ष के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक विरासत को भी पुन: जागृत किया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र की चेतना का जागरण है। आपके द्वारा काशी विश्वनाथ धाम, श्री महाकाल महालोक, केदारनाथ धाम एवं सोमनाथ धाम का विकास वर्तमान पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अद्भुत प्रयास है। वर्ष 2014 में आपके प्रयास से संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी। आज 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग को अपना चुके हैं। यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति को मिली विश्व की सबसे बड़ी मान्यता है।

आपके कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व में पूरे भारत वर्ष में मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था, उसे मध्यप्रदेश ने भी प्राप्त कर लिया। यह आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि दशकों से चली आ रही एक राष्ट्रीय समस्या का उन्मूलन संभव हो सका। अब आपके मार्गदर्शन में नक्सल प्रभावित गाँवों के त्वरित विकास के लिये माइक्रो डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र ने देश एवं प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में भारत अमृतकाल के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए विश्व में और अधिक गौरवशाली स्थान प्राप्त करेगा।

सादर !

भवदीय

(डॉ. मोहन यादव)
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11032/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026



आपदा के बाद सुरक्षा प्रबंधन पर सवाल

आंधी में टूटा तार बना मासूम की मौत का कारण

जबलपुर। बारिश, आंधी और तूफान के बाद बिजली व्यवस्था की सुरक्षा को लेकर किए जाने वाले दावों पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जबलपुर जिले के गौर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड क्रमांक 67 के कुड़रिया गांव में टूटे बिजली तार की चपेट में आने से 7 वर्षीय मासूम श्लोक कनौजिया की मौत ने न केवल एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, बल्कि आपदा के बाद बिजली सुरक्षा प्रबंधन की वास्तविक स्थिति भी उजागर कर दी है। मंगलवार को क्षेत्र में आई तेज आंधी और बारिश के दौरान बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए थे और तार नीचे लटकने लगे थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस खतरे की जानकारी बिजली कंपनी के अधिकारियों को लगातार दी गई थी, लेकिन समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि अगले ही दिन एक मासूम बच्चे को अपनी जान गंवानी पड़ी।

शौच के लिए गया था बच्चा, वापस नहीं लौटा

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह ग्राम कुड़रिया निवासी संदीप कनौजिया का सात वर्षीय पुत्र श्लोक कनौजिया घर के पीछे खेत में शौच के लिए गया था। काफी समय तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान श्लोक खेत के पास गिरे बिजली तार के निकट अचेत अवस्था में मिला। परिजन तत्काल उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया।

बड़ा सवालः आंधी के बाद बिजली लाइनों की जांच क्यों नहीं हुई

यह घटना कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े करती है। हर वर्ष मानसून और आंधी-तूफान के मौसम में बिजली के खंभे गिरने, तार टूटने और करंट फैलने की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या खराब मौसम के बाद बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया था? क्या गिरे हुए खंभों और टूटे तारों की जानकारी मिलने के बाद बिजली आपूर्ति बंद की गई थी? क्या अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया? यदि ग्रामीणों द्वारा पहले ही खतरे की सूचना दे दी गई थी तो फिर सुधार कार्य में देरी क्यों हुई? इन सवालों के जवाब अब तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।

सिर्फ हादसा नहीं, चेतावनी भी

विशेषज्ञों का मानना है कि आंधी और बारिश के बाद बिजली के तार सबसे बड़ा खतरा बन सकते हैं। कई बार तारों में करंट होने की जानकारी आम लोगों को नहीं होती और वे अनजाने में उसकी चपेट में आ जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों, पगडंडियों और खाली स्थानों पर गिरे बिजली तार विशेष रूप से खतरनाक होते हैं क्योंकि वहां बच्चों और पशुओं की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे में बिजली विभाग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि शिकायत मिलते ही तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे।

शिकायतों को किया गया नजरअंदाज

स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में बिजली तारों के लटकने और खंभों के कमजोर होने की शिकायतें पहले भी की जा चुकी थीं। आंधी के बाद स्थिति और गंभीर हो गई थी, लेकिन अधिकारियों ने इसे प्राथमिकता नहीं दी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते तारों की मरम्मत कर दी जाती या प्रभावित क्षेत्र की बिजली काट दी जाती तो श्लोक की जान बचाई जा सकती थी। यही कारण है कि घटना के बाद लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

गौर के कुडारी गांव में हादसा : बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

खंबे के सपोर्ट तार में करंट से मासूम की मौत

जबलपुर। शहर के गौर पुलिस चौकी के अंतर्गत रानी अवंती बाई वार्ड क्रमांक 67 में स्थित कुड़रिया ग्राम में बुधवार की सुबह बिजली खंभे के सपोर्टिंग तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे को लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजली कंपनी के अधिकारियों को लगातार सूचना दी जा रही थी लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया जिसके चलते एक मासूम की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे पुलिस दल ने मौका मुआयना के बाद बालक के शव को पीएम के लिए रवाना किया तथा मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। इस संबंध में जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह ग्राम कुड़रिया गौर निवासी संदीप कनौजिया का सात वर्षीय बेटा श्लोक कनौजिया सुबह घर के पीछे खेत में शौच के लिए गया हुआ था। बताया जाता है कि बच्चे ने वहां से लौटते समय उक्त तार छू लिया जिससे उसे बिजली का तेज झटका लगा और वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पडा। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा तो घर वालों ने जाकर देखा तो श्लोक बिजली तार के चपेट में आने से अचेत पड़ा हुआ था। तत्काल उसे परिजन लेकर निजी अस्पताल पहुंचे जहां परिक्षण के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक इस पूरी घटना पीछे बिजली कंपनी के अधिकारियों की लापरवाही मुख्य कारण है। बिजली के सपोर्टिंग तार में करंट होने की सूचना उन्हें लगातार दी जा रही थी लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते बुधवार को उसकी चपेट में आने से मासूम की मौत हो गई।

120 किमी, घंटे की गति से सफल स्पीड ट्रायल

नई रेल लाइन खंड का संरक्षा निरीक्षण

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में ललितपुर–सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत फुलवारी (कि.मी. 1225.520) से देवेन्द्र नगर (कि.मी. 1232.420) के मध्य निर्मित 6.90 किलोमीटर लंबे नवीन रेल खंड का मध्य वृत (मुंबई) के रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) गुरू प्रकाश द्वारा दिनांक 10 जून 2026 को विस्तृत संरक्षा निरीक्षण एवं गति परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा फुलवारी स्टेशन पर निर्माण संगठन एवं जबलपुर मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर परियोजना से संबंधित अभिलेखों एवं संरक्षा दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। इसके उपरांत मोटर ट्रॉली के माध्यम से फुलवारी से देवेन्द्र नगर के मध्य नवीन रेल खंड का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेलवे संरक्षा आयुक्त ने रेल पथ, पुल-पुलियाओं, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली, विद्युत अधोसंरचना तथा परिचालन व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। इसके साथ ही देवेन्द्र नगर से फुलवारी तक 120 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से निरीक्षण विशेष ट्रेन द्वारा प्रारंभिक परीक्षण किया गया, जो इस खंड की संरचनात्मक मजबूती एवं सुरक्षा मानकों की पुष्टि करता है। देवेन्द्र नगर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं एवं परिचालन व्यवस्थाओं का भी विस्तृत अवलोकन किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाश्मी सहित निर्माण एवं संरक्षा से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जबलपुर मंडल से मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Madhya Pradesh. * Finance at the sole discretion of the financier. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत विक्रेता – जबलपुर : सिंघई टीवीएस, 7970000165, सिंघई टीवीएस ब्रॉच, 7970000191, सिया टीवीएस, 8817400130, 8817400131, नर्मदा टीवीएस, 9644966004, 9644966005, नर्मदा टीवीएस ब्रांच, 9644966022, बालाघाट : सतपुड़ा टीवीएस, 9977700737, 8463876187, कटनी : के 3 टीवीएस, 9425154874, 9407439013, नरसिंह टीवीएस, 6267750761, 9039053881, मंडला : माँ रेवा टीवीएस, 7000415209, 9424140700, नरसिंहपुर : भाटिया टीवीएस, 07792–236299, 9111023411, अर्चित टीवीएस, 9754238888, सिवनी : अर्पित टीवीएस, 7898723789, 8839694100, शहडोल : मनोज टीवीएस, 9826366798, 07652–230912, वैढ़न : प्रिंस टीवीएस, 9826789114, 9098634696, अधिकृत विक्रेता जबलपुर : रांझी 9300122757, 9179612850, बेदी नगर 9993233297, गोसालपुर 9977887566, पनागर 9806240088, सिहोरा 9691022227, 9977973525, मझौली 7898404022, 9827620592, कांचघर 9669328111, अधिकृत विक्रेता डिंडोरी : शाहपुरा 9433027927, गाडासरई 9424508485, अधिकृत विक्रेता बालाघाट : कटंगी 7869691407, अधिकृत विक्रेता कटनी : बहोरीबंद 6260231716, बरही 8349508490, पवई 9425831675, रीठी 6263283508, शाहनगर 9691091510, स्लीमनाबाद 9981827688, उमरिया 9406531622, विजयराघवगढ़ 8251888084, बड़वारा 8770103194, अमरपुर 7582048076, अधिकृत विक्रेता नरसिंहपुर : बरमान 9713721013, 7987583356, गाडरवारा 9406898888, 98266906886, तेंदूखेड़ा 9993618356, 7049545151, गोटेगांव 7049371202, करेली 8889601199, 6264308599, 9926618699, 8720017200, अधिकृत विक्रेता मण्डला : बिछिया 7389911256, 8989607762, नैनपुर 9340547727, 6268900447, अधिकृत विक्रेता सिवनी : बरघाट 8517819200, 9425436764, छपारा 7566040335, 9827676009, केवलारी 9993110847, 9755290608, अधिकृत विक्रेता शहडोल : अमलाई, 9584046909, अनूपपुर 7000656002, ब्योहारी 8861622002, बुढ़ार 9425182091, धनपुरी 9425135035, गोहपारू 7999139906, जयसिंहनगर 9479599510, कोतमा 9424334566, नौरोजाबाद 8319878310, राजेन्द्रग्राम 9770935006, कोतमा 9713923592, मानपुर 9713213171, जैतहरी 8120963160, अधिकृत विक्रेता वैढ़न : निगरी 9630062852, 8085934464, सरई 7470402846, 7697593980, चितरंगी 9407359862, बरगंवा 8085387283, गोनर्रा 9827275805.

dentsu/hb jab/05/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240